रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 28 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-08 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### देवेंद्र यादव की न्यायिक हिरासत 3 सितंबर तक



**रायपुर।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में कोर्ट ने भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। अब देवेंद्र यादव को 3 सितंबर तक जेल में रहना होगा। दरअसल, मंगलवार को सेन्ट्रल जेल से विधायक देवेंद्र यादव को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये सीजीएम अजय खाखा की कोर्ट में पेश किया गया। मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुये विधायक की रिमांड 3 सितंबर तक बढ़ा दी है।

### मायावती छठी बार बसपा अध्यक्ष निर्वाचित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती छठीं बार बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष निर्वाचित हुयी हैं। बसपा दफ्तर में बुलायी गयी पार्टी की केन्द्रीय कार्यकारिणी तथा स्टेट पार्टी यूनिट के वरिष्ठ पदाधिकारियों में निर्णय लिया गया है। बैठक में मायावती को सर्वसम्मति से एक बार फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक का मुख्य एजेण्डा बसपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव होना था, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा ने मायावती को फिर से पार्टी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इस अवसर पर मायावती ने कहा कि ग़ैर-कांग्रेसवाद की तरह ही अब देश की राजनीति ग़ैर-भाजपावाद में उलझ कर रह गयी है।

### शेयर बाजार में मामूली तेजी

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, आईटी, दूरसंचार और टेक समेत ग्यारह समूहों में लिवाली के बावजूद एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और धातु सहित नौ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 13.65 अंक बढ़कर 81,711.76 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.15 अंक की मामूली बढ़त के साथ 25,017.75 अंक पर रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों से अधिक लिवाली बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में हुई।

# ईपीएफओ ने पेंशनरों के साथ की बैठक न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की हुई मांग

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार की पहल पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति के साथ हुई एक बैठक में न्यूनतम पेंशन 7500 प्रति माह और महंगाई भत्ता तथा पति-पत्नी के लिये मुफ्त चिकित्सा सुविधा जैसी प्रमुख मांगों पर चर्चा की गयी। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य पेंशनरों की लंबित मांगों पर चर्चा करना था। उन्होंने कहा कि देशभर में लगभग 77 लाख ईपीएस-95 पेंशनभोगी सरकार द्वारा लागू की गयी नयी यूनीफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) के बाद अपनी न्यूनतम पेंशन बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं। राउत ने कहा कि समिति की ओर से उठाये गये मुद्दों और दिये गये सुझावों पर 15 दिनों के भीतर पुनः बैठक करने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने यह भी स्पष्ट कहा है कि जब सरकार अपने कर्मचारियों के लिये हाल में घोषित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में अपना अंशदान 18.5 प्रतिशत दे रही है, तो ईपीएस-95 में केवल 1.16 फीसदी क्यों? उन्होंने कहा कि यूपीएस में न्यूनतम पेंशन 10000 रुपये करने का प्रावधान है, जबकि गैर सरकारी क्षेत्र के श्रमिक ईपीएफ पेंशन के तहत 7500 रुपये मूल पेंशन की ही मांग कर रहे हैं। समिति के राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि एक ओर यह बैठक ईपीएफओ मुख्यालय में हो रही थी, वहीं दूसरी ओर देशभर में ईपीएफओ कार्यालयों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के नाम ज्ञापन सौंपे जा रहे थे। इस बैठक में अतिरिक्त केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त चंद्र मौली चक्रवर्ती, अपराजिता जग्गी, शुभम अग्रवाल सहित समिति के कई वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहे, जबकि समिति की ओर से कमांडर अशोक राउत, वीरेंद्र सिंह राजावत, राष्ट्रीय सलाहकार पी एन पाटिल, राष्ट्रीय सचिव रमेश बहुगुणा, राजीव भटनागर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बी एस नारखेडे, महिला मोर्चे की राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा आरस और राष्ट्रीय सचिव सरिता नारखेडे शामिल थीं।

## यूपीएस लाना यू टर्न नहीं है : निर्मला सीतारमण



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए लायी गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) कोई यू टर्न नहीं है बल्कि यह पूरी तरह से नई योजना है। सीतारमण ने संवाददाताओं से अनौपचारिक चर्चा में कहा कि इसमें कर्मचारियों की हिस्सेदारी में कोई बढ़ोतरी या कमी नहीं की गयी है बल्कि केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी पहले की 14 प्रतिशत हिस्सेदारी बढ़कर अब 18.5 प्रतिशत हो जायेगी। यूपीएस अगले वित्त वर्ष की शुरूआत से लागू होगी। उन्होंने कहा कि इसमें कर्मचारियों को 25 वर्ष की नौकरी पर 50 प्रतिशत पेंशन मिलेगी। हालांकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मामले में कुछ राहत हो सकती है क्योंकि उनके लिए आरक्षण में सरकारी नौकरी में आने की अधिकतम आयु 37 वर्ष है। ऐसी स्थिति में उनकी नौकरी 25 वर्ष पूरी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से नयी स्कीम है। इसमें पुरानी पेंशन से कोई लेना नहीं है और एनपीएस से भी कोई लेना नहीं है। हालांकि जो लोग अभी एनपीएस में हैं उनको अपने लाभ के अनुसार स्कीम चुनने की सुविधा दी गयी है। वित्त मंत्री ने कहा कि जिस तरह से लोगों नयी कर प्रणाली और रियल एस्टेट के मामले में इंडेक्सेशन से लाभ होगा उसी तरह से इस नयी स्कीम में भी कर्मचारियों को लाभ होगा। लोगों ने पुरानी कर प्रणाली में स्थान पर नयी कर प्रणाली को अपनाने लगे हैं।

## जय शाह होंगे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नये अध्यक्ष

एजेंसी ◄ दुबई
www.dailypioneer.com



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह को निर्विरोध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है। आईसीसी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख थी। जय शाह के अलावा किसी भी अन्य ने इस पद के लिए आवेदन नहीं किया और शाह को निर्विरोध आईसीसी का अध्यक्ष चुन लिया गया। शाह आईसीसी के फाइनेंस और कॉमर्स मामलों की सब-कमेटी का हिस्सा भी हैं। अध्यक्ष चुने जाने पर जय शाह ने कहा, मुझे आईसीसी का चेयरमैन चुनने के लिए सभी का धन्यवाद। मैं क्रिकेट को दुनियाभर में बढ़ाने का काम करता रहूंगा। फिलहाल क्रिकेट के मल्टिफल प्रारुप को बढ़ावा देना जरूरी है। मैं खेल में नई तकनीकी लाने का प्रयास करूंगा, साथ ही विश्वकप जैसी स्पर्धा को दुनिया के बाजार तक भी पहुंचाउंगा। शाह ने आगे कहा, क्रिकेट का ओलिंपिक 2028 में शामिल होना बड़ी उपलब्धि है। इसे हम ओलिंपिक के जरिए दुनियाभर पहचान दिलाएंगे और ज्यादा देशों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उल्लेखनीय है कि आईसीसी के मौजूदा अध्यक्ष न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त होगा। आईसीसी की ओर से 20 अगस्त को बताया था कि बार्कले लगातार तीसरी बार अध्यक्ष नहीं बनेंगे।

## मोदी ने पुतिन से टेलीफोन पर बात की, जेलेंस्की की चर्चा की

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की यात्रा से लौटने के तीन दिन बाद मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से टेलीफोन पर बात की और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ हुई बातचीत पर चर्चा की। मोदी ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति पुतिन से बात हुई। विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा, रूस-यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर मेरी अंतर्दृष्टि पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

## कोलकाता में प्रदर्शनकारियों को रोकने पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें की

एजेंसी ◄ कोलकाता
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रशिक्षु डॉक्टर के दुष्कर्म एवं हत्या के परिप्रेक्ष्य में पीड़िता के लिए न्याय तथा महिला सुरक्षा में गिरावट को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने पर आमादा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें की। गैर-राजनीतिक छात्र समूह 'छात्र समाज' ने 'नवन्ना अविजन' का आह्वान किया था। प्रशासन ने पुलिस की अनुमति नहीं लिये जाने का हवाला देते हुए मार्च को अवैध और गैरकानूनी घोषित कर दिया था। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने रैली निकाली। प्राप्त रिपोर्टों के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने हावड़ा के सतरागाछी में बैरिकेड तोड़ दिया था। यहां के स्टेशन पर रेलवे ट्रैक से पत्थर उठाकर फेंके जाने से कई पुलिसकर्मी घायल हो गये। हावड़ा और कोलकाता में झड़पों में कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। कोलकाता के कॉलेज स्ट्रीट में प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें भी की गयीं। हावड़ा के फोरशोर रोड पर कोना एक्सप्रेस हाईवे पर कुछ और बैरिकेड्स गिरने पर सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज, पानी की बौछारें और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पुलिस ने हावड़ा ब्रिज पर भी राष्ट्रीय तिरंगा लेकर नारे लगा रहे प्रदर्शनकारियों पर इसी तरह की कार्रवाई की। मार्च के आह्वान के मद्देनजर पुलिस ने सचिवालय के चारों ओर 19 जगहों पर बैरिकेडिंग की थी। सचिवालय की इमारत के चारों ओर लगभग छह हजार कर्मियों की बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया था, जिसमें लड़ाकू बल, रैपिड एक्शन फोर्स और बंगाल पुलिस तथा कोलकाता पुलिस के दंगा निरोधक पुलिस ने राज्य सचिवालय तथा हावड़ा और कोलकाता के पड़ोसी इलाकों की ओर जाने वाली सड़कों पर बैरिकेड्स लगा दिए थे।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावः भाजपा ने घोषित किये 29 उम्मीदवारों के नाम

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के द्वितीय और तृतीय चरण के लिये अपने 29 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी और पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के संगठन महामंत्री बी एल संतोष, भाजपा महासचिव तरुण चुघ, भाजपा के चुनाव प्रभारी राम माधव, केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह, जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवीन्द्र रैना आदि उपस्थित थे। इससे पहले भाजपा ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों के प्रथम चरण के लिए 15 उम्मीदवारों के नाम घोषित किये थे।

## भारतीय लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन मानवीय अधिकार है : डॉ महंत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने भिलाई 03 कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस लाठी चार्ज को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्ति की है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, मात्र 08 माह की भाजपा विष्णुदेव सरकार में लचर क़ानून व्यवस्था के चलते सामाजिक समरसता आपसी भाईचारे पर जबर्दस्त ठेस लगा है। प्रदेश भाजपा सरकार अपने राष्ट्रीय एजेंडे फुट डालो राज करो की नीति पर चल रही है। एक ओर बलौदाबाजार की घटना में जिस तरह समाज को समाज में बाँटने की नाकाम साजिश की गयी और देश के इतिहास में पहली बार कलेक्टर, एसपी कार्यालय फूंक दिए गए सरकार और प्रशासन मूकदर्शक बनी रही। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा में चूक फिर उपद्रवियों द्वारा बदसलूकी धक्का-मुक्की उसपर कोई कार्यवाही न होना भाजपा सरकार की नियत और क़ानून वयवस्था पर सवाल खड़ा करता है। दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर सरल तरीके से मांग कर रहे हमारे कांग्रेस कार्यकर्ताओ पर अपराधी की तरह बर्ताव दौड़ा दौड़ा कर पीटा जाना ये कतई बर्दास्त नहीं किया जा सकता। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि, प्रदेश में लगातार विपक्षीय कार्यकर्ताओ के साथ मारपीट कि जा रही है।

## नए आपराधिक कानूनों पर आनंद स्वरूप गुप्ता स्मृति व्याख्यान देंगे शाह

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के 54वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और 'नए आपराधिक कानून नागरिक केन्द्रित सुधार' विषय पर डॉ. आनंदस्वरूप गुप्ता स्मृति व्याख्यान देंगे। गृह मंत्री वर्ष 2023 और 2024 के विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक विजेताओं को सम्मानित भी करेंगे। गृह मंत्री ब्यूरो के प्रकाशन 'इंडियन पुलिस जर्नल' के नए आपराधिक कानूनों पर विशेष संस्करण का विमोचन भी करेंगे। ब्यूरो देश के पुलिस बलों को आवश्यक बौद्धिक, भौतिक और संगठनात्मक संसाधनों से लैस कर पुलिसिंग और आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए उन्हें चुस्त दुरुस्त बल बनाने के प्रति कटिबद्ध है वर्ष 1970 में स्थापना के बाद से ब्यूरो अनुसंधान एवं विकास में पुलिसिंग में उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए भारतीय पुलिस के थिंक टैंक के रूप में कार्य कर रहा है। इस संस्थान का केन्द्रबिन्दु पुलिस एवं सुधारात्मक सेवाओं के लिए नीतियां और कार्य प्रणालियां विकसित करना, नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकियों की खोज करना, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के क्षमता निर्माण और राज्यों तथा केन्द्रीय पुलिस संगठनों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देना है। स्थापना समारोह में केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक, केन्द्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुखों के साथ-साथ गृह मंत्रालय एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

## खड़गे परिवार के ट्रस्ट को भूमि आवंटन किये जाने की हो सीबीआई जांचः भाजपा



**नयी दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के परिवार द्वारा कर्नाटक में नियंत्रित एक ट्रस्ट को पांच एकड़ औद्योगिक भूखंड आवंटित किए जाने की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से करवाने की मांग की। भाजपा ने राज्य सरकार पर आवंटन प्रक्रिया में हेरफेर करने का आरोप लगाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि उद्योगपतियों के लिए बनाई गई यह जमीन खड़गे परिवार के नियंत्रण वाले एक शैक्षणिक ट्रस्ट को गलत तरीके से आवंटित कर दी गई। गौरतलब है कि खड़गे के पुत्र प्रियांक खड़गे और राज्य के भारी एवं मध्यम उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने पहले ही आरोपों को खारिज कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके पुत्र एवं राज्य के मंत्री प्रियांक खड़गे के तत्काल इस्तीफे की मांग की। उन्होंने दावा किया कि यह हितों का टकराव और सत्ता का संभावित दुरुपयोग है। उन्होंने लगाया, खड़गे परिवार को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों में हेराफेरी कर जमीन आवंटित की गई। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए आवंटित भूमि को अनुचित तरीके से एक ऐसे ट्रस्ट को दे दिया गया, जिसकी कोई औद्योगिक पृष्ठभूमि नहीं है।

### बस्तर के शिल्पियों द्वारा बुने गए पीले खादी सिल्क से निर्मित किया गया है विशेष परिधान

## जन्माष्टमी के अवसर पर ननिहाल से भेजे गए विशेष परिधान से सुशोभित हुए अयोध्या में श्रीरामलला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रभु श्री रामलला अयोध्या मे प्राण प्रतिष्ठा के बाद अपनी सम्पूर्ण दिव्यता और आभा से सुशोभित हैं। प्राणप्रतिष्ठा के पश्चात पहली जन्माष्टमी में बस्तर के श्रमसाधकों द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए पीले खादी सिल्क से निर्मित शुभवस्त्र से सुशोभित प्रभु श्री रामलला की अलौकिक छटा दर्शनीय है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पुनीत अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ स्थल में श्रीरामलला को छत्तीसगढ़ में निर्मित पीली खादी सिल्क से निर्मित वस्त्र धारण कराना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यह वस्त्र बस्तर के शिल्पियों द्वारा निर्मित है। दंडकारण्य जहां मर्यादा पुरुषोत्तम ने अपने वनवास का अधिकांश समय व्यतीत किया, वहां से भेजा वस्त्र धारण करने का समाचार वास्तव में भावुक करने वाला है। भांचा श्रीराम की कृपा उनके ननिहाल पर बरसती रहे यही कामना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जहां के लोगों ने भगवान श्रीराम और माता कौशल्या का सदैव प्रेम और आशीर्वाद पाया है, यहां की माटी में आज भी वही दिव्यता है जो भगवान राम के चरणों से पवित्र हुई है। छत्तीसगढ़ जिसे प्रभु श्री राम के ननिहाल होने का गौरव है यहां पग-पग में प्रभु श्री राम की यादें दिखाई पड़ती है। बस्तर अंचल जिसे दंडकारण्य भी कहा जाता है, जहां प्रभु राम ने वनवास काल का अधिकांश समय व्यतीत किया है, वहां के शिल्पियों द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर उनके ननिहाल से भेजा गया विशेष परिधान धारण करना छत्तीसगढ़ के जन-जन के लिए गर्व का क्षण है। मामागांव के परंपरागत वस्त्रों में भांचा राम के सुशोभित होने से सभी छत्तीसगढ़वासियों का हृदय गर्व और असीम आनंद से परिपूर्ण है। यह अद्वितीय वस्त्र हमारी परम्पराओं और संस्कारों का प्रतीक है जो भगवान श्री राम और माता कौशल्या को छत्तीसगढ़ की भूमि से जोड़ता है। यह वस्त्र केवल एक परिधान नही, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा, हमारी अडिग आस्था और भांचा राम के प्रति हमारे प्रेम एवम श्रद्धा का प्रतीक है। भांचा राम के यह वस्त्र केवल धागे से नहीं बल्कि उनके ननिहाल के भक्तों द्वारा श्रद्धा और स्नेह से बुने गए हैं। बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और छत्तीसगढ़ की अनुपम कला को दर्शाते ये वस्त्र छत्तीसगढ़ वासियों की आस्था और समर्पण का प्रतीक भी है। असली स्वर्ण-चूर्ण से हस्तछपाई की गई यह खादी सिल्क, उन अनगिनत घंटों की मेहनत की साक्षी है, जो बस्तर के शिल्पकारों ने भगवान राम के प्रति अपनी अनन्य भक्ति में समर्पित करते हुए बिताए हैं। 'भांचा राम' के रूप में श्रीराम का प्रेम और आशीर्वाद यहाँ के लोगों के हृदय में सदैव प्रवाहित होता रहा है। छत्तीसगढ़ की पावन माटी आज भी उस स्नेह और श्रद्धा को संजोए हुए है, जिससे माता कौशल्या ने अपने पुत्र को संस्कारित किया। यह वही धरती है जहां श्रीराम ने अपने वनवास के समय अपार प्रेम और सम्मान पाया, यहाँ का एक एक कण आज भी भांचा राम और माता कौशल्या की अनुपम गाथा को संजोए हुए है। उल्लेखनीय है कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव का पर्व अयोध्या में अत्यंत भव्य तरीके से मनाया गया। प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात यह पहली जन्माष्टमी है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उमंग देखा गया। जन्मोत्सव के लिए मंदिर की रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक सजावट के साथ ही भोग के लिए पंजीरी, पंचामृत और अनेकों व्यंजन तैयार किये गये। इस पावन अवसर पर कीर्तन, भजन का आयोजन भी किया गया।

## वन मंत्री केदार कश्यप ने किया डीआरजी के जवानों को बाइक वितरण



पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

### राज्य सरकार जवानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है : केदार कश्यप

प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, सहकारिता एवं कौशल विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर जिला के दो दिवसीय प्रवास के दौरान नारायणपुर पुलिस थाना में डीआरजी के जवानों को 150 बाइक वितरण कर नक्सल ऑपरेशन में सफलता प्राप्त करने के लिए जवानों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने जवानों का हाल-चाल पूछा और नक्सल ऑपरेशन में सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूप साय सलाम, कलेक्टर बिपिन मांझी, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डीएफओ सच्चिदानंद के. सहित अधिकारीगण मौजूद थे। मंत्री कश्यप ने जवानों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये मोटरसाइकिलें उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि करेंगी और सुरक्षा अभियानों में सहायता प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हमेशा जवानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है, और यह वितरण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नई दिल्ली में ट्राइबल यूथ हॉस्टल और छत्तीसगढ़ निवास का किया निरीक्षण

## छात्रों से चर्चा कर उनकी पढ़ाई-लिखाई और हॉस्टल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली/रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने नई दिल्ली के द्वारका में स्थित राज्य के ट्राइबल यूथ हॉस्टल का दौरा कर सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान हॉस्टल में रह रहे छात्र-छात्राओं से मुलाकात की और उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने हॉस्टल में मिल रही सुविधाओं के बारे में भी पूछा। इस हॉस्टल में रहकर छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। साव के साथ राज्य शासन में लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह भी इस दौरान मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री साव ने हॉस्टल में निवासरत छात्र-छात्राओं से कहा कि आप सभी हमारे राज्य का भविष्य हैं। सरकार आप लोगों की शिक्षा और विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहें और राज्य के विकास में योगदान दें। राज्य शासन उनके लिए यहां सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के छात्रों की शिक्षा और उनके भविष्य के प्रति गंभीर है और इस दिशा में लगातार कदम उठा रही है। उप मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान छात्रों ने अपनी समस्याएं और चुनौतियां भी साझा कीं। साव ने उनकी समस्याओं को दूर करने तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उप मुख्यमंत्री साव ने ट्राइबल यूथ हॉस्टल के निरीक्षण के बाद द्वारका में ही स्थित छत्तीसगढ़ निवास का भी दौरा किया। उन्होंने वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सुनिश्चित किया कि छत्तीसगढ़ से दिल्ली आने वाले नागरिकों और अधिकारियों के लिए उचित सुविधाएँ उपलब्ध हों। उन्होंने छत्तीसगढ़ निवास के अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के लोगों की सेवा में सदैव तत्पर रहने के लिए निर्देशित किया। साव ने ट्राइबल यूथ हॉस्टल और छत्तीसगढ़ निवास में अधिकारियों को राज्य के छात्रों और नागरिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान के भी निर्देश दिए।



# भोपाल के अचारपुरा में लगेगी 126 करोड़ रूपये की बिना बुना कपड़ा बनाने की इंडस्ट्री

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के अचारपुरा ओद्योगिक क्षेत्र में दुनिया की प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी टीडब्यूई-ओबीटी 126 करोड़ रूपये की बिना बुना कारपेट, रग्स आदि उत्पाद बनाने की इंडस्ट्री लगायेगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कल अचारपुरा में इसका में भूमि-पूजन करेंगे। यह बहुराष्ट्रीय कंपनी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बिना-बुने फेब्रिक और अन्य उत्पाद बनाती है। इस इंडस्ट्री से 250 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। यह इंडस्ट्री अचारपुरा के 38 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्थापित हो रही है और सितंबर 2025 से उत्पादन शुरू हो जायेगा। भारत में यह अपनी तरह की पहली मैन्युफेक्चरिंग यूनिट होगी, जो कि ग्रीन औद्योगिकरण के कीर्तिमान स्थापित करेगी।

### औद्योगीकरण की दिशा में तेजी से बढ़ रहा उज्जैन : यादव

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन औद्योगीकरण की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में टेक्सटाइल उद्योग अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने मालवांचल में टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने एवं उद्योगों में महिला सुरक्षा के लिए भी पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। डॉ यादव ने उज्जैन के नागझिरी स्थित बेस्ट लाइफ स्टाइल इंडस्ट्रीज (वस्त्र उद्योग) का भ्रमण किया। उन्होंने यहां लगभग 1000 से अधिक महिलाओं द्वारा किए जा रहे वस्त्र निर्माण के कार्यों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कार्यरत महिलाओं से आत्मीय चर्चा कर उनके कार्य की सराहना भी की। डॉ यादव ने मशीन भी चलाई। उद्योग में कार्यरत लगभग 1000 से अधिक महिलाओं ने मुख्यमंत्री को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया।

# निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अमेरिका जायेंगे स्टालिन

एजेंसी < चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के वास्ते मंगलवार की रात अमेरिका के लिए रवाना होंगे। स्टालिन 17 दिनों के लिए अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे और आगामी 12 सितंबर को उनकी वापसी की उम्मीद है। स्टालिन अमेरिका में निवेशकों, उद्योगपतियों और व्यापारियों से मिलेंगे और तमिलनाडु में निवेश करने के लिए उनसे बातचीत करेंगे।

उनकी यात्रा के दौरान कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की भी उम्मीद है। वह सैन फ्रांसिस्को से शुरुआत करेंगे और 2030 तक तमिलनाडु को एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निवेशकों से मिलने के लिए शिकागो भी जायेंगे। उनके अमेरिका में तमिल प्रवासियों से मिलने और बातचीत करने की भी उम्मीद है। राज्य के उद्योग मंत्री टी आर बी राजा पहले ही अमेरिका पहुंच चुके हैं और संभावित निवेशकों और उद्योग जगत के नेताओं के साथ प्रारंभिक बैठकें कर चुके हैं। मई 2021 में पहली बार मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद स्टालिन की यह तीसरी विदेश यात्रा होगी।



इससे पहले उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात, स्पेन, सिंगापुर और अन्य देशों का दौरा किया था और निवेशकों के साथ समझौते किए थे। पिछले तीन वर्षों में राज्य ने 09 लाख 74,000 करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित किया है, जिससे 31 लाख लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन हुआ है। स्टालिन ने कुछ दिन पहले टीएन निवेश सम्मेलन का उद्घाटन किया, जिसमें उन्होंने 17,616 करोड़ रुपये की 19 परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इससे 64,968 लोगों को रोजगार मिलेगा। और 51,157 करोड़ रुपये की 28 अन्य परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जिसमें 41,835 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुल 1,06,803 लोगों को रोजगार मिलेगा। उपरोक्त के संबंध में अधिकांश समझौता ज्ञापनों पर इस वर्ष जनवरी में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएम) के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। जीआईएम में 6.64 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए कुल 631 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसके माध्यम से 14 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रूप से और 12 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। अमेरिका यात्रा से पहले स्टालिन ने अपने कैबिनेट सहयोगियों, वरिष्ठ पार्टी नेताओं, सांसदों और विधायकों के साथ मरीना बीच फ्रंट पर पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि और सी एन अन्नादुरई स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एसजीपीसी ने इमरजेंसी फिल्म के निर्माताओं को भेजा कानूनी नोटिस

वार्ता < अमृतसर
www.dailypioneer.com

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिखों के चरित्र और इतिहास को गलत तरीके से पेश करने वाली कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' फिल्म के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजकर सिख विरोधी भावनाओं को पेश करने वाले आपत्तिजनक दृश्यों को हटाने को कहा है। एसजीपीसी के कानूनी सलाहकार एडवोकेट अमनबीर सिंह सियाली द्वारा भेजे गये नोटिस में कंगना रनौत समेत फिल्म के निर्माताओं से कहा गया है कि वे 14 अगस्त 2024 को रिलीज होने वाले ट्रेलर को सार्वजनिक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटा दें और सिख समुदाय से लिखित माफी मांगें। एसजीपीसी सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि जैसे ही कंगना रनौत की इमरजेंसी फिल्म का मामला संज्ञान में आया, सिख संस्था एसजीपीसी ने सिख भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हुये इसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि इस फिल्म पर कड़ी आपत्ति जताते हुए केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी को इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाने के लिये अलग-अलग पत्र लिखे गये हैं। सिंह ने कहा कि एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के निर्देशानुसार कंगना रनौत सहित इस फिल्म के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद कई सिख विरोधी दृश्य सामने आये हैं, जिससे सिख समुदाय की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है।

फिल्म में जून 1984 के नरसंहार के शहीद जरनैल सिंह खालसा भिंडरावाले सहित सिखों के चरित्र को दर्शाकर सिखों को आतंकवादी और अलगाववादी दिखाने का प्रयास किया गया है, जो अस्वीकार्य और सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से सिख समुदाय में भारी रोष है, जिसके चलते एसजीपीसी द्वारा कानूनी कार्रवाई शुरू की गयी है।

उन्होंने कहा कि अगर कंगना रनौत और फिल्म निर्माताओं द्वारा फिल्म से आपत्तिजनक सिख विरोधी दृश्यों को नहीं हटाया गया तो उनके खिलाफ हर स्तर पर कड़ा विरोध करने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

# मोदी से मिले विजयन, विशेष राहत पैकेज की मांग की



**नयी दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विजयन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की है। विजयन राजधानी दिल्ली पहुंचे थे। दोनों नेताओं की भेंट के दौरान क्या बातचीत हुई इस बारे में आधिकारिक तौर पर अभी कुछ नहीं कहा गया है लेकिन सूत्रों का कहना है कि विजयन ने राज्य के वायनाड जिले में पिछले महीने भूस्खलन के कारण हुई जानमाल की हानि की भरपाई के लिए राज्य को विशेष राहत पैकेज देने की मांग की है। केरल सरकार ने भूस्खलन के कारण करीब दो हजार करोड़ रूपये के नुकसान का आकलन किया है। केरल सरकार ने वायनाड में स्थिति सामान्य बनाने के लिए पहले 900 करोड़ रूपये के शुरूआती पैकेज की मांग की थी।

# श्रीलंकाई नौसेना ने आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**रामेश्वरम।** श्रीलंकाई नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) का उल्लंघन करने के आरोप में तमिलनाडु के आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका जब्त कर ली है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तमिलनाडु के मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम के कारण पिछले कुछ दिनों तक समुद्र से दूर रहने के बाद 3,500 से अधिक मछुआरे सोमवार सुबह रामेश्वरम से मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे। वे जब बीच समुद्र में आईएमबीएल के निकट मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने सीमा रेखा के उल्लंघन का आरोप लगाकर आठ मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौका जब्त कर ली।

# उत्तराखंड एसटीएफ ने सूरत से पकड़ा साइबर ठग

एजेंसी < देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की देहरादून साइबर थाना पुलिस ने साइबर धोखाधडी के एक मामले में वांछित एक अभियुक्त को गुजरात प्रदेश के सूरत से गिरफ्तार किया है। यह ठग हरिद्वार जनपद के रुडकी निवासी एक पीडित के साथ की गयी 43 लाख से अधिक धनराशि की धोखाधडी के मामले में वांछित है। अभियुक्त को बीते 23 अगस्त में सूरत से गिरफ्तार कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही पश्चात, मंगलवार को एसटीएफदेहरादून लेकर पहुंची है। एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि रुडकी निवासी पीड़ित द्वारा जून माह में एक अभियोग साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन देहरादून पर पंजीकृत कराया। जिसमें पीडित द्वारा बताया गया कि उसके इंस्टाग्राम आईडी पर स्टॉक ट्रेडिंग की जानकारी सम्बन्धी एक विज्ञापन आया। उसे व्हाटसेप ग्रुप फॉर्च्यून एलायंस 701 एवं एसवीआईपी-2717 से भी जोड दिया गया। जिसमें उसे स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश करके अच्छा खासा मुनाफा कमाने का प्रलोभन दिया जाने लगा। पीड़ित की शिकायत के अनुसार, कम निवेश कर, अधिक मुनाफा कमाने के दिये जा रहे प्रलोभनों के जाल में फंसाते हुए ग्रुप में दी गई जानकारी के तहत एक वेबसाइट उपलब्ध कराई गई। उसके आधार कार्ड व पेन कार्ड आदि की प्रतियां ली गई तथा उक्त वेबसाइट पर ही प्रार्थी का एक खाता खोला गया। अग्रवाल ने बताया कि पीड़ित को उक्त लोगों ने लाख दिया कि उसके द्वारा किये गये निवेश का जितना भी मुनाफा होगा, वह उसके खाते में जमा होगा। जिसके बाद उक्त लोगों के द्वारा उसे विश्वास में लेकर तथा अपने प्रलोभन के जाल में फंसा कर मेरठ, गुजरात, पश्चिम बंगाल स्थित विभिन्न बैंक खातों में पैसा जमा करवाया गया। उक्त वेबसाइट पर स्टॉक ट्रेडिंग निवेश से प्रार्थी के खाते में 1,80.56,050/- मुनाफा रकम दर्शायी गई तथा 23 मई को 2,26,25,365/- मुनाफा रकम दर्शायी गई। जिससे पीड़ित को विश्वास हो गया कि उक्त स्टॉक ट्रेडिंग से काफी मुनाफा हो रहा है। इस प्रकार पूर्ण विश्वास में लेकर साइबर ठगों के द्वारा उसे अधिक से अधिक धनराशि निवेश कर मुनाफा कमाने का प्रलोभन दिया गया। एसएसपी, एसटीएफ ने बताया कि इस तरह इन साइबर ठगों ने पीड़ित से धीरे, धीरे 43 लाख 11 हजार रुपये की धोखाधडी को अंजाम दे दिया गया।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच में पता चला कि अभियुक्तगणों द्वारा ठगी गयी धनराशि को विभिन्न बैंक खातों में स्थानान्तरित किया गया। उन्होंने बताया कि पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर, इस अभियोग में वांछित एक अभियुक्त समीर दिलावर पटेल पुत्र दिलावर पटेल, उम्र 20 वर्ष को श्रीराम चौक, अमरोली, सूरत (गुजरात) से बीते 23 अगस्त को गिरफ्तार किया गया है।

# पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास एवं वित्त निगम ने स्वरोजगार के लिये 1.11 करोड़ रुपये के ऋण प्रदान किये

**जालंधर।** पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास एवं वित्त निगम ने वर्ष 2023-24 के दौरान जिले के अनुसूचित जाति से संबंधित 210 पात्र लाभार्थियों को 1.11 करोड़ रुपये के ऋण प्रदान किये हैं। उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास एवं वित्त निगम अनुसूचित जाति के लोगों को स्वरोजगार के लिये विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण उपलब्ध कराता है। वर्ष 2023-24 के दौरान निगम ने 210 लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए एक करोड़ 11 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया, जिस पर क्षेत्रीय कार्यालय जालंधर द्वारा कुल 52.33 लाख रुपये की सब्सिडी जारी की गयी है।

बैंक टाई-अप योजना के तहत 198 पात्र लाभार्थियों को 81 लाख रुपये और राष्ट्रीय अनुसूचित लागत वित्त विकास निगम योजना के तहत 12 पात्र लाभार्थियों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिये 30 लाख रुपये, जिस पर क्रमशः 50.90 लाख और 1.43 लाख रुपये की सब्सिडी दी जायेगी।

# दिल्ली शराब घोटाले में बीआरएस नेता कविता को मिली जमानत

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली शराब घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज अलग-अलग मुकदमों में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति विधान पार्षद के. कविता को सशर्तों के साथ मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ ने तेलंगाना की विधान पार्षद की ओर से दिल्ली उच्च न्यायालय के एक जुलाई के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें बीआरएस नेता को जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय का यह आदेश कि किसी महिला को जमानत में छूट सिर्फ इसलिए नहीं दी जा सकती, क्योंकि वह शिक्षित और स्वतंत्र है, गलत है। इसे रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने कहा, हमें लगता है कि एकल न्यायाधीश (दिल्ली उच्च न्यायालय) ने कानून लागू करने में खुद को पूरी तरह से गलत दिशा में निर्देशित किया है। परिणामस्वरूप हम अपील को अनुमति देते हैं। आदेश (दिल्ली उच्च न्यायालय) को रद्द किया जाता है और अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया जाता है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने और सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में 10-10 लाख रुपये का मुचलका भरने का आदेश दिया। पीठ ने इन शर्तों के अलावा कविता को सबूतों से छेड़छाड़ न करने या कार्यवाही को प्रभावित न करने, अपना पासपोर्ट जमा करने और नियमित रूप से जांच एजेंसी को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने उन्हें मुकदमे में सहयोग करने का भी आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने कविता की ओर से अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश सुनाया। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने 12 अगस्त को रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद सीबीआई और ईडी से 20 अगस्त तक अपना-अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कविता को पंद्रह मार्च को हैदराबाद में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने अपने खिलाफदिल्ली की अबकारी नीति 2021-22 (जो विवाद के बाद रद्द कर दी गई थी) में कथित घोटाले के मामले में दोनों केंद्रीय एजेंसियों द्वारा दर्ज मामलों में जमानत की गुहार लगाई थी। रोहतगी ने सुनवाई के दौरान कविता का पक्ष रखते हुए खंडपीठ के समक्ष कहा था कि याचिकाकर्ता पांच महीने से जेल में बंद हैं। वह जमानत की हकदार है, क्योंकि उनका मामला मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के मामलों से संबंधित फैसलों में शामिल है। सिसोदिया को पिछले दिनों शीर्ष अदालत ने जमानत पर रिहा किया था, जबकि केजरीवाल न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। केजरीवाल को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान अंतरिम जमानत दी गई थी।





सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया था कि कविता साउथ ग्रुप की एक प्रमुख सदस्य थी, जिस पर राष्ट्रीय राजधानी में आबकारी लाइसेंसों के एक बड़े हिस्से के लिए दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत देने का आरोप है। ईडी ने आरोप लगाया था कि मामले के एक आरोपी विजय नायर ने कथित तौर पर सरथ रेड्डी, कविता और मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी द्वारा नियंत्रित साउथ ग्रुप से आप नेताओं की ओर से कम से कम 100 करोड़ रुपये की रिश्वत ली। बीआरएस नेता ने दिल्ली उच्च न्यायालय के एक जुलाई के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को पहली बार ईडी ने 15 मार्च 2024 की शाम को उनके हैदराबाद स्थित आवास से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने कथित घोटाले में अपने अलग मुकदमे में 11 अप्रैल को उन्हें हिरासत में लिया था। एक जुलाई को दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ (न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा) ने कहा था कि मामले में जमानत मांगने वाले आरोपियों द्वारा की गई प्रार्थना में कोई दम नहीं है। छह मई को दिल्ली के राउज एवेन्यू की विशेष अदालत ने सीबीआई और ईडी मामलों मामलों में कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय में जमानत की गुहार लगाते हुए अपील दायर की और जमानत खारिज किए जाने को शीर्ष अदालत में उसे चुनौती दी।

# सिर्फ नेता और मंत्री को स्पेशल ट्रीटमेंट मिलता है: उच्च न्यायालय

वार्ता < रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिये एक मामले की सुनवाई करते हुए मौखिक रूप कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है और सिर्फ नेता और मंत्री को स्पेशल ट्रीटमेंट मिलता है। दरअसल पिछले 23 अगस्त को भाजपा की युवा आक्रोश रैली के दौरान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी काफी देर तक कांके रोड में जाम में फंसे रहे थे। इसके बाद उन्होंने डीजीपी, रांची डीसी, एसएसपी और ट्रैफिक एसपी को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया।

उक्त सभी अधिकारी अदालत के समक्ष पेश हुए। सुनवाई के दौरान डीजीपी ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि भविष्य में इस तरह की घटना नहीं होगी।वहीं अदालत ने जाम की समस्या पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि नेता या मंत्री सड़क पर निकलते हैं तो उन्हें स्पेशल ट्रीटमेंट दिया जाता है लेकिन आम लोगों को जाम में फंसे रहने के किए छोड़ दिया जाता है।हूटर बजाकर लोगों के साथ जानवर जैसा व्यवहार किया जाता है।

न्यायालय ने इस मामले को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की बेंच में सुनवाई के लिए ट्रांसफर कर दिया है।

# प्रत्येक बूथ 200 नये सदस्य बनाने का लक्ष्य तय करें : महेश गागड़ा

## भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान की मंडल कार्यशाला हुई संपन्न

### सभी कार्यकर्ता निष्ठा, पूरे ईमानदारी के साथ इस अभियान में जुटे : जिलाध्यक्ष मुदलियार

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



सितम्बर 1 से भारतीय जनता पार्टी का देशव्यापी सदस्यता अभियान आरंभ हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान को लेकर भैरमगढ़ मण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें भाजपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की जानकारियों से अवगत कराया और अधिक से अधिक भाजपा के सदस्य बनाने कहा। गागड़ा ने सदस्यता अभियान के कार्यक्रमों की रुपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के रूप में हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करेंगे। यह लक्ष्य जब संगठन व सत्ता के सामने होता है, तब वह आगे बढ़ता है। संगठनात्मक दृष्टि से सदस्यता अभियान हमें दो माह में पूर्ण करना है। 1 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। ऐसे भी कई बूथ है जहां भाजपा कार्यकर्ताओं को ज्यादा ध्यान देना है ताकि पार्टी और मजबूत हो सके एवं पार्टी के वैचारिक धरातल को हमें मजबूत बनाना है। 1 सितंबर को प्रधानमंत्री दिल्ली से सदस्यता ग्रहण कर अभियान की शुरुवात करेंगे। अगले दिन 2 सितंबर को प्रदेश और 3 सितंबर को जिला मुख्यालयों में और फिर मंडल मुख्यालयों तक समारोह पूर्वक सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। शक्तिकेन्द्र संयोजक, सह संयोजक व सदस्यता सहयोगी मिलकर 30 अगस्त तक अभियान की संरचना पूर्ण करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने कहा कि सितम्बर 1 से भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आरंभ हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान में भाग लेना हैं और अधिक से अधिक सदस्य बनाना है। जन प्रतिनिधियों को भी सदस्यता का लक्ष्य दिया गया है ताकि सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़े और सभी कार्यकर्ता सदस्य बनाने में सफ्ल हो जाए। कागजी और ऑनलाइन सदस्यता का अपडेट केन्द्र तक जाएगा इसलिए सदस्यता फार्म और ऑनलाइन डाटा अपडेट रखना है। इस अभियान में आईटी से की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मण्डल अध्यक्ष चिन्नाराम तेलम की अध्यक्षता में मण्डल स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष लवकुमार रायडू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बलदेव उरसा, मण्डल महामंत्री चमन ठाकुर, सहित सभी प्रमुख पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्यपाल डेका ने न्यायमूर्ति सेवानिवृत्त उबोवेजा को दिलाई प्रमुख लोकायुक्त पद की शपथ



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदर सिंह उबोवेजा को छत्तीसगढ़ लोक आयोग के प्रमुख लोकायुक्त पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति इंदर सिंह उबोवेजा ने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु पिल्ले ने शपथ प्रक्रिया पूर्ण कराई। शपथ के पश्चात् राज्यपाल डेका एवं मुख्यमंत्री साय ने पुष्पगुच्छ से उबोवेजा का अभिवादन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, अन्य जनप्रतिनिधिगण, पूर्व प्रमुख लोकायुक्त टी.पी. शर्मा, राज्य सूचना आयुक्त एन.के. शुक्ला, पूर्व सूचना आयुक्त मोहन राव पवार, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय, संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम सहित, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी तथा उबोवेजा के परिजन उपस्थित थे।

# कृषि अभियंताओं का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 29 अगस्त से, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

**दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में जुटेंगे देश भर के कृषि अभियंता**

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में ''सतत विकास के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हेतु कृषि अभियंताओं का योगदान'' विषय पर 29 से 30 अगस्त 2024 को कृषि अभियंताओं का 36 वां राष्ट्रीय सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सह संगोष्ठी का शुभारंभ 29 अगस्त को सवेरे 10:45 बजे नवीन सभागृह (कृषक सभागार) में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, भारत सरकार के अध्यक्ष डॉ. सुनील के. अम्बस्ट तथा इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के उपाध्यक्ष डॉ. नूतन के. दास उपस्थित रहेंगे। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) छत्तीसगढ़ स्टेट सेन्टर, रायपुर तथा स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कृषि अभियांत्रिकी संकाय और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन सह-संगोष्ठी में वर्तमान समय में कृषि के विकास हेतु बहु प्रासंगिक विषयों जैसे- इंजीनियरिंग इनपुट का संरक्षण और प्रबंधन, फार्म मशीनरी, कृषि प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन, गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत, मिट्टी, जल संरक्षण और प्रबंधन'' आदि पर विस्तृत चर्चा होगी एवं शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इनमें मुख्यतः कृषि में जुताई-बुआई से लेकर कटाई-मिझाई एवं प्रसंस्करण की क्रियाओं का मशीनीकरण, ड्रोन का उपयोग, रिमोट सेंसिंग एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग, कृषि बागवानी में अत्याधुनिक तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोटिक्स एवं आई.ओ.टी. का प्रयोग आदि विषयों पर सार्थक संवाद, प्रदर्शन, प्रस्तुतिकरण एवं विचारों का आदान-प्रदान होगा। जलवायु परिवर्तन एवं कृषि कार्यों के समय पर संपादन में कृषि श्रमिकों की घटती उपलब्धता के परिपेक्ष्य में कृषि अभियंताओं के बढ़ते महत्व एवं कस्टम हायरिंग जैसे क्षेत्रों में उद्यमिता विकास की असीम संभावनाओं पर प्रकाश डाला जाएगा।

# बैलाडीला श्री कृष्ण जन्म उत्सव समिति के तत्वाधान में दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता सम्पन्न

### एनएमडीसी सीजीएम संजीव साही हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com





श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर लौह नगरी किरंदुल के फुटबॉल ग्राउंड में सत्य सनातन मटका फोड़ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। बैलाडीला श्री कृष्ण जन्म उत्सव समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूरे नगर के लोग एकजुट होकर कार्यक्रम का आनंद लिया।कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए कई दिन से श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति के संरक्षक मंडली एवं युवाओ की एक बड़ी कमेटी जुटे रहे। कार्यक्रम में महिलाएं भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।ग्राउंड में महिलाओं के लिए रस्सा खींच कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया ।रस्सा खींच प्रतियोगिता में विजयी टीम को 3000 रुपये के इनाम से नवाजा गया।कार्यक्रम में पहली बार छोटे बच्चो को मटका फोड़ने का मौका मिला जिसमे छोटे छोटे गोविंदाओं ने दही हांडी फोड़ी। बड़े गोविंदाओं लिए भी दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे भाग लेने के लिए किरंदुल बचेली व ग्रामीण क्षेत्र के बड़े संख्या में युवाओं ने भाग लिया।श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दही हांडी फोड़कर विजेता बनी टीम को नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय के द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे मैदान में हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, नंद के आनंद भयो तीनो लोक जीत लियो जैसे अनेक जयकारे लगते रहे।कार्यक्रम समापन पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही, कार्मिक प्रमुख बी के माधव, नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय, पार्षद राजेन्द्र मृणाल राय, श्रमजीवी पत्रकार संघ के दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष आज़ाद सक्सेना, छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ दंतेवाड़ा के जिला संयोजक राजेन्द्र सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रामकृष्ण बैरागी, एएम एनएस महाप्रबंधक वाई वी राघवेलु, डॉ तेजप्रकाश, नगरपालिका सीएमओ शशिभूषण महापात्र, सुमित सरकार विशेष रूप से मौजूद थे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री राघव मन्दिर में नन्हें मुन्नों ने श्रीकृष्ण-राधाजी के बाल स्वरूप में दी भव्य प्रस्तुति



**किरंदुल।** जन्माष्टमी के पावन पर्व के सुअवसर पर बैलाडीला देवस्थान समिति एवं गायत्री परिवार के तत्वाधान में प्रति वर्ष की परंपरानुसार श्री राघव मन्दिर में नगरपरिवार के प्रतिभाशाली नन्हें मुन्नों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण-राधा जी के बाल स्वरूप में भव्य प्रस्तुति दी गई। देवस्वरूप बच्चों ने संस्कृत के श्लोक, दोहा, चौपाईयों के माध्यम से नगरपरिवार को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया। इस आकर्षक प्रस्तुति नक पश्चात नगरपरिवार द्वारा सामूहिक आरती की गई। इस अवसर पर प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष मंजू संजीव साही, इंदिरा बीरेंद्र माधव, बैलाडीला देवस्थान समिति के महासचिव ए.के. सिंह, प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल, राजेंद्र यादव, पी.सी. जैन, प्रवेश जोशी, मोहित देशमुख, विकास स्वामी पदमवार, नगरपरिवार के श्रद्धालुगण, मातृशक्तियाँ उपस्थित थे।

# रंग परब में लोकनाट्य कलंकार की प्रस्तुति

*कलागढ़ है छत्तीसगढ़ : विजय मिश्रा*



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग की तरफ से रंग परब का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत मुक्त काशी मंच पर नरेंद्र जलछत्री कृत लोकनाट्य 'कलंकार' का मंचन वरिष्ठ निर्देशक विजय मिश्रा 'अमित' के नेतृत्व में किया गया। नाटक में कलाकारों के जीवन संघर्षों को बखूबी उकेरा गया। बताया गया कि कलाकार को कलंकार कहना अनुचित है। कलाकार समाज के दर्पण होते हैं को विजय मिश्रा ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ राज्य लोक कलाकारों का गढ़ है। यहां के करीब 29 पद्मश्री विभूतियों में से 18 विभूतियां कला साहित्य जगत से हैं। यह सिद्ध करता है कलाकार समाज के अलंकार होते हैं। नाटक के प्रमुख पात्रों में नचकार बने नरेंद्र जलछत्री, गुरू मां की भूमिका में संतोष यादव, मां बनी मनीषा खोबरागड़े, झगड़ालू औरतें बनीं नूतन रौशनी साहू और हंसोड़ सरपंच बने विजय मिश्रा के अभिनय की भूरी भूरी सराहना दर्शकों ने की। नाटक का ध्वनि पक्ष कमजोर रहा जो कि दर्शकों को बांधे रखने में बाधक बना। नाटक का लोकनृत्य संगीत पक्ष प्रभावित करता रहा।

# प्राकृतिक आपदा पीड़ित 03 परिवारों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 03 परिवारों को 12 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील भानपुरी ग्राम मांदलापाल निवासी भदरी कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पति जगतु को, तहसील बस्तर ग्राम बागमोहलई निवासी कुमारी जेविका की मृत्यु सांप काटने से पिता रूपसिंह मंडावी को और ग्राम रेटावंड निवासी नारायण मौर्य की मृत्यु सांप काटने से पत्नि मंगलीबाई प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव की धर्मपत्नी झिंगिया ओरांव के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव की धर्मपत्नी, झिंगिया उरांव के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे 28 अगस्त को ओडिशा के सुन्दरगढ़ जिले के केंदूडीही (लहूनियापारा) में ओरांव की शोक सभा में शामिल होंगे। नेताम ने इस मौके पर कहा कि मैं झिंगिया ओरांव की निधन की दुखद खबर सुनकर अत्यंत व्यथित हूं। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं जुएल ओरांव और उनके परिवारजनों के साथ हैं। ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# बेटी बचाओ मंच के जन्माष्टमी उत्सव में दिखे राधा कृष्ण झांकी के विविध रूप

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



बेटी बचाओ मंच टिकरापारा के महिलाओं ने कृष्ण जन्माष्टमी को हर्ष व उल्लास के साथ मनाया। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा शहर महासचिव अंजली यदु की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में राधा कृष्ण की झांकी के रूप में बच्चों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कृष्ण और राधा के बाल रूप के साथ थिरकते महिलाओं ने ब्रज व वृंदावन का एहसास कराया। प्रदेश अध्यक्ष मिश्रा तथा भगवान श्री कृष्ण के तस्वीर की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिलाओं ने आपस में एक दूसरे को गुलाल लगाकर स्वागत किया। उपस्थित महिलाओं को सुहाग के प्रतीक के रूप में मंच द्वारा चूड़ी, सिंदूर, बिंदी, आलता भेंट किया गया। अंत में मक्खन का प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से ललित मिश्रा, अंजली यदु, लता चंद्राकर, रूपा यदु, आशा धीवर, किरण कर्स, सुप्रिया धुवारे, नीतू साहू, रीना ठाकुर सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल हुए।

# केशकाल में कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन विधायक केशकाल टेकाम एवं जनप्रतिनिधी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




जिले के अंतर्गत केशकाल के टाटामारी इको टूरिज्म स्थल पर कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को एक भव्य मेला का आयोजन किया गया, जहाँ आस पास के स्थानीय नागरिकों और व्यपारियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस आयोजन में कृष्ण लीला के प्रसंगों का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिससे वहाँ उपस्थित हजारों श्रद्धालु भक्त भाव-विभोर हो गए। विधायक नीलकंठ टेकाम ने इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र की विधिवत पूजा की और आम जनता की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर महिला समूह द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का भी स्वाद लिया और उनके इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराओं को जीवित रखने में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विधायक नीलकंठ टेकाम ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया और मटकी फोड़कर इस पारंपरिक उत्सव को और भी खास बना दिया, साथ ही टाटामारी इको टूरिज्म स्थल पर बने सेल्फी पॉइंट ने भी इस आयोजन में एक विशेष आकर्षण जोड़ा। विधायक टेकाम ने इस मौके पर सेल्फी पॉइंट पर फोटो खिंचवाकर युवाओं के बीच इस स्थान को और भी लोकप्रिय बना दिया। यह स्थल अब पर्यटकों के लिए एक पसंदीदा स्थान बनता जा रहा है, जहाँ लोग अपनी यादें संजोने के लिए आते हैं।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण

विधायक नीलकंठ टेकाम ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया और सभी उपस्थित लोगों से इस अभियान में जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करता बल्कि यह हमारे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा और स्वच्छ वातावरण भी प्रदान करता है। इस अभियान के माध्यम से हम अपनी माँ के प्रति श्रद्धा और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी को भी व्यक्त कर सकते हैं। एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है। यह पहल न केवल वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करती है, बल्कि यह लोगों को उनके माता-पिता और प्रकृति के प्रति उनके कर्तव्यों का भी एहसास कराती है। इस अभियान के माध्यम से हजारों पेड़ लगाए जा चुके हैं और इस दिशा में लोगों की भागीदारी को और बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिनिधिगण और हजारों की संख्या में उपस्थित स्थानीय लोगों ने भी अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत केशकाल रोशन जमीर खान, उपाध्यक्ष नगर पंचायत केशकाल बिहारीदास शोरी, वनमंडलाधिकारी केशकाल एन. गुरुनाथन, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम केशकाल अंकित चौहान सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, नागरिक और अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# नगर निगम मुख्यालय एवं सभी जोनो में अधिकारी, कर्मचारीगण प्रतिदिन राष्ट्रगान के साथ काम शुरू



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन और सभी 10 जोनो के कार्यालयों में निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण प्रतिदिन कार्य दिवसों में कार्य का प्रारंभ निगम कार्यालयों में सामूहिक राष्ट्रगान जन-गण-मन करने के साथ कर रहे है। प्रतिदिन की भांति नगर निगम मुख्यालय भवन में निगम उपायुक्त सामान्य प्रशासन विभाग कृष्णा खटीक की उपस्थिति में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी सदन में दिन के कार्य का प्रारंभ सामूहिक राष्ट्रगान करके किया।

विगत दिनों से यह क्रम निरंतर कार्य दिवसों में जारी है एवं इसके पीछे उद्देश्य नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों में राष्ट्रभक्ति की भावना की सकारात्मक उर्जाओं का संचार करना है, जो नगर निगम में प्रशासनिक तौर पर दिये जाने वाले कार्य के लक्ष्यों की पूर्ति में सहायक हो एवं आमजनों के कार्य निरंतर व्यवस्थित तौर पर सुचारू रूप से संचालित हो।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में बच्चों का फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का सफल आयोजन




पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर के गीता भवन में मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा द्वारा विभिन्न अवसरों पर सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक स्तर पर अनेक कायक्रम सामाजिक हितों के लिए किया जाता है । विभिन्न क्षेत्र से जुड़े प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाना मंच का प्रमुख उद्देश्य रहा है। युवाओ के साथ ही छोटे छोटे बच्चो के लिए भी समय समय पर उन्हें प्रोत्साहित किये जाने हेतु कार्य योजना आयोजित किया जाता रहा है। इसी तारतम्य में मारवाड़ी युवा मंच जागृति द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में बच्चों का फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का सफल आयोजन गीता भवन में किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छोटे बड़े बच्चे मिलाकर लगभग 30 बच्चो ने भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया एवं राधा कृष्ण बनकर बहुत उत्साह से अपनी प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग ने प्रथम स्थान पर खियांश अग्रवाल एवं द्वितीय स्थान पर लक्ष्य पटेल रहे वही सीनियर में अर्ष अग्रवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया और द्वितीय स्थान पर नंदीका शर्मा रही। सभी को पुरुष्कृत भी किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चो के परिजन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष कंचन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, सचिव प्रिया अग्रवाल के साथ ही मंच के अनेक सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रमुख नेहा अग्रवाल द्वारा दी गई।

# महतारी वंदन योजना से आर्थिक रूप से सशक्त होने में भी मिल रही है मदद

**लवन।** जिले के अंतिमछोर में स्थित कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम बल्दाकछार में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना बड़ी खुशी लेकर आई है। महतारी वंदन योजना से यहाँ के बांस शिल्प कला को अब एक नई पहचान मिल रही है। इसके साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त होने में भी मदद मिल रही है। जिला प्रशासन द्वारा पीएमजनमन के तहत शत प्रतिशत विभागीय योजनाओं से लाभांवित करने का प्रयास किया जा रहा है। कमारपारा में निवासरत चांदनी बाई कमार ने बताया कि वह परंपरागत रूप से बांस शिल्प एवं कृषि के समय मजदूरी का कार्य करके ही अपने जीवकोपार्जन करती है। उन्होनें आगे कहा कि महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह 1 हजार रूपये मिलने वाले पैसों का उपयोग बांस खरीदने में करती हूं। जिससे मैं बांस से निर्मित झेंझरी, सुपा,पर्रा,टुकनी सहित अन्य सजावटी वस्तुएं अधिक संख्या में बना पाती हूं। इसे बेचकर मुझे अच्छी खासी आमदनी मिल जा रही है। उन्होनें महतारी वंदन योजना के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसकी राशि बढ़ाने की आग्रह की है। इसी तरह उनके पड़ोसी ममता कमार भी महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग बांस शिल्प एवं अपनी बच्ची 1 वर्षीय लवली कमार के शिक्षा के लिए बचत कर रही है। साथ ही उन्होनें बताया कि राज्य सरकार द्वारा खाद्यान्न सहायता के तहत 35 किलो चावल हर माह मिलता है। महतारी वंदन योजना से हर माह मिलने वाली राशि उनके लिए बहुत बड़ा सहारा है।

# सीएमएचओ ने किया अस्पतालों का निरीक्षण, कार्य में लापरवाही नही बरतने एवं गुणवत्ता पूर्ण सुविधा बढ़ाने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ.राजेश कुमार अवस्थी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन और कसडोल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान आपातकालीन स्थिति में आये मरीज को तुरन्त अटेंड करने के लिए ट्राईएज (गंभीर मरीज़ों को तुरंत इलाज उपलब्धता हेतु व्यवस्था) तत्काल बनाया जाए। तथा, बेड, मॉनिटर, ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर जैसी जरूरी आपातकालीन सुविधा बनाई जाये। साथ ही यह सुनिश्चित हो कि किसी भी हाल में इमरजेंसी मरीज को सबसे पहले अटेंड करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए हैं। जांच के दौरान उन्होंने ओपीडी, नर्सिंग रूम, लेबर रूम, लैब, दवाई स्टोर, फार्मेसी का भी निरीक्षण किया। लैब कार्यो से उन्होंने संतुष्टि ज़ाहिर की। दोनों ही अस्पतालों के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी और डॉक्टर रविशंकर अजगल्ले को सीएमएचओ ने कहा कि कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर समय पर आयें इसकी निगरानी की जाए। वार्ड ड्यूटी में डॉक्टर और अन्य स्टाफ शिफ्ट अनुसार ड्यूटी में रहें तथा ड्यूटी में रिलीव तभी किया जाए जब उनके स्थान पर निर्धारित स्टाफउपस्थित हो जायें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की स्वेपिंग की भी समीक्षा की तथा छूटे हुए लोगों के कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के सम्बंध में सम्बंधित प्रभारियों को समय पर इसे ज़ारी करने कहा गया है जिससे हितग्राहियों को इसके कारण होने वाली परेशानियों से बचाया जाए। इस काम मे लापरवाही होने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। अस्पताल में सीसीटीवी लगाने, राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार सामग्री का निरूपण को भी उन्होंने कहा। उन्होंने कहा उल्टी-दस्त जैसी मौसमी बीमारियों के प्रबंधन हेतु,ग्राम स्तर पर मितानिनों के पास ओआरएस, एलजिंक, क्लोरीन टेबलेट सहित जरूरी दवाईयां 24 घंटे उपलब्ध हों यह स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुनिश्चित करने.मितानिन ब्लॉक समन्वयक प्रतिदिन इसकी रिपोर्टिंग करेंगे ।

# कृष्णा जन्माष्टमी की पावन अवसर पर जगह-जगह मटकी फोड़ का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल
www.dailypioneer.com

कृष्ण जन्मोत्सव सोमवार को पूरे भारत वर्ष में मनाया गया। पूरे भारत वर्ष में यह त्यौहार का उत्साह देखने योग्य रहा। चारों तरफ का वातावरण भगवान श्री कृष्ण के रंग में डूबा हुआ प्रतीत हो रहा था। पौराणिक धर्म ग्रंथो के अनुसार भगवान विष्णु ने पृथ्वी को पापियो को मुक्त करने हेतु कृष्ण रूप अवतार लिया भाद्रपाद माह को कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मध्यरात्री को रोहणी नक्षत्र में देवकी ओर वासुदेव के पुत्र रूप में कृष्ण का जन्म हुआ। इसी तारताम्य में सोमवार को श्री कृष्णा जन्माष्टमी की पावन अवसर पर माँ शीतला दही हांडी इंदिरा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 03 समिति द्वारा अलग-अलग जगहो पर मटकी फोड का आयोजन हुआ। जिसमें समिति के अध्यक्ष चंदन जायसवाल ने ने बताया कि हमारे समति द्वारा मटकी फोड़ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे समिति के सदस्यो द्वारा 15 से 20 अलग-अलग स्थानों पर माखन मटकी फोड़ी गई है। वार्ड क्रमांक 03 इंदिरा कॉलोनी में युवाओं द्वारा जन्माष्टमी घुमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मेन रोड, माँ शीतला चौक, शंकर मंदिर, संतोषी चौक माँ शीतला दही हांडी समिति के अध्यक्ष चंदन जायसवाल, टुकटुक, सूर्य, पिंटू, गोपू, नेमेश, विनोद, भानू, आकाश, पूनम, शनि रामकिसुन सहित अन्य मौजूद रहें।

# करांटे संघ के तत्वावधान में कलर क्यू रैंक करांटे बेल्ट ग्रेडिंग स्पर्धा का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

यूनाइटेड शोतोकान राज्य कराटे संघ, एवं जिला कराटे संघ के तत्वावधान में कलर क्यू रैंक कराटे बेल्ट ग्रेडिंग स्पर्धा का आयोजन स्थानीय हसदेव क्लब जांजगीर में सम्पन्न हुआ जिसमें भंवरपुर ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं ने सहभागिता निभाई। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रेडिंग स्पर्धा के मुख्य निर्देशक शिहान वरुण पाण्डेय, सेंसेई अखिलेश आदित्य, सेंसेई रूखमणी रानू, सेंसेई राजीव लोचन धीवर, सेंसेई हरिशंकर देवांगन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। ग्रेडिंग में जांजगीर, चाम्पा, सारंगढ बिलाईगढ़, महासमुंद, कोरबा, बिलासपुर जिलों से कुल 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बेसिक, काता, कुमिते, अन्य तकनीक जानकारी का प्रेक्टिकल एवं लिखित एग्जाम के बाद प्रियंका साव, योगिता खुटे को ऑरेंज बेल्ट, हेमा साव, रचना साव, डीलेश्वरी साव को येलो बेल्ट मिला। बालिकाओं की इस उपलब्धि पर शोतोकान कराते संघ महासमुंद जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार डडसेना, वंशिका चौहान, त्रिलोचन साहु, कमलेश कुमार खड़िया, सूर्यकांत मिश्रा ने हर्ष व्यक्त किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार अतिथियों के द्वारा विद्या दायिनी मां सरस्वती प्रणव अक्षर ओम एवं भारत माता के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर जन्माष्टमी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूजा अर्चना के पश्चात अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम कक्षा अरुण से प्रथम के भैया बहन द्वारा कृष्ण एवं राधा वेशभूषा झांकी का अवलोकन किया जिसमें राधा सजाओ प्रतियोगिता में बहन कनिका देवांगन प्रथम, इशिका अग्रवाल द्वितीय एवं दिव्या निषाद व मोनिशा देवांगन तृतीय। कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में भैया दक्ष देवांगन प्रथम, भैया हर्षित बंजारा द्वितीय, बहन रिंकी यादव तृतीय स्थान प्राप्त हुए। राधा कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता का अवलोकन के पश्चात विद्यालय प्रांगण में मनमोहन झांकी बनाया गया था जिसका अतिथियों के द्वारा आंकलन किया गया जिसमें प्रथम स्थान समुद्र मंथन, द्वितीय स्थान दशावतार, तृतीय स्थान वस्त्र हरण को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार अन्य झाकियों में रुक्मणी विवाह, श्री कृष्ण का मित्रों के साथ लीलाएं, गोवर्धन गिरधारी आदि मनमोहक झांकियां बनाया गया था। श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में विद्यालय प्रबंध करणीसमिति से संयोजक पुरुषोत्तम अग्रवाल, अध्यक्ष बीपी देवांगन एवं अन्य पदाधिकारी वाय कर, बसंत अग्रवाल, बीपी साहू, दयाराम अग्रवाल, पालक समिति उपाध्यक्ष भरत डडसेना,मारवाड़ी युवा मंच से नवरतन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल एवं अभिभावकों ने भैया बहनों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी से संबंधित गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात वाय कर के द्वारा भैया बहनों को संबोधित करते हुए श्री कृष्ण आरती एवं मटकी फोड़ कार्यक्रम संपन्न करा कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई। संचालन वरिष्ठ आचार्य देवेंद्र सेठ एवं वरिष्ठ आचार्या कुमारी सावित्री डडसेना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य कमल लोचन स्वर्णकार, प्रधानाचार्य मोतीलाल यादव एवं सभी आचार्य एवं दीदीयों का झांकी बनाने एवं नृत्य तैयार करने में विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख नयन श्रीवास के द्वारा दिया गया।

# संघर्षमय जीवन की गाथा गाती है भगवान श्री कृष्ण का जीवन दर्शन : उमेश साहू

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने यह बात कही ग्राम रुद्री के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया जिसमें सैकड़ो छात्र-छात्राओं के साथ गांव के गणमान्य नागरीकगण माताएं उपस्थित हुए। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्णऔर भारत माता के चित्र में पूजन अर्चन, भोग लगाने के बाद आगत अतिथियों का छात्र.छात्राओं के द्वारा स्वागत किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उमेश साहू के साथ संस्था के प्राचार्य और संस्था के संचालक भी उपस्थित थे। पश्चात बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण से संबंधित मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दिए करीब 60 बच्चे राधा और कृष्णा के रूप में सजे हुए थे जिनको पुरस्कृत भी किया गया। अपने उद्बोधन में उमेश साहू ने उपस्थित गणमान्य नागरिक से चर्चा करते हुए कहे की भगवान श्री कृष्ण का जीवन हमको स्वयं को अपने जीवन में संघर्षों से कैसे लड़ते हुए प्रसन्नचित भाव से जीवन पर विजय प्राप्त करना है इसको सीखाता है उन्होंने आगे कहा कि जिस ईश्वर की हम पूजा करते हैं वह स्वयं पूरी सृष्टि को चलाने वाले हैं और वह हम मनुष्यों को समय-समय पर लौकिक और पारलौकिक ज्ञान को बताने के लिए साथ ही भौतिक जगत में सुख पूर्वक सफ्ल जीवन जीने की राह को बताने के लिए स्वयं इस संसार के भीतर मनुष्य के रूप में अवतरित होकर अपने जीवन काल में लीला करते हैं। जिसका अनुसरण हम स्वयं करके उस रास्ते पर चलकर अपने जीवन को सफल करते हैं और करना भी चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्री कृष्ण अपने लीला के दौरान उनके जीवन में माता से बिछड़ हुआ गांव से बिछड़ हुआ राधा रानी से बिछड़ हुआ ऐसे अनेक संघर्ष जीवन में आए ऐसे अनेक संघर्षों की लीला किया परंतु इतने संघर्षों में भी उनका जीवन मुस्कान से भरा रहा।और यही भगवान श्री कृष्ण का सबसे बड़ा सिख हमको मिलता है कि अनेक संघर्षों के बाद भी मुस्कुराते हुए हमें अपने जीवन में चलते रहना है। उन्होंने अंत में भगवान श्री कृष्ण से प्रार्थना किये कि सभी छात्र.छात्राओं और उपस्थित भक्तों के जीवन में सुख शांति वैभव दृढ़ता वीरता पराक्रम और अध्यात्म से सराबोर जीवन की प्राप्ति हो बच्चों में बुद्धि बल अपार हो इसके साथ अपनी वाणी विराम किए। पपश्चात 10वीं 12वीं में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर के सम्मान भी किए।

# रामगढ़िया सेवक सभा ने किया केरियर काउंसिलिंग पर सेमिनार



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

टाटीबंध स्थित महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन में आमंत्रित छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला मिलट्री ऑफिसर कैप्टन गुरमीत कौर जो की सर्टिफाइड कैरियर काउंसलर है उनके द्वारा सिख समाज के 9वी, 10वी, 11वी, 12वी के विद्यार्थियों के साथ उपस्थित अभिभावकों को विभिन्न क्षेत्रों से जुडे कैरियरो के विकल्प में सही चुनाव करते हुए सफल जीवन जीने हेतु मार्ग दर्शन दिया। इस कार्यक्रम का संचालन कवलजीत कौर ने किया। बिक्रम सिंह, राजवंत सिंह गरेवाल, रघुवीर सिंह, मनविंदर सिंह, समाज के अध्यक्ष जसविंदर सिंह राणा, सचिव अटल सिंह, मंजीत सिंह पानेसर, सुरेंद्र सिंह, डॉ. माथरु, तेजपाल सिंह, ओंकार सिंह, चरणजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह बाड़े, खलविंदर सिंह, सुखदेव सिंह, सरबजीत सिंह, तेजिंदर सिंह व अन्य सदस्य समाज से उपस्थित थे। महिला विंग से हरशरण कौर, कुलदीप कौर, अध्यक्ष प्रदीप कौर, दविंदर कौर, सिमरन कौर उपस्थित थी।

# निगम जोन 3 ने राजातालाब में नाली पर कब्जा करके बनाये गए अवैध बाथरूम को तोड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 3 के नगर निवेश विभाग को प्राप्त जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने किये गए निरीक्षण के दौरान स्थल पर सार्वजनिक नाली पर कब्जा जमाकर किये गए बाथरूम के अवैध निर्माण की जनशिकायत सही पायी गयी। इस पर नगर पालिक निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा दिए गए आदेशानुसार जोन 3 जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा के निर्देशानुसार जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा स्थल पर तत्काल उपअभियंता अंजलि बारले की उपस्थिति में जोन 3 के तहत राजातालाब गली नम्बर 3 में सार्वजनिक नाली पर अवैध कब्जा करके लगभग 50 वर्गफीट क्षेत्र घेरकर किये गए अवैध बाथरूम के निर्माण को श्रमिकों की सहायता से तोड़कर सार्वजनिक नाली को अवैध कब्जा से मुक्त करवाने की कार्यवाही की गयी एवं प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

# सीईओ जिपं ने कोड़ेगांव, पंडरीपानी, कोदागहन एवं कोसमी का किया निरीक्षण




पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने आज धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत कोड़ेगांव (रै.), पंडरपानी, कोदागहन एवं कोसमी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामवासीयों सहित सरपंच, सचिव से विस्तृत चर्चा की। ग्राम पंचायत कोड़ेगांव (रै.) आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। रेडी टू ईट पैकेट गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण सुपरवाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिए। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में गैस सिलेण्डर खत्म होने के कारण नया सिलेंडर खाद्य विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्राथमिक शाला में अनुपस्थित शिक्षकों पर नाराजगी व्यक्त की और पंचायत भवन की मरम्मत, शौचालय में पानी की व्यवस्था करने कहा। जल-जीवन मिशन के अंतर्गत पानी टंकी से कनेक्शन करने तथा सोलर नल-जल के माध्यम से सभी घरों में पेयजल की पूर्ति करने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए। ग्राम पंडरीपानी में स्वीकृत ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन शेड निर्माण 20 सितंबर तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। ग्राम कोदागहन में पीएम-जनमन आवास का निरीक्षण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्रामवासियों द्वारा क्षेत्र में बैंक सखी की नियुक्ति, आयुष्मान कार्ड तत्काल मुहैया कराये जाने के निर्देश दिए। ग्राम कोसमी में पानी टंकी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है सोलर पैनल के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति किए जाने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया गया।

# जिसके हृदय में करुणा का भाव होता है वो कभी किसी पर क्रोध नहीं करताः विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com





परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने प्रवचन में फरमाया कि उम्र तो थोड़ी ही मिली थी। जिसे हमने ये करना है वो करना है ऐसा सोचते सोचते हमने खत्म कर लिया। अनंतकाय की अपेक्षा से मनुष्य जीवन बहुत थोडा मिला है। ऐसे छुटने वाले समय का उपयोग अपने आत्मविकास में करना है। जीवन भर न जाने मैने कितनी बार काया का श्रृंगार किया, कितना माया का भंडार मैंने भर लिया, किंतु अन्त समय में काया और माया दोनो दूर रह गई और शरीर मिट्टी बन गया। काया की जो अकड़ है वो बदल जायेगी और जो काया का समय अर्थात जिंदगी बची है वो भी चली जायेगी। इसलिए सोचने के स्थान पर पुरुषार्थ से प्रयास करना है की आत्मा का विकास हो सके। इस जहां ने मुझे ठुकरा दिया ऐसे समय में ही परमात्मा आपने ही मुझे अपनाया। परिजनों को छोड़कर सभी ने मेरी काया के राख होने तक का भी इंतजार नही किया और परिजनों ने राख होने के बाद उसे भी जल में बहा दिया। अर्थात इस संसार में सब केवल स्वार्थ के नाते है। अब मुझे अपनी आत्मा का परमात्मा से निःस्वार्थ नाता जोड़ने का प्रयास करना है। ताकि इस संसार में दुबारा जन्म न लेना पड़े। जिनवाणी एक ऐसा रसायन है जो इसे स्वीकार करने वाले के जीवन में परिवर्तन ला सकता है। आत्मा से परमात्मा बनने का सूत्र जिनवाणी के माध्यम से मिल सकता है। जिनवाणी सुनने वाले को अपनी भूमिका अर्थात आवश्यकता के स्वरूप उसे ग्रहण करने की योग्यता होनी चाहिए। हर व्यक्ति की आवश्यकताए कर्म आदि हर समय परिवर्तित होते रहता है इसलिए हमेशा परिस्थिति अनुसार व्यवहार करना चाहिए। जिसके हृदय में करुणा का भाव होता है वो कभी किसी पर क्रोध नहीं करता। करुणा भाव होने पर हम सदा ही दूसरो का हित सोचते है और दूसरो का हित सोचते सोचते हम स्वयं के हित का कार्य कर लेते है। इस संसार में जो भी दिन.हीन और पुण्यहीन है वो सभी करुणा के पात्र है। ऐसे लोगो पर कभी क्रोध नहीं करना चाहिए। एक छोटा सा तिनका जो समुद्र में भी नही डूबता वो तिनका हमे यह संदेश देता है अगर मेरी तरह आपके जीवन में भी विनय अर्थात झुकने का भाव और करुणा भाव आ जाए हम भी इस संसार रूपी समुद्र में कभी नही डूबेंगे। हम पदए पैसा और प्रतिष्ठा पाकर जितना ऊपर उठते है वास्तव में करुणा भाव की दृष्टि से उतना ही नीचे भी गिर जाते है। करुणा भाव ही तीर्थंकर परमात्मा की जननी है। जब आत्मा में संसार के सभी जीवों के प्रति करुणा का भाव आता है तभी तीर्थंकर बनने की पात्रता मिल सकती है। जब सामने वाले के लिए हमारे मन में क्रोध आता है तो हम हल्के शब्द का उपयोग करने लग जाते है। आजतक न जाने कितने हल्के और गलत शब्दो का उपयोग हमने दूसरो के लिए किया हैए जब उसका फ्ल मिलेगा तब न जाने हमारी आत्मा की क्या स्थिति होगी। करुणा भाव की कमी आत्मा के पतन का भी कारण बन जाता है। क्रोध एक ऐसा तत्व है जिसमे हम अपना भला चाहने वालो को भी अपने से दूर कर लेते है। परमात्मा की क्षत्रछाया में और गुरु की कृपा से अपने जीवन में करुणा का भाव लाने का प्रयास करना है क्योंकि करुणा भाव ही हमारी आत्मा के कर्म मल को धो सकती हैए और हम आत्मा का विकास कर सकते है। परमात्मा धनवंतरी वैद्य के समान होते है। क्योंकि एक सामान्य वैद्य हमारे शरीर के रोग को मिटाता है जबकि परमात्मा अपने जिनवाणी रूपी दवा और करुणा भाव से हमारे भव भव के रोग को मिटाते है। परमात्मा महावीर ने अपने जीवन के अंतिम समय में लगातार सोलह प्रहर जीवमात्र के कल्याण के लिए देशना दिए। क्योंकि उनके मन में सभी के कल्याण की भावना थी।

## करुणा दो प्रकार की होती है

पहला द्रव्य करुणा - शरीर के कष्ट को देखकर उसे दूर करने का प्रयास करना द्रव्य करुणा कहलाता है। दूसरा भाव करुणा - शरीर को छोड़कर आत्मा के विकास के लिए चिंतन करना। अपने और दूसरो के आत्मा के विकास का भाव रखना और इसके लिए पुरुषार्थ करना भाव करुणा कहलाता है। जीवन में हमे भाव करुणा को प्राथमिकता देना चाहिए। क्योंकि भाव में करुणा आते ही द्रव्य के सदुपयोग की भावना भी अपने आप आ जाती है। जिनशासन भाव प्रधान है और आज हमारे जीवन में भाव का ही अभाव होते जा रहा है। आज विश्लेषण करना है अगर हमारे जीवन में भाव करुणा की कमी होते जा रही है उसका कारण क्या हैघ् और चिंतन करके उस कमी को दूर करने का प्रयास करना है। क्योंकि जीवन में करुणा भाव के आने के बाद ही आत्मा का विकास संभव है। श्रेयांश बोथरा सुपुत्र गौतम चंद बोथरा बेरला आज गुरु दर्शन हेतु पधारे, उनके द्वारा गुरु चरणों में एक सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। भजन के बाद श्रीसंघ की ओर से उनका सम्मान किया गया।

# जनमन शिविर में रामकुमारी कमार का बना राशनकार्ड, लाभार्थी शिविर में पीवीटीजी हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com







प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिले के 199 विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से पीवीटीजी कमार सदस्यों को मूलभूत सुविधाओं राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम आवास, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वन अधकार पट्टा एवं पीएम किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गुण्डरदेही में आयोजित शिविर में ग्राम नाचनबाय की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार सदस्य रामकुमारी का मौके पर ही राशनकार्ड बन गया। शिविर में मौजूद विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने उन्हें राशनकार्ड सौप दिया। विकासखण्ड या जिला मुख्यालय जाय बिना ही ग्राम पंचायत के शिविर में ही राशनकार्ड बन जाने से रामकुमारी ने खुशी जताते हुए शासन-प्रशासन का आभार जताया। अब उन्हें प्रतिमाह पात्रतानुसार शासन द्वारा प्रदाय किये जाने वाले चावल, शक्कर एवं नमक आदि खाद्यान्न सामग्री शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्राप्त होगी। साथ ही उन्हें मंहगे दरों पर बाजार से चावल लेने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। जनमन शिविरों में पीवीटीजी सदस्यों को विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं से लाभान्वित किया गया। इसी कड़ी में जिले के 19 कमार बसाहट गांवों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इनमें जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम खरता, खुर्सीपार, हसौदा, कोदोबतर एवं टेंवारी में शिविर आयोजित की जोयेगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत छुरा के ग्राम कुड़ेरादादर, खट्टी, मड़ेली, सुरंगपानी, मुड़ागांव एवं मुढीपानी में शिविर लगेगी। जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम हथखोज एवं खैरझिटी तथा जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम कोयबा, भाठापानी एवं कुहीमाल में शिविर का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शिविरों के सुचारू आयोजन के लिए नोडल अधिकारियों को शिविर स्थलों के निरीक्षण के निर्देश दिए है। विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी- कर्मचारियों को शिविर स्थलों में जाकर पीएम जनमन के तहत लोगों को लाभान्वित करने में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग करने के निर्देश दिए है।

# नगर निगम भिलाई द्वारा महत्वपूर्ण लोकेशन के 50 भूखण्ड नीलामी से आबंटित किये जायेगे







पायनियर संवाददाता ✓ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा महत्वपूर्ण लोकेशन का भूखण्ड नीलामी के माध्यम से आबंटित किये जायेगे। पूर्व साडा वर्तमान नगर निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत विभिन्न लोकेशन पर प्लाट आबंटन के लिए उपलब्ध है। जिसे शासन से प्राप्त मार्गदर्शन अनुसार भूखण्डो की नीलामी करके अधिकतम बोली दाता को प्लाट आबंटित किये जायेगें। नगर निगम भिलाई के वेबसाईड पर नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग से अनुमोदित चिन्हित मानचित्र के अनुसार 50 भूखण्ड नीलामी हेतु उपलब्ध है। प्रमुख रूप से नगर निगम भिलाई के जोन-01 नेहरू नगर में मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व के 10 भूखण्ड, दक्षिण गंगोत्री व्यावसायिक योजना के 10 भूखण्ड, प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम व्यावसायिक योजना के 4 भूखण्ड है। इसी तारतम्य में जोन-02 वैशाली नगर के जवाहर नगर आवासीय योजना के 6 भूखण्ड एवं जोन-03 मदर टेरेसा नगर आवासीय योजना के 7 भूखण्ड तथा जोन-04 शिवाजी नगर आवासीय योजना के 13 भूखण्ड उपलब्ध है। इस प्रकार कुल 50 भूखण्डो के संबंध में जानकारी नगर निगम के वेबसाईट htpps://eproc.cgstate.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। भूखण्ड खरीदने वाले इच्छुक व्यक्ति संबंधित पोर्टल पर अपने पसंद का प्लाट चयन कर सकते है। भूखण्ड के संबंध में अधिक जानकारी की किस प्लाट के लिए, कितनी अमानत राशि जमा करके नीलामी में सहभागी बना जा सकता है, उसका उल्लेख है। भूखण्ड के वास्तविक लोकेशन के बारे में जानकारी जोन के राजस्व अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है। गौरतलब है, कि सभी भूखण्ड पूर्णतः रिक्त है, जारी किये गये नक्शे के अनुरूप है। आबंटन की प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित बाजार मूल्य का 10 प्रतिशत अमानत के रूप में जमा करना अनिवार्य है। उसके बाद नीलामी में भागीदार बना जा सकता है। अधिकतम बोली दाता को भूखण्ड आबंटित किया जायेगा।

# सागर मोती फाउंडेशन करा रहा श्री श्री अखण्ड संकीर्तन यज्ञ का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाद्रपद के कृष्ण पक्ष गोवत्सव द्वादशी तिथि से श्री श्री अखण्ड संकीर्तन यज्ञ का आयोजन सागर मोती फाउंडेशन के कर्ताधर्ता रमन अग्रवाल प्रकाश चन्द अग्रवाल एवं विकास अग्रवाल के द्वारा शुक्रवार 30 अगस्त 24 को संकीर्तन का प्रारंभ प्रातः11:30 बजे से किया जायेगा। संकीर्तन के बोल हैं हरे राम हरे राम,राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण,कृष्ण कृष्ण हरे हरे। जिसमें महिलाओं के लिए विशेष रूप से दोपहर 3:00 से सायं 5:30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। वहीं संकीर्तन का समापन शनिवार 31 अगस्त 24 को दोपहर 01:30 बजे के लगभग आगंतुकों को भण्डारा का प्रसाद ग्रहण कराने उपरांत कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। उक्त सभी कार्यक्रम अंबिकापुर मार्ग पर स्थित सागर एच.पी.गैस गोदाम परिसर चोरपहरी घाट के समिप आयोजित की गई है।

## रामप्रसाद नगनिहा बने जन स्वास्थ्य अभियान के जिला प्रतिनिधि



**मनेन्द्रगढ़।** जन स्वास्थ्य अभियान छ.ग. द्वारा राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन जन स्वास्थ्य सहयोग परिसर, गनियारी बिलासपुर में किया गया। सम्मेलन में राज्य के 29 जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। स्वास्थ्य की परिस्थिति और राज्य की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर विस्तृत चर्चा किया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञ, मेडिकल डॉक्टर्स, नीतिगत, कानूनी विशेषज्ञों और अभियान के राष्ट्रीय प्रतिनिधि भी शामिल हुए। राज्य सम्मेलन में 11 सदस्यों की तकनीकी व कोर टीम का गठन करते हुए आगामी 3 वर्ष के लिए छत्तीसगढ़ जन स्वास्थ्य अभियान के राज्य संयोजक के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकांत यादव को सर्वसम्मति से चुना गया। इसके साथ-साथ सभी जिलों से आये हुए लोगों में से एक-एक प्रतिनिधि को जिला प्रमुख के रूप में चुना गया।

# जिला पंचायत सीईओ ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, जनदर्शन में मिले 71 आवेदन


पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने आज जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने जनदर्शन में 71 लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम मुंगझर के शाला प्रबंधन विकास समिति ने शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुंगझर को संलग्नीकरण से मुक्त रखने, ग्राम कुटेना के डोमार साहू ने मनरेगा अंतर्गत किये गए कार्य की राशि दिलाने, ग्राम मड़वाडीह, बिजली, चौतरा, रवेली के समस्त किसानों ने नवीन धान खरीदी केन्द्र खोलने, ग्राम बोकरामुड़ा के समस्त ग्रामवासियों ने बोकरामुड़ा से कोदोपाली तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत सड़क बनाने, ग्राम पंचायत देवरी के सरपंच ने गौठान, चारागाह एवं मुक्तिधाम में अवैध कब्जा हटाने, ग्राम नहरगांव की संतोषी बाई ने नल-जल प्रदाय करने, ग्राम नांगझर के टुकेश कुमार ने राशन कार्ड में नाम जुड़वाने एवं ग्राम कसाबाय के अग्रेश्वर सिंह ने जमीन बन्दोबस्त में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# सड़कों में पेवर ब्लॉक लगाकर पैसे की बंदर बांट

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



नगर पालिका प्रशासन मनेन्द्रगढ़ अपनी जिम्मेदारियों के प्रति कितना संवेदनशील है इस पर कुछ लिखने की आवश्यकता नहीं है. जहां एक और गैर जरूरी कार्यों के लिए नगर पालिका प्रशासन मनेंद्रगढ़ तत्परता से कार्य करता नजर आता है जैसे नगर की अनेकों सड़कों में पेवर ब्लॉक लगाकर पैसे की बंदर बांट कर रहा है। वहीं कलेक्टर द्वारा प्रदत्त अनेक कार्यों की राशि जो उसे लगभग साल भर पूर्व मिल चुकी है उस निर्माण पर उसका ध्यान नहीं है ऐसा ही एक मामला जानकारी में आया है जिसके लिए समग्र शिक्षा परियोजना कोरिया द्वारा मनेंद्रगढ़ बीआरसी कार्यालय में रिपेयरिंग, गेट के सामने का सीमेंटीकरण इत्यादि के लिए प्रदत्त राशि किस मद में खर्च की गई है यह आज बताना मुश्किल है परंतु प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरिया द्वारा उपरोक्त मद में 650000 की राशि सितंबर 2023 में स्वीकृत की गई थी तथा उक्त राशि का 50त्न आबंटन 325000 रुपये नगर पालिका मनेंद्रगढ़ के स्टेट बैंक खाते में ट्रांसफर कर जमा कर दिया गया था जिसकी सूचना कलेक्टर एमसीबी एवं निर्माण एजेंसी नगर पालिका मनेंद्रगढ़ को 26 सितंबर 2023 को भेज दी गई थी और यदि यह कार्य कर दिया गया होता तो शेष 50% की राशि भी अभी तक रिलीज हो गई होती। ऐसा मालूम होता है कि स्थानीय निकायों को जिला स्तर पर विकास कार्यों के लिए दी गई राशि के बारे में टी एल बैठकों में भी कलेक्टर द्वारा जानकारी नहीं ली जाती जो प्रशासकीय शिथिलता का एक नमूना है ।

# शिक्षकों और विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण भाजपा सरकार की तानाशाही रवैया : कमरो

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर विद्यालयो को कम दर्ज संख्या बताई जाकर लगभग 4027स्कूलो को बंद करने की मंशा है, इसी तुगलकी फरमान के तहत शिक्षको को अतिशेष बताकर उन्हें दुर दराज पोस्टेड कर उन्हें प्रताड़ित करने की मानसिकता का भी परिचायक है। शिक्षा के अधिकार और शिक्षा विभाग के विभागीय सेटअप से छेड़छाड़ करना औचित्य हीन और अप्रांसगिक है। उक्ताशय का बयान जारी करते हुये कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के पुर्व पदोन्नति और स्थानांतरण नीति जारी करना जरूरी था, ताकि बहुसंख्यक शिक्षक युक्तियुक्तकरण से बच सकते। इससे आगामी दिनों में शिक्षको का पद अतिशेष बताकर भर्ती भी बन्द होने पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर भी प्राप्त नहीं हो पायेगा.।शिक्षक संगठनों के द्वारा इस नियम का पुरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, और मैं भी इसका विरोध कर शिक्षकों के साथ हर कदम पर साथ रहुंगा, जहां भी जब भी जरूरत पड़ने की मेरी जरुरत होगी मैं 24घंटे शिक्षक समाज के साथ खड़ा रहुंगा।

## जिले में 55 आंगनबाड़ी सहायिकाओं की होगी भर्ती, आवेदन 09 सितम्बर तक आमंत्रित

**गरियाबंद।** एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के 55 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 09 सितम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। रिक्त पदों के भर्ती हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप में मंगाया गया है। आवेदन कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद में पंजीकृत डाक से या सीधे भी जमा कर सकते हैं।

# आंगनबाड़ी के बच्चों को अब पानी की दिक्कत नहीं जन समस्या निवारण शिविर का लाभ मिल रहा लोगों को







पायनियर संवाददाता ✓ रिसाली
www.dailypioneer.com

आंगनबाड़ी से लेकर सार्वजनिक और घरों तक बिछी पाइप लाइन के संधारण से आम लोग समेत बच्चों को राहत मिल रही है। रिसाली निगम क्षेत्र में पानी से संबंधित ऐसी 22 आवेदन थे जिसे प्राथमिकता से निराकरण किया। आमतौर पर यह शिकायतें अगस्त प्रथम सप्ताह में हुए जन समस्या निवारण शिविर में मिली थी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश के मार्गदर्शन में और निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर शिविर के प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। शिविर में आमतौर पर ऐसी शिकायतों का निराकरण पहले पायदान में किया गया जिसका फायदा सीधे तौर पर बहुत से लोगों को मिला रहा था। रिसाली के आउटर में बसे नेवई भाठा में दो आंगनबाड़ी के बच्चों को पानी की समस्या हो रही थी। जन समस्या निवारण शिविर में यहां मरम्मत कार्य पूर्ण कर पानी की समस्या को दूर किया गया। इसी तरह सार्वजनिक शौचालय के पाइप लाइन को ठीक करने पर नेवई वासी को राहत मिली।

**शंकर नगर डुंडेरा में चलने लगा बोर**–यहां पर आम लोगों ने शिकायत की थी कि उस समय दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जब नल नहीं खुलता है। लोगों ने बोर शुरू कराने की मांग की थी। शिकायत मिलते ही बोर को शुरू कराया गया।

**जहां लो प्रेशर वहां का बनाया प्रस्ताव**-शिविर में ऐसे शिकायतों का अलग से प्रस्ताव बनाया गया है जहां लो प्रेशर है। ऐसे प्रस्ताव को शासन को भेजा गया है। आयुक्त ने विशेष रूप से समस्या से आम लोगों को छुटकारा दिलाने शासन को पत्र लिखा है। लो प्रेशर की वजह से लगभग 10 से 12 घरों में कम पानी पहुंच रहा है।

# लिटिल मिलेनियम व अलास्का पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



कार्यक्रम का आरंभ स्कूल की शिक्षिकाओं द्वारा राधा कृष्ण की प्रतिमा में फूल अर्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्कूल के संचालक मो. फिरोज ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को कृष्ण जन्माष्टमी के कुछ खास महत्व बताए। जैसे हमें अपने कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए तथा कभी किसी प्रकार का स्वार्थ मन में नहीं रखना चाहिए। हमें हमेशा छोटे-बड़े सभी का आदर करना चाहिए। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के सभी नन्हे मुन्ने बच्चे रंग-बिरंगे पोशाक में उपस्थित रहे। साथ ही साथ कुछ बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा धारण की थी। कार्यक्रम की शुरुवात कृष्ण जी के जन्मोत्सव की कहानी प्रस्तुत करते हुए किया गया। जिसके मुख्य पात्र देवकी माता, वासुदेव, कंस मामा, यशोदा माता, कृष्णा जी, विष्णु जी, शक्ति माता, शेषनाग, द्वारपाल, वृंदावन और गोकुल की सखियां रहीं। यह मनमोहक प्रस्तुति स्कूल की शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत की गई।

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एंव प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट 2002 के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल-एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया गया था, इसके द्वारा उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति से सौदा न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन आईआईएफएल एचएफएल के प्रभार वास्ते और भविष्य के ब्याज के अधीन होगा, जैसा कि उल्लिखित है।
उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तारीख से पहले किसी भी समय सभी लागत प्रभारों और खर्चों के साथ "आईआईएफएल एचएफएल" की बकाया राशि को स्वीकार करता है, सुरक्षित परिसंपत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा या स्थानांतरित नहीं किया जाएगा और सुरक्षित परिसंपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों)/ का नाम रायपुर शाखा | सुरक्षित आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति) | कुल बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री हेमराम देवांगन, मैसर्स देवांगन कॉन्ट्रैक्टर, श्रीमती लक्ष्मी देवांगन (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10105216) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि भूमि प्लॉट खसरा नं. 52/2 में से, श्रद्धा विहार, वाके मौजा बोरियाखुर्द, पीएचएन 71, आरएनएम रायपुर-1, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, 492015। क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि_क्षेत्र, कारपेट_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, सुपर_निर्मित_क्षेत्रसंपत्ति क्षेत्रः 675.00, 480.00, 640.00, 640.00 | रु. 16,50,593/- (रु. सोलह लाख पचास हजार पाँच सौ तिरान्वे मात्र) | 12-जून 2024 | 23 अगस्त 2024 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रालपुर के सामने, छ.ग. 492001 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. 98, पीएच-IV उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में संपर्क करें।
स्थान : रायपुर, तिथि : 28.08.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

# श्री रामलला दर्शन अयोध्या के लिए निकले जिले के 94 श्रद्धालु

# श्रद्धालु बस को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए श्री रामलला दर्शन हेतु श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत दर्शनार्थियों को अयोध्या धाम का निःशुल्क दर्शन कराया जा रहा है। शासन द्वारा प्रत्येक जिलों से चयन कर सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। इसी क्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गरियाबंद जिले से भी दर्शनार्थियों से युक्त 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर आज सुबह लाईवलीहुड कॉलेज परिसर से श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। जिले के कुल 94 दर्शनार्थी रवाना हुए। इस दौरान समाज कल्याण के उप संचालक डी.पी ठाकुर ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। 94 श्रद्धालुओं में उनके देख-देख के लिए 4 अनुरक्षक भी शामिल है। चयनित तीर्थ यात्रियों को बस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की जिला वापसी होगी। इस अवसर पर अनिल चन्द्राकर, परस देवांगन, समाज कल्याण विभाग से आदित्य लाम्बे, लीलाराम ध्रुव, गुरु शरण साहू, लीलेश, चितेन्द्र पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि विष्णुदेव साय सरकार ने श्री रामलला दर्शन के सपने को साकार किया है। सरकार की मदद से अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अयोध्या में श्री रामलला स्थापना पश्चात वहा जाने की बहुत इच्छा थी। शासन ने वहा जाने में मदद की। श्रद्धालुओं की अयोध्या जाने की इच्छा पूरी करने वाली इस योजना के लिए जिले के श्रद्धालु ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। इसी तरह अन्य श्रद्धालु ने बताया कि वह अयोध्या जाने के बेहद खुश है। वह कहते है कि हमारे पूर्वजों में से भी कोई आज तक अयोध्या नही गए है। शासन के सहयोग से श्री रामलला दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। जो कि पूरे प्रदेश वासियों के लिए बड़ी खुशी की बात है। निशुल्क यात्रा के साथ खाने, पीने और रहने की भी व्यवस्था की गई है। इससे श्रद्धालुओं पर कोई आर्थिक बोझ भी नही बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत् श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी।

**केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः 6वीं मंजिल, केआईएफएस कॉर्पोरेट हाउस, होटल प्लैनेट लैंडमार्क के बगल में, अशोक वाटिका बीआरटीएस के पास, इस्कॉन – अम्बली रोड, अम्बली, अहमदाबाद, गुजरात – 380054
कॉर्पोरेट कार्यालयः सी–902, लोटस पार्क, ग्राहम फर्थ कंपाउंड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई – 400063, महाराष्ट्र, भारत,
फोन नं.: +91 22 61796400 ई–मेलः contact@kifshousing.com वेबसाइटः www.kifshousing.com
सीआईएनः U65922GJ2015PLC085079 आरबीआई सीओआरः डीओआर–00145

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।**

केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन पी ए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभुतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशी 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई–नीलमी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. सं. | शाखा/ आवेदन नं./ एनआरएन | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख | मांग सूचना की तारीख/बकाया राशि | सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर / 11150 / LNHLRAI 011280 | श्री धनेश्वर शर्मा (आवेदक) श्रीमती ललिता शर्मा (सह–आवेदक) एनपीएः 09 जुलाई, 2024 | मांग सूचना की तारीख 22.08.2024<br>रु. 1643560/– | खसरा नंबर 240/2 का हिस्सा, पीएच नं. 105/61, चंद्रशेखर आजाद गोकुल नगर स्टेज सेक्टर फेज वार्ड नं. 52, लैंडमार्क– मठपुरैना, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492013। बिक्री विलेख के अनुसारः पूरब में – साहू जी का प्लॉट, पश्चिम में – सड़क, उत्तर में – राजकुमार धीवर का प्लॉट, दक्षिण में – शौ जी का प्लॉट |
| 2 | रायपुर / 2345 / LNHLRAI 009117 | श्री संतोष कुमार अग्रहरि (आवेदक) श्रीमती मीनाक्षी देवी (सह–आवेदक) एनपीएः 09 जुलाई, 2024 | मांग सूचना की तारीख 22.08.2024<br>रु. 16,09,176/– | खसरा नंबर 1727, 1728 और 1729 का हिस्सा पीएचएन 107/37/49 आर एन एम रायपुर, स्टेशन चौक के पास गुढ़ियारी अंडरब की ओर एनए लैंडमार्क एनए एनए गुढ़ियारी छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ 492011, बिक्री विलेख के अनुसारः पूरब में – सड़क, पश्चिम में – रेलवे की बाउंड्रीवॉल, उत्तर में – सुरेंद्र होरा का गोदाम, दक्षिण में – प्रेम कुमार कटार का मकान |

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांकः 28.08.2024, स्थान : छत्तीसगढ़ प्राधिकृत अधिकारी, केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

# जी ले जरा-फैशन 2 की शूटिंग के लिए मुंबई लौटीं प्रियंका चोपड़ा?



बॉलीवुड देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बेहद ही स्टाइलिश लुक में मुंबई एयरपोर्ट पहुंचीं। उनको वापस भारत में देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं, साथ ही वह यह कयास लगा रहे हैं कि क्या वह फिल्म जी ले जरा या फिर फैशन 2 की शूटिंग के लिए मुंबई लौटीं हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर प्रियंका चोपड़ा का स्टाइलिश लुक हर किसी को पसंद आया। एयरपोर्ट से बाहर निकलती हुई प्रियंका मुस्कुराती हुई नजर आईं। उनका यह लुक उनके प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं। हाल ही में प्रियंका ने फिल्म द ब्लफ की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में खत्म की थी। उनके प्रशंसकों का कहना है कि प्रियंका मुंबई इसलिए वापस लौटीं ताकि वह अपनी बॉलीवुड फिल्म जी ले जरा की शूटिंग शुरू कर सकें। हालांकि कुछ प्रशंसकों का कहना है कि क्या प्रियंका निर्देशक मधुर भंडारकर की फिल्म फैशन 2 में आने वाली हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में मधुर अभिनेत्री से मिलने उनके घर लॉस एंजेलिस गए थे।

हाल ही में लॉस एंजेलिस से फैशन डायरेक्टर मधुर भंडारकर के साथ उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। अभिनेत्री-निर्देशक की यह जोड़ी लंबे समय के बाद मिली और दोनों के बीच कुछ चर्चाएं भी हुईं। हालांकि यह बात साफ नहीं हो पाया है कि मुधर किसी बॉलीवुड प्रोजेक्ट के सिलसिले में प्रियंका से मिले थे या यह सिर्फ एक मुलाकात ही थी। मधुर ने तस्वीर साझा करते हुए लिखा था, लॉस एंजेलिस में अपने शानदार घर पर टेलेंटेड प्रियंका चोपड़ा से मिलना और आकर्षक चर्चा में शामिल होना बहुत खुशी की बात थी। वहीं इन दोनों की साथ में तस्वीरे के बाद प्रशंसक फैशन 2 के आने के बारे में कमेंट करते नजए आए। वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में द ब्लफ की शूटिंग पूरी की है, जिसके लिए वह ऑस्ट्रेलिया में शूटिंग कर रही थीं। इस फिल्म में प्रियंका के अलावा कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन और वेदांतन नायडू भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रियंका फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। इस फिल्म में उनके साथ इदरीस एल्बा, जॉन सीना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रियंका के बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स की बात करें तो, कथित तौर पर निर्देशक फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा में प्रियंका के साथ कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि अभी तक इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



## कोलकाता डॉक्टर मामले पर बोले जॉन अब्राहम

**कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के बाद देशभर के लोगों में गुस्सा है। फिल्मी कलाकार भी इस मामले पर खुलकर बोल रहे हैं। इसी सिलसिले में ताजा नाम जॉन अब्राहम का है, जो आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई घटना से काफी दुखी हैं। उन्होंने एक हालिया साक्षात्कार में महिला सुरक्षा को लेकर अपनी ओर से सुझाव दिया है।**

### लड़कों को दी अच्छा व्यवहार करने की सलाह

जॉन अब्राहम का कहना हैं कि माता-पिता को अपने बेटों को सही ढंग से व्यवहार करने के बारे में सिखाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी के स्वर में लड़कों से अच्छा बर्ताव करने को कहा। साथ ही मां-बाप से लड़कों की अच्छी परवरिश करने की भी उम्मीद जताई।

### मैं लड़कियों को कुछ नहीं कहूंगा

जॉन अब्राहम ने यह सब सुझाव रेडियो नशा को दिए एक हालिया साक्षात्कार में साझा किए। जॉन ने कहा कि वो लड़कियों को कुछ भी नहीं कहेंगे, क्योंकि उनकी गलती ही क्या है? बता दें कि ये पहला मौका नहीं है, जब जॉन अब्राहम ने महिला सुरक्षा को लेकर खुलकर अपनी बात रखी हो। उन्होंने रणवीर इलाहाबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि भारतीय पुरुषों को इस बात को समझना चाहिए कि उन्हें महिलाओं के साथ किस तरह का व्यवहार करना चाहिए।

बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है वेदा इन दिनों जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा सिनेमाघरों में चल रही है। यह फिल्म जातिगत भेदभाव के मुद्दे पर बात करती है। इसमें शरवरी और अभिषेक बनर्जी ने भी अहम रोल अदा किया है। इसका निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करती हुई दिख रही है। फिल्म ने अभी तक 17 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है।

## छावा में औरंगजेब के रूप में नजर आएंगे अक्षय खन्ना



कुछ दिन पूर्व विक्की कौशल के अभिनय से सजी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म छावा का टीजर जारी किया गया था। इस टीजर में युद्ध के कुछ दृश्य थे जिनमें सिर्फ विक्की कौशल नजर आ रहे थे। टीजर के अंत में दो क्षण के फिल्म का दूसरा मुख्य किरदार नजर आया जो मुस्लिम बादशाह के रूप में था। इस किरदार ने अपनी दो क्षण की उपस्थिति में वो चर्चा पाई है जो विक्की कौशल भी नहीं पा सके हैं। सब तरफ यह बात हो रही है कि यह अदाकार कौन है?

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा इस समय काफी चर्चा में है। फिल्म की कहानी मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसमें विक्की कौशल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, लेकिन इस फिल्म में औरंगजेब के किरदार को लेकर भी काफी उत्सुकता है।

फिल्म छावा में मुगल बादशाह औरंगजेब के किरदार के लिए सीनियर एक्टर अक्षय खन्ना को चुना गया है, जो अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं और अपने करियर में कई आइकॉनिक किरदार निभा चुके हैं। छावा पिछले काफी समय से चर्चा में है। हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था, जिसमें विक्की कौशल फुल एक्शन मोड में नजर आए थे, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान अक्षय खन्ना ने खींचा क्योंकि टीजर में उन्हें पहचान पाना मुश्किल था। छावा के टीजर के आखिर में अक्षय थोड़ी देर के लिए औरंगजेब के किरदार में नजर आए, लेकिन उनका लुक और एक्टिंग ऐसी है कि इत्तेफाक एक्टर को पहचानने के लिए दोबारा टीजर देखना पड़ सकता है। छावा के साथ दर्शक अक्षय खन्ना को औरंगजेब के किरदार में एक नए अवतार में देख पाएंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इस ऐतिहासिक किरदार को किस तरह जीवंत करते हैं। छावा का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और हर कोई इसके रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उटेकर कर रहे हैं। फिल्म में साउथ की सनसनी रश्मिका मंदाना के साथ विक्की कौशल और अक्षय खन्ना भी हैं।

## शादी के लिए इटली रवाना हुई एमी जैक्सन




सिंह इज ब्लिंग फेम बॉलीवुड एक्ट्रेस एमी जैक्सन शादी करने जा रही हैं। वह मंगेतर और ब्रिटिश एक्टर एड वेस्टविक से दो साल डेटिंग के बाद शादी कर रही हैं। एमी अपने बेटे एंड्रियास और मंगेतर के साथ प्राइवेट जेट से इटली रवाना हो गई हैं। इस कपल ने इटली के अमाल्फी कोस्ट को वेडिंग वेन्यू चुना है। एमी जैक्सन ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह मंगेतर एड, अपने होने वाले ससुराल वालों और अपने बेटे एंड्रियास के साथ उड़ान भरती नजर आ रही हैं। एमी जैक्सन ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, चलो बेबी, शादी कर लेते हैं।

एमी ने इसके साथ ही अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने लिखा, इटली, हम आ रहे हैं। बीते दिनों एमी ने प्राइवेट जेट में बैचलर पार्टी की थी। उनके मंगेतर एड वेस्टविक बेहद मशहूर टीवी शो गॉसिप गर्ल में चक बास के रोल के लिए काफी मशहूर हैं। दोनों ने इसी साल जनवरी में सगाई की थी। एड वेस्टविक ने इस साल जनवरी में स्विट्जरलैंड के गस्टाड में एमी जैक्सन को प्रपोज किया था। इस खूबसूरत पल की तस्वीरें काफी वायरल हुई थीं। तब कैप्शन में रिंग इमोजी के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए एमी ने लिखा, यकीनन हां। जबकि एड वेस्टविक ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, मैंने जैकपॉट मारा है।

एमी जैक्सन की एक बार पहले भी सगाई हो चुकी है। वह पहले बिजनसमैन जॉर्ज पानायियोटौ को डेट करती थीं। दोनों ने सगाई की। उनका एक बेटा एंड्रियास भी पैदा हुआ। लेकिन शादी से पहले यह रिश्ता टूट गया। एमी जैक्सन फिल्मों से ज्यादा अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं। 2011 में उन्हें फिल्म एक दीवाना था के सेट पर प्रतीक बब्बर से हुआ। लेकिन 2012 में दोनों का ब्रेकअप हो गया। इसके बाद वह तीन साल मुंबई छोड़ लंदन चली गईं। एमी जैक्सन ने साल 2010 में तमिल फिल्म मद्रासपट्टिनम से एक्टिंग की शुरुआत की थी। उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म प्रतीक बब्बर के साथ एक दीवाना था थी, जो 2012 में रिलीज हुई।



## हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी जैकलीन फर्नांडिस



हिंदी सिनेमा की सबसे बहुप्रतीक्षित फैंचाइज़, हाउसफुल 5, लम्बे समय से चर्चाओं में हैं। अब यह फिल्म फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि आगामी माह से यह फिल्म शूटिंग शुरू कर रही है। निर्माता साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ फरदीन खान, रितेश देशमुख और संजय दत्त मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। 300 करोड़ के भारी भरकम बजट में बनने वाली यह अब तक की सबसे महंगी हाउसफुल फिल्म है और निर्माता कास्टिंग के साथ इस फैंचाइज़ को और भी बड़ा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। फिल्म का नेतृत्व करने के लिए शीर्ष ए लिस्ट अभिनेताओं को चुनने के बाद, साजिद नाडियाडवाला ने जैकलीन फर्नांडीज को हाउसफुल 5 की मुख्य महिला कलाकारों में से एक के रूप में चुना है। प्राप्त समाचारों के अनुसार जैकलीन को हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार के साथ जोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि, जैकलीन हाउसफुल फैंचाइज़ में वापसी को लेकर उत्साहित हैं। उन्हें कॉमिक स्पेस पसंद है और वह साजिद नाडियाडवाला और हाउसफुल फैंचाइज़ के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने को लेकर उत्साहित हैं। सूत्र ने आगे बताया कि साजिद फिल्म में शामिल होने के लिए तीन अन्य शीर्ष अभिनेत्रियों से बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी। हाउसफुल 5 जून 2025 में रिलीज होगी और इसका निर्देशन तरुण मनसुखानी करेंगे।



## कहानी को और गहरा बनाता है तनाव 2 में मेरा किरदार

स्ट्रीमिंग शो 'तनाव' सीजन 2 में दिखाई देने वाले अभिनेता सत्यदीप मिश्रा ने कहा कि उनकी भूमिका शो की कहानी को और भी गहरा करती है और साथ ही इसे आगे बढ़ाने में मदद करती है। तनाव' इजरायली सीरीज 'फौदा' का भारतीय रूपांतरण है। कश्मीर में सेट की गई एक एक्शन से भरपूर कहानी में बहादुरी, धोखे, लालच, प्यार और बदले की कहानियों को दिखाया गया है। दूसरे सीजन में स्पेशल टास्क ग्रुप (एसटीजी) को एक नए खतरे का सामना करना पड़ता है, जब अल-दमिश्क नामक एक प्रतिशोधी युवक घाटी में आता है। शो में अपनी भूमिका के बारे में सत्यदीप ने आईएएनएस को बताया, यह सीजन पहले सीजन को आगे लेकर जाता है, जो शो को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाता है। हर एपिसोड दर्शकों को रोमांचित करेगा, जिसमें हर तरफ ट्विस्ट और सरप्राइज हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्पेशल टास्क ग्रुप का हिस्सा होने से उनके किरदार को एक स्थायी प्रभाव छोड़ने का एक अनूठा अवसर मिला है, चाहे वह देश की रक्षा करने या जान बचाने के बारे में हो।

उन्होंने कहा, यह भूमिका न केवल उनके लिए एक अभिनेता के रूप में चुनौती है, बल्कि यह इसकी कहानी को भी खास गहराई देती है। कोविड-19 महामारी से पहले की पृष्ठभूमि की कहानी पर आधारित यह शो एक सामाजिक-राजनीतिक ड्रामा है, जो घाटी में राज्य द्वारा संचालित स्पेशल टास्क ग्रुप और पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के बीच संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमता है। शो के पहले सीजन में इसमें हरकत-उल-मुजाहिदीन, जमात-ए-इस्लामी कश्मीर जैसे आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों और एसटीजी द्वारा उनका मुकाबला करने के तरीके को दिखाया गया था। अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित तनाव का निर्देशन पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता सुधीर मिश्रा और ई. निवास ने किया है। शो में मानव विज, गौरव अरोड़ा, अरबाज खान, रजत कपूर, सुखमणि सदाना, साहिबा बाली, अर्सलान गोनी, अमित गौर, एकता कौल और वलूशा देसूसा जैसे कलाकारों की टोली शामिल है। तनाव 2 सोनी लिव पर 6 सितंबर को रिलीज होगी।

## भावनाओं का एटम बम होगी गदर 3



**बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल गदर फैंचाइजी की अगली किस्त में तीसरी बार तारा सिंह का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। गदर 2 की सफलता के बाद दर्शक गदर 3 देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। अब फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने फिल्म से जुड़ी बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने हाल ही में एक बातचीत में सनी देओल स्टारर गदर फैंचाइजी के अगले सीक्वल को भावनाओं का परमाणु बम बताया है।**

### गदर 3 पर शुरू हो चुका है काम

अनिल शर्मा ने एक बातचीत में फिल्म के बारे में बात करते हुए खुलासा किया कि उन्होंने गदर 3 पर काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही सनी देओल की तारा सिंह के रूप में वापसी की पुष्टि की है। निर्देशक ने कहा, हमने गदर 3 पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म से जुड़ी जब हर चीज हो जाएगी, तब हम इसे साझा करेंगे, अभी कुछ समय है। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म गदर 2 को बनने में 20 साल लग गए। निर्देशक अनिल शर्मा ने आगे फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि अगला भाग पहले की रिलीज की तुलना में बड़ा और बेहतर भावनात्मक पहलू वाला हो। उन्होंने कहा, गदर 3 तब आएगी जब स्क्रिप्ट पूरी हो जाएगी और मुझे लगता है कि यह सिर्फ भावनाओं का बम नहीं बल्कि भावनाओं का एटम बम है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि कहानियों का सिलसिला जारी रहना चाहिए। मैं कहानी का सिलसिला जारी रखना चाहता हूं।

# जिला प्रशासन पहुंचा ग्रामीणों के द्वार, जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या से हुए रूबरू

## वनांचल ग्राम कुंआगोंदी में सांसद नाग हुए शामिल





पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

मौका था जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का, जो कि मंगलवार को आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम कुआंगोंदी में आयोजित किया गया। इस शिविर में सांसद भोजराज़ नाग भी शरीक हुए। बहुत दिनों बाद एक ऐसा अवसर आया, जब इस वनांचल क्षेत्र में ग्रामीणों को अपनी समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट या फिर विभागों के पास नही जाना पड़ा, उन्हें जिला मुख्यालय की ओर रुख नही करना पड़ा। बल्कि स्वंय जिला प्रशासन लोगों की समस्याओं से रूबरू होने गांव तक पहुचे। जहां कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ समेत तमाम विभाग के आलाधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार को अपने बीच पाकर ग्रामीणजन बेहद प्रसन्न नज़र आए। अवसर था, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का, जो की जिले का तीसरा जिला जनसमस्या निवारण शिविर डौंडी जनपद क्षेत्र के वनांचल ग्राम कुआंगोंदी में आयोजित हुआ। जहां जिला प्रशासन स्वंय गांव पहुच ग्रामीणों की समस्या को न सिर्फ सुना बल्कि जो समस्या त्वरित हल करने लायक थी, उसे तत्काल निराकरण भी किया गया। इस दौरान सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां विभाग के आलाधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। आवेदन को लेने अलग से पंजीयन काउंटर बनाया गया था, जहां आवेदकों ने अपना आवेदन जमा किया, फिर वो आवेदन जिस भी विभाग से सम्बंधित रहता शिविर में मौजूद कोटवार के द्वारा उस विभाग के स्टॉल में आवेदन ले जाकर उसे दे दिया जाता रहा। इस दौरान गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को पोषण कीट भी वितरित किया गया और नवजात शिशुओं के अन्नप्राशन करवाया गया। उक्त शिविर में सांसद भोजराज नाग, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश नुरेटी, जनपद उपाध्यक्ष बसंती दुग्गा, मंडल अध्यक्ष मनीष झा, पूर्व मंडल अध्यक्ष छगन यदु, जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत कुंआगोंदी, ठेमाबुजुर्ग, कांडे सरपंच, एसडीएम राम सोनकर, जनपद सीईओ डीडी मांडले, सहित क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि और ग्रामीण व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### भवन मरम्मत की मांग

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंआगोंदी में कक्षा 11वीं (ए) और 12वीं (ए) का भवन अत्यंत जर्जर हो चुका हैं। जिसमें बारिश में पानी टपकता हैं। और छत भी जर्जर हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती हैं। जिसकी वजह से कई तरह की परेशानियों का सामना उन्हें करना पड़ता हैं। छात्रा लक्ष्मी बारले, चंचल कल्हो, चमेली पायला, मेघा, प्रेमलता ने भवन के मरम्मत करने की मांग आवेदन देकर कलेक्टर से की हैं। वही भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने भी सांसद भोजराज़ नाग के समक्ष अपने सम्बोधन में डौंडी ब्लॉक के सभी जर्जर स्कूल और आंगनबाड़ियों को सूचीबद्ध कर संधारण करने की मांग की।

### रेडक्रॉस के बच्चों ने की सेवा

आयोजित शिविर में रेडक्रॉस के बच्चों ने जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए सभी आमजनो को पानी पिलाया। सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित शिविर में लगातार रेड ॅास की टीम ने पानी और चाय पिलाते नज़र आये।

### जनपद पंचायत के सर्वाधिक आवेदन

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 553 आवेदन मांग और शिकायत के प्राप्त हुए है, जिसमें 215 आवेंदनो का निराकरण मौके पर ही किया गया और 338 आवेंदनो का निराकरण शेष हैं। जिसमे सर्वाधिक आवेदन जनपद पंचायत को 338 प्राप्त हुए, जिसमें 172 मौके पर ही निराकृत किये गए और 166 आवेदन लंबित है। इसी प्रकार कलेक्टर बालोद को एक, समाज कल्याण विभाग को एक, राजस्व विभाग को 96, सहकारिता विभाग को 2, खाद्य विभाग को 12, आदिवासी विभाग को 2, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को 21, पीएम सड़क योजना को 16, पीडब्ल्यूडी को 2, पीएचई विभाग को 14, जल संसाधन विभाग को 10, विद्युत विभाग को 25, क्रेडा विभाग को 11 और श्रम विभाग को 2 आवेदन मांग व शिकायत के प्राप्त हुए।

'हमारी सरकार निश्चित ही गांव गरीब किसान नौजवान हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजना संचालित कर रही है, और योजनाओ का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले, अंतिम व्यक्ति के अंतिम पंक्ति तक मिले, सरकार की हर योजना का लाभ हितग्राहियों को मिलना चाहिए। इस उद्देश्य से हमारी सरकार काम कर रही हैं।'

**भोजराज नाग, सांसद, कांकेर लोस**

'जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को अंदुरुनी क्षेत्र में रखने का मुख्य उद्देश्य था कि हम अधिक से अधिक संख्या में लोगो को लाभ उपलब्ध करा सके। जो जिला मुख्यालय तक नही पहुच सकते है, उस तुलना में यहां अच्छे आवेदन प्राप्त हुए हैं। जहां सड़क और भवन की डिमांड आई है उसे बजट में शामिल किया जाएगा। इस शिविर में लोगों में काफ़ी उत्साह नज़र आया।'

**इंद्रजीत सि ंह चंद्रवाल, कलेक्टर**

# शासकीय महाविद्यालय बालोद के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अमित ने किया पदभार ग्रहण





पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष पद पर प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर अमित चोपड़ा की नियुक्ति हुई। तत्पश्चात उनके द्वारा महाविद्यालय जाकर पदभार ग्रहण किया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम किया गया। जिसमें अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य खलको ने प्रस्तुत किया। जहां पर उन्होंने महाविद्यालय के समस्याओं से लेकर चल रही शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में बताया। इस अवसर पर यशवंत जैन ने कहा कि इस महाविद्यालय से मेरा संबंध दिल से जुड़ा हुआ है। मैं आज कुछ हूं या कुछ बन पाया हूं। वह यही कि देन है, बालोद कॉलेज को आने वाले समय में हम जो दे सकते हैं, हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में है, देश में है, हम वहां सब कुछ इस कॉलेज के लिए करेंगे जिससे छात्रों का भविष्य संवर सके। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, भाजपा नेता कमलेश सोनी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, भाजपा के नेता लाले शर्मा, पालक ठाकुर, पंकज आहूजा, अंबिका यादव, गिरजेश गुप्ता, अजय बाफना, हितेश्वरी कौशिक, प्राची लालवानी, प्रीति देशमुख, श्वेता राजपूत, सुनीता मनहर, विनोद जैन, नरेंद्र सोनवानी, महेश पाठक, प्रभाकर बघमार, राहुल गोलछा, बंटी बाफना, चित्रसेन साहू, समीर खान, मन्नी माधवानी, कमल बजाज, कमलेश गौतम, राजेंद्र कानेकर, प्रीतम यादव, कमलेश वाधवानी, विनोद पूरी गोस्वामी, सुप्रीत शर्मा, राहुल सोनी, जागेश्वर ढीमर, प्रीत कत्याल, जीतू निर्मालकर, हितेश गुप्ता, आशु कौशिक, सौरभ जैन, अभिन्न यादव, निलेश नाहटा, प्रवीण सारड, रजत जैन, पिंटू जातरे, अनिल बाफना, भूपेंद्र सिन्हा, अंश योगी, चांदमल जैन, एबीवीपी के अन्य कार्यकर्ताओं सहित एनएसयूआई के देवेंद्र साहू गजेंद्र ढीमर सहित, गौरव गोलछा, मानस जैन अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 2 वर्षो में प्रदेश का बहुत अच्छा कॉलेज बनाने की ओर करेंगे प्रयास

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन साहू ने अपने उद्बोधन में नवनियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष को बधाई दी और कहा कि हमने जो जवाबदारी अमित को दी है हमें पूरा विश्वास है की अमित इस काम में अपनी पूरी तन्मयता से अपनी पूरी ताकत से काम करके इस कॉलेज को अग्रणी बनाएगा हमारे निर्णय को सही साबित करेगा। इस अवसर पर राकेश यादव ने नव नियुक्त जन भागीदारी अध्यक्ष अमित चोपड़ा को बधाई दी और बताया कि अमित भली भांति कॉलेज को समझता है। कॉलेज की समस्याओं को जानता है। इस कॉलेज को आने वाले 2 वर्षों में हम प्रदेश का बहुत अच्छा कॉलेज बनाने की ओर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर नवनियुक्त जन भागीदारी अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने भी अपनी बातें रखते हुए कहा कि मैं इसी महाविद्यालय से निकलकर आज यहां पर पहुंचा हूं। यह मेरा सौभाग्य है और मैं छात्र हित में जो समस्याएं हैं। उससे अवगत हूं और जो समस्याएं मेरे सामने आएगी उसको पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगाऊंगा, इस कॉलेज से निकलकर भी हमारे अग्रज लोग बड़ी-बड़ी जगह पर अपना नाम स्थापित कर चुके हैं हम उनके पास जाकर, बालोद के व्यापारियों के बीच जाकर जो यहां से पढ़कर निकले हैं। उनसे जन सहयोग लेकर भी इस कॉलेज को आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे आगे अमित चोपड़ा ने इस नवीन दायित्व देने के लिए सभी वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के अध्यापकों का स्टाफ का भी आभार व्यक्त किया। मान सम्मान देने के लिए और कहां की आप सब के मार्गदर्शन में इस कॉलेज को एक नई दिशा देने की और काम करेंगे।

## मां कर्मा मंदिर गांधी चौक में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया




पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

माँ कर्मा मंदिर गांधी चौक में श्री कृष्ण जन्माष्टमी में कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, भगवान् श्री कृष्ण की आरती पूजा की गई। मां कर्मा महिला समिति के द्वारा श्री रामायण पाठ किया गया, महिला वर्ग एवं पुरुष वर्ग के द्वारा मटका फोड़ का खेल खेला गया, महिला वर्ग में संगीता साहू प्रथम रही, पुरूष में चेतन साहू प्रथम रहे। दही लूट का कार्यक्रम हुआ। युवराज साहू ने इस अवसर पर कहा कि भगवान् श्रीकृष्ण ने हमेशा धर्म का साथ दिया है, उनके बताये हुए मार्ग में हम सबको चलना है, हम सबको धर्म के रक्षा के लिए काम करना है, दामिनी साहू ने सभी महिलाओं से अपील की, कि 15.सितंबर को स्थानीय साहू सदन में तीज मिलन कार्यक्रम में आना है। कार्यक्रम का संचालन रेखूराम साहू ने किया, आभार पुरुषोत्तम साहू ने किया। आयोजन में मोहन लाल साहू संरक्षक, लैलन कुमार साहू सलाहकार, पूर्व अध्यक्ष तोरण साहू, रूप लाल साहू, गोविन्द साहू, संत राम साहू, राधा साहू, दौपती साहू, किशन साहू, अजीत साहू, पूर्णिमा साहू, पीयूष साहू, शीतल साहू,रेखा साहू, गायत्री साहू, पुरुषोत्तम साहू, विमला साहू, अनुसुइया साहू, राधिका, रामसिंह, शिवबती साहू, रिनेश्वरीसाहू, खेमीन साहू, लिलेश्वरी साहू, लोचन, गजेंद्र साहू, नवीन साहू, अनिता, ललिता सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी



### जगह जगह हुआ दही लूट का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में स्थित मंदिरों सहित ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के साथ मनाया गया शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष आयोजन धूमधाम से किया गया इस दौरान जगह-जगह दही लूट से लेकर भगवान कृष्ण की प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया जहां पर उनका स्वागत करते हुए लोग श्रद्धा पूर्वक प्रसाद ग्रहण करते रहे। इसके अलावा जन्माष्टमी के उत्सव में लोगों ने भगवान कृष्ण की जन्म उत्सव को अपने घरों में मनाया गया वही मंदिरों में कृष्ण भगवान का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जिला मुख्यालय में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में भी इस वर्ष सादगी के साथ कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया जहां पर मंदिर के आचार्य ने सुबह भगवान श्री कृष्ण एवं माता राधा का स्नान कराया गया तथा सिंगार करने के बाद षोडशोपचार पूजा अर्चना कर पंजरी एवं पंचामृत का भोग चढ़ाया गया और आरती किए ,वहीं रात बारह बजे भगवान कृष्ण के जन्म पर विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती किया गया

### जन्माष्टमी पर रही रही चीजगांव में धूम

शहर के के आलावा ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्थानों पर जन्माष्टमी पर्व पर सोमवार को हांडी फोड़ का आयोजन रखा गया। इस दौरान मटका फोड़ का आयोजन भी किया गया। जिसमें अनेकों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बहुत से प्रतिभागी मटका फोड़ने में सफल रहे। मटका फोड़ आयोजन में युवा समिति के द्वारा 10 रूप एंट्री फीस जमा करने पर 50 रु जीतने वाले के लिए रखा गया था। मटका फोड़ तत्पश्चात हांडी फोड़ का आयोजन हुआ जिसमें बच्चे से लेकर जवान - बुढ़े भी इस मटका फोड़ का आनंद लिया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन इस आयोजन का आनंद लिया। लगातार प्रयास के बाद हांडी फोड़ने में प्रतिभागी सफल हुए। मटका फोड़ एवं हांडी फोड़ का आयोजन शीतला मंच प्रांगण पर किया गया।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन की प्रांतीय बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन की प्रांतीय बैठक रायपुर में संपन्न हुई। बैठक में सरकार के युक्तयुक्तिकरण की गलत नीति का प्रदेशव्यापी आंदोलन में शामिल होकर आवाज बुलंद करने का लिया गया निर्णय। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन रायपुर का प्रांतीय बैठक कलेक्ट्रेट गार्डन में संपन्न हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया की युक्तियुक्तकरण के प्रदेशव्यापी आंदोलन मे फेडरेशन भागीदार बनेगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू ने संगठन के विस्तार हेतू सुझाव आमंत्रित किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने प्रांतीय, जिला बॉडी के गठन व विस्तार हेतु प्रस्ताव रखे। युक्तियुक्तकरण के प्रदेश व्यापी आंदोलन मे सभी सदस्यों ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के साथ शामिल होने पर सहमती प्रदान किया। फेडरेशन के मजबूती के लिए सदस्यता अभियान एवं आर्थिक अंशदान पर जोर दिया गया। बैठक को सभी प्रांतीय व जिलाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किया। रायपुर के प्रांतीय बैठक मे छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय मेहर, प्रदेश संरक्षक रेखराज साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष तेजराम कामाड़िया, प्रदेश महासचिव रत्नाकर खूंटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सुर्यलाल साहू, प्रदेश महामंत्री मितेंद्र बघेल, जशपुर जिलाध्यक्ष महेश यादव सहित सभी प्रदेश,जिला व ब्लॉक अध्यक्ष गण शामिल हुए।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा के प्रसिद्ध श्री राधा कृष्ण बड़े मंदिर में प्रभु के दर्शन कर आर्शीवाद लिया



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कवर्धा के प्रसिद्ध राधा कृष्ण बड़े मंदिर में प्रभु के दर्शन कर आर्शीवाद ली। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने मंदिर में राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने मंदिर में उपस्थित भक्तों से भेंट कर उन्हें जन्माष्टमी की बधाई दी। इस अवसर पर कैलाश चद्रवंशी, मनीराम साहू, खिलेश्वर साहू, उमंग पाण्डेय, निर्मल द्विवेदी, नरेन्द्र मानिकपुरी, अजय सिंह ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## 9 जुआडियान से नगदी रकम 12,260 रूपए जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 25.08.2024 को थाना साजा क्षेत्रांतर्गत निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के पास आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना साजा पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें प्रकरण दर्ज कर 09 जुआडियानो कन्हैया निषाद उम्र 35 साल, सुरेन्द्र निषाद उम्र 55 साल, मिथुन लोधी उम्र 32 साल रमेशर निषाद उम्र 37 साल, देवेन्द्र वर्मा उम्र 19 साल, चुनु वर्मा उम्र 39 साल, युवराज जंघेल उम्र 24 साल, साहेद जंघेल उम्र 30 साल, लेखु वर्मा उम्र 35 साल सभी साकिनान ढाप थाना साजा जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फ्ड से कुल जुमला नगदी 12,260/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना साजा उप निरीक्षक यशवंत जंघेल, प्रधान आरक्षक येमन बघेल, आरक्षक पियुष सिंह, अमित सिंह एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

## कुम्हारी में एक दिवसीय वृद्ध जन स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता शिविर आज

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

वृद्धजनों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जन जागरुकता शिविर का प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. रवि सिदार ने बताया कि संचालनालय आयुष विभाग छ.ग. शासन की योजना पर जिला आयुर्वेद अधिकारी दुर्ग (छ.ग.) के मार्गदर्शन में वार्ड क्र.-10 कच्छ गुजराती भवन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुर्वेद औषधालय कुम्हारी द्वारा वृद्धजनों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जन जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सभी प्रकार के नये-पुराने साध्य-आसाध्य रोग जिनमें मुख्यतः वात रोग, गठिया वात, आम वात, लकवा, मधुमेह, चर्म रोग उच्च रक्त चाप, श्वास रोग, उदर रोग, मानसिक रोग, बवासीर (अर्श रोग) भगंदर आदि रोगों का निदान उपचार, परामर्श एवं औषधि निःशुल्क प्रदाय किया जावेगा। शिविर में विशेषतः वरिष्ठ चिकित्सक एवं महिला चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में निःशुल्क बी.पी., शुगर, हीमो ग्लोबीन एवं नेत्र परीक्षण की सुविधा रहेगी। शिविर में सभी प्रकार के नये-पुराने साध्य, आसाध्य रोग निदान उपचार, परामर्श एवं निःशुल्क औषधि प्राप्ति हेतु आधार नंबर एवं मोबाईल नंबर साथ में लेकर आना अनिवार्य है।

## अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने व न्याय करने वाले थे बाबा गुरु बालकदास जी : विधायक दीपेश साहू



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा के ग्राम सोढ़ में सोमवार को क्रांतिकारी समाज सुधारक व सतनामी समाज के आंदोलन प्रेरणा स्त्रोत गुरु बालकदास की 219 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। इस दौरान विधायक दीपेश साहू नवनिर्मित सांस्कृतिक रंग मंच का फीता काटकर लोकार्पण किया। और उपस्थित प्रबुद्ध जनों को बाबा गुरु बालकदास जयंती और कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि बाबा बालकदास अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और न्याय करने वाले थे। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। बाबा गुरु बालक दास जी ने जिस तरह सत्य और अहिंसा का मार्ग चुना। इस तरह हम सबको सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना है। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने राज्य सरकार महतारी वंदन योजना, किसान न्याय योजना,जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे भाजपा सरकार की विभिन्न योजनाओं का बखान किया। इस दौरान बेरला जनपद अध्यक्ष प्रीतम चंदेल, कन्हैया सेन, पुरुसोत्तम यादव, सतनामी समाज के सामाजिक बंधु, सरपंच अश्वनी रूपेंद्र पाटिल सहित समस्त ग्रामवाशी मौजूद रहे।

## विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों और गांवों को जनमन की योजना का लाभ मिले : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से कबीरधाम जिले में निवासरत् विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवार और बैगा बाहुल्य गांवों और क्षेत्रों में बुनियादी और भूलभूत सुविधाओं को विस्तार तेजी से किया जा रहा है। जिले के बैगा बाहुल्य बोडला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा के विशेष पिछड़ी जनजाति 260 बसाहटों को इस योजनाओं क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन बसाहवट ग्रामों में पीएम जनमन योजना के तहत तहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पीएम जनमन योजना के तहत बोडला विकासखण्ड के ग्राम भीरा, भोंदा और सुदूर तथा दुर्गम पहाड़ियों के उपर बसे भुरसी पकरी बैगा बाहुल्य ग्रामों में आयोजित शिविर में शामिल हुए। उन्होंने जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। कलेक्टर ने बैगा ग्रामीणजनों के बीच पहुंचकर केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल प्रधानमंत्री जनमन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि पीएमजन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के प्रत्येक परिवारों और ग्रामों तथा उनके आश्रित ग्रामों तक इस योजनाओं का क्रियान्यन होनी चाहिए। योजना के तहत सभी प्रात्र ग्रामीणों को इस का लाभ मिलना चाहिए। कलेक्टर ने शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड बनाने आए सभी ग्रामीण जनों के आवेदनों का अवलोकन किया और प्रात्रता के आधार पर शीघ्रता से इस योजना से जोडने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के निर्देश दिए।

# श्री कृष्ण के द्वारा दिये उपदेशों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए : भूपेश बघेल




पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में न्यू यंग चैलेंजर ग्रुप शांति नगर कुम्हारी द्वारा 320 कॉलोनी में दिन सोमवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव व मटका फोड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सम्मिलित हुए। उन्होंने आयोजक समिति एवं श्री कृष्ण और राधा के स्वरूप धारण किये नन्हे मुन्ने बच्चों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान विष्णु के आठवें अवतार के रूप में भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया, आज के दिन बच्चें बड़े खुश रहते है माताएं बड़ी प्रसन्न होती हैं। इसका मुख्य कारण है भगवान श्रीकृष्ण की 16 कलाएं जिसमें वे पूर्ण थे जिसमें सबसे मनमोहक कलाओं में उनके बालरूप को देखा जाता है। आगे बताया कि श्रीकृष्ण को देश में ही नहीं वरन् पूरे संसार के लोग मानते हैं। उनकी अनेक लीलाओं से लोग परिचित भी हैं। उन्होंने बताया कि लोगों के जीवन में बाधाएं कष्ट व संघर्ष होते रहते हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए हमें भगवत गीता के श्लोकों के अर्थ को आत्मसात करने की आवश्यकता है गीता एक अनमोल ग्रंथ है प्रत्येक नागरिकों को श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर चलना चाहिए एवं जीवन की बाधाओं को पार करने के लिए गीता के उपदेश का अध्ययन करना चाहिए। मंच पर भूपेश बघेल ने राजनैतिक उद्बोधन के मध्य कहा कि सत्ता आती जाती रहती है हिम्मत नही टूटनी चाहिए हमने पिछले पांच वर्षो में कुम्हारी व पाटन के लिए कई विकास कार्य किये लेकिन आज नगर में स्वीकृत विकास कार्य के पैसे वापस जा रहे है। आप सभी का विश्वास मिला विधायक बना और विपक्ष में रहकर भी आप लोगों का विकास करना है। उद्बोधन के अंतिम कड़ी में कहा कि सभी के साथ मिल कर न्याय की लड़ाई लड़ना है। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद प्रमोद सिंह राजपूत, ओमनारायण वर्मा, प्रमोद चंद्राकर, शांति टण्डन, पूर्व पार्षद कुंदनसिंह राजपूत, अमन सोनी, भूपेंद्र राजपूत सहित आयोजक समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सर्वोदय पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर हुई विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





हिंदु धर्म के प्रमुख त्यौहारों में से एक भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव है। यह दिन उत्साह, भक्ति और सांस्कृतिक धरोहरों का प्रतीक है। इसी उपलक्ष्य में 26 अगस्त को सक्ति की प्रतिष्ठित संस्था सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चन्द्रपुर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रमों की शुरुवात श्रीकृष्ण प्रतिमा के पूजन-अर्चन से की गई' इन कार्यक्रमों में मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा कि अधिकांश छात्र-छात्राएँ श्रीकृष्ण एवं राधारानी के वेश भूषा में सुसज्जित होकर विद्यालय पहुंचे थे। कार्यक्रमों में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 4 थी तक के छात्र छात्राओं के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्र-छात्राएँ श्रीकृष्ण राधारानी, सुदामा, बलराम, ग्वाल-बाल, गोपियाँ, माता यशोदा, कंस, शेषनाग, वासुदेव के परिधान धारण किए हुए थे। विद्यार्थीगण सभी पात्रों का रुप धारण कर भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के महत्वपूर्ण घटनाओं को जीवंत रुप में प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर लिया जिन्हें पालकों एवं अतिथियों द्वारा खुब सराहा गया। जिससे विद्यालय परिसर में भ्रमण करते समय गोकुल, मथुरा, वृन्दावन एवं बरसाने की छवि नेत्रों के सम्मुख नजर आ रही थी। श्रीकृष्ण भक्ति से संबंधित गीत पर श्रीकृष्ण जी को प्रिय महारास की झाँकी गीत एवं नृत्य के माध्यम से भी प्रस्तुत की गईकक्षा 5 वीं से 12 वीं के छात्र-छात्राओं के लिए मटकी फोट एवं मण्डाला आर्ट प्रतियोगिता रखा गया था यह प्रतियोगिता रेड, ब्लू, ग्रीन एवं येलो हाऊस चार वर्गो में सम्पन्न हुई। मटकी फोड कार्यक्रम भव्य रुप से आयोजित किया गया मटकी फोडने के लिए चारों हाऊस के छात्रों ने पिरामिड बनाकर शारीरिक कौशल एवं एकजुटता का परिचय देते हुए ऊँचाई पर बंधे मटकी को फोड कर अपने-अपने हाऊस को जिताने के लिए भरसक प्रयास किए। चारों हाउस के छात्र-छात्राओं को बराबर अवसर प्रदान किया गया था जिसमें सबसे कम समय पर मटकी फोडकर रेड वाले हाउस के विद्यार्थी विजयी हुए। इस आयोजन पर पूरा विद्यालय परिसर श्रीकृष्ण भक्ति से सराबोर हो गया था, इस अवसर पर विद्यालय के संचालक मनोज अग्रवाल, किशोर अग्रवाल एवं वंशिता अग्रवाल भी उपस्थित रहे। उन्होनें छात्र-छात्राओं के इस सुंदर प्रस्तुति के लिए विद्यार्थियों विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है जो उनके जीवन में महत्वपूर्ण भुमिका निभाते हैं।

# संस्कार पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर बच्चों ने दी सुंदर प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला सक्ति के प्रतिष्ठित सी.बी.एस.ई बोर्ड वाले अंग्रेजी माध्यम संस्कार पब्लिक स्कूल में 23 अगस्त ,2024 को ' श्रीकृष्ण जन्माष्टमी ' बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान के साथ शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलित कर श्रीकृष्ण कि आराधना किया गया और इसी स्तुति के साथ ही कार्यक्रम का आगाज़ हुआ,इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा नर्सरी से केजी टू के बच्चों ने राधा - कृष्ण की वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कक्षा प्रथम से द्वितीय के बच्चों ने माखनचोर की भूमिका अदा कर अपनी कला का प्रदर्शन किया,कक्षा तीसरी से पांचवीं कक्षा के बच्चों ने लड्डू गोपाल के साथ मंदिर को सजाया । कक्षा छठवीं से आठवीं के छात्रों ने झूले में श्रीकृष्ण के बालरूप को झूला झुलाकर माखन ङ्क मिसरी का प्रसाद वितरित किया। कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के छात्रों ने मटकी फोड़ कार्यक्रम में श्रीकृष्ण और गोपी बनकर कार्यक्रम को एक नया आयाम प्रदान किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान व सुश्री रूपल उपाध्याय ने विद्यार्थियों की कला की सराहना करते हुए उनका उत्साह को बढ़ाया। प्राचार्य जी ने कहा कि सभी को भगवद गीता के उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए। वहीं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कर्म करते रहना चाहिए और फ्ल की इच्छा नहीं रखना चाहिए। प्राचार्य और स्कूल चेयरमैन प्रकाश चंद अग्रवाल के द्वारा समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों और छात्रों को शुभकामनाएं दिया गया । इस अवसर पर कृष्ण सज्जा, राधा सज्जा, मटका सज्जा, मुकुट सज्जा तथा मोरपंख का दृश्य सभी को आकर्षित कर रहा था। स्कूल का वातावरण कृष्णमय हो गया था। मंच संचालन शिक्षिका दीपिका यादव द्वारा किया गया तो वहीं नवीन बिल्डिंग में शिक्षिका यास्मीन अंसारी व नियति वैष्णव द्वारा किया गया। लीलाधर कृष्ण के जीवन पर आधारित भाषण क्रमशः न्यू व ओल्ड बिल्डिंग में शिक्षक घनश्याम पटेल व विकास पांडे द्वारा दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के कड़ी में, शिक्षिका मधुमिता दास द्वारा भव्य नृत्य का मंचन किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सांस्कृतिक प्रभारी योगिता शर्मा व गतिविधि प्रभारी संगीता चौबे के दिशा ङ्क निर्देश के साथ समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों का योगदान उल्लेखनीय रहा। वहीं न्यू व ओल्ड बिल्डिंग में आभार प्रदर्शन शिक्षिका प्रीति देवांगन व तेजस्विनी वैष्णव द्वारा किया गया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का सफ्लता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# नहीं रहे सक्ती के जे एल एन डी कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक डॉक्टर एस सी चौबे, महाविद्यालय परिवार ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से शक्ति अंचल के प्रतिष्ठित इकलौते जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के लगभग 40 वर्षों तक सेवाएं देने वाले प्राध्यापक डॉक्टर श्यामा चरण चौबे का 26 अगस्त को 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया, प्रोफेसर चौबे की अंतिम संस्कार यात्रा उनके बिलासपुर स्थित निवास से निकलकर बिलासपुर के भारतीय नगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ, शक्ति नगर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय जेएलएन डिग्री कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राध्यापक तथा अर्थशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर विभागद्धध्यक्ष प्रोफेसर श्याम चरण चौबे जी का 26 अगस्त 2024 को दोपहर 3:00 बजे बिलासपुर में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया, प्रोफेसर चौबे जी का जन्म 27 जुलाई 1935 में हुआ था,वे 40 वर्ष की दीर्घ सेवा के पश्चात वर्ष 1995 में सेवानिवृत हुए थे, प्रोफेसर चौबे तारिणी चौबे के पति तथा डीपी विप्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक निधीश चौबे के पिता थे, तथा स्मृति चौबे के ससुर थे, शक्ति शिक्षण समिति तथा महाविद्यालय परिवार ने इस संकट की घड़ी में अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी है,महाविद्यालय की वर्तमान प्राचार्य डॉक्टर शालू पाहवा ने इस दुखद घड़ी में अपनी संवेदना और श्रद्धांजलि अर्पित की है, तथा महाविद्यालय परिवार की क्षति बताया है,ज्ञात हो की डॉक्टर श्यामा चरण चौबे महाविद्यालय ने एक प्रतिष्ठित प्रत्यापक के रूप में चार दशक तक लंबी सेवाएं दी,तथा उनकी लोकप्रियता का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि वे अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच काफी लोकप्रिय थे, एवं वे पिछले कुछ वर्षों से अस्वस्थ होने के कारण बिलासपुर में रह रहे थे एवं शक्ति शहर में उनका निवास जेएलएनडी कॉलेज के ठीक सामने था एवं विगत कुछ वर्षों से वे साहित्य के क्षेत्र में भी काफी लोकप्रिय थे, तथा विगत महीनो उनकी स्वरचित एक पुस्तक का भी विमोचन हुआ था, तथा उनके निधन से जहां पूरे शक्ति आंचल में शोक की लहर है, तो वहीं वे अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से शक्ति रियासत के भी एक पारिवारिक सदस्य के रूप में जाने जाते थे, एवं शक्ति के राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह से उनका गहरा नाता था एवं बीच-बीच में राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह स्वयं उनसे मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाने पहुंच जाते थे।

# पुलिस की मदद से शहर के दुल्हन साड़ी शोरूम के पास महिला के खोए हुए पैसे मिले वापस

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला पुलिस जहां निरंतर अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में कार्य कर रही है, तो वहीं आम जनता द्वारा उसकी छोटी-छोटी परेशानियों के निराकरण का भी यथासंभव प्रयास करती है, इसी श्रृंखला में करीब डेढ माह पहले जानकी यादव पति सम्मेलन यादव ग्राम- तुर्री थाना-नगरदा द्वारा अपने परिवार वालों के साथ विभिन्न त्यौहारों में मंदिर में नारियल बेचकर बैंक में पैसा जमा किया गया था,खेती किसानी के लिए पैसे की जरूरत पड़ने पर एसबीआई बैंक सक्ती से 25000/- रूपए निकालकर कुछ खरीददारी करने जा रहे थे। तभी दुल्हन साड़ी के पास पैसा गिर गया था, पुलिस थाना सक्ती में सूचना दिए जाने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार कई सीसीटीवी फुटेज को देखा गया। फुटेज के आधार पर रकम पाने वाले का शिनाख्त किया गया। जिनसे पूछताछ करने पर रकम पाना स्वीकार किया और थाना सक्ती में इंदु तिर्की पति शैलेंद्र तिर्की ग्राम कलमी थाना मालखरौदा द्वारा जानकी यादव के गुम हुए पैसे को वापस कराया गया,जानकी यादव द्वारा संवेदनशील पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा का और थाना सक्ती थाना प्रभारी बृजेश तिवारी के साथ सक्ती पुलिस का धन्यवाद किया, इस कार्य मे पुलिस थाना सक्ती के आरक्षक 248 यादराम चंद्रा द्वारा लगातार प्रयास किया गया।

# खेत में अज्ञात शख्स की लाश मिलने से मची सनसनी

- पुलिस मामले की जांच में जुटी, पीएम रिपोर्ट में पता चलेगा मौत का कारण

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ से लगे महापल्ली गांव के एक खेत में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है। उक्त घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महापल्ली गांव में एक खेत में एक अज्ञात व्यक्ति की सायकल सहित लाश मिली है। मृतक की उम्र करीब 45 साल बताई जा रही है। मृतक के पहने हुए कपड़े और मौके पर मिले हेलमेट की वजह से आशंका जताई जा रही है मृतक आसपास के प्लांट में काम करता होगा। गांव के ग्रामीणों ने सोमवार की दोपहर मृतक की लाश गांव के ही मनीष प्रधान के खेत में मिलने की सूचना चक्रधर नगर थाने में दी। घटना की जानकारी मिलने पर चक्रधर नगर पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेजते हुए मृतक की शिनाख्त में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर के कहीं भी चोट के निशान नही मिले है। जिससे पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद मृतक के मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# चरित्र शंका में पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




थाना कापू क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कदमडोढ़ी (मुडाटिकरा) में कल 25 अगस्त के भोर में पति-पत्नी के बीच गंभीर मारपीट की घटना हुई । घटना में संजय लकड़ा ने अपनी पत्नी मरियम लकड़ा (28 साल) पर चरित्र शंका के चलते सब्जी काटने वाले चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना के समय मरियम ने बचाव के लिए तालाब में छलांग लगा दी, आस-पड़ोस के लोग आये तो बाहर निकली और घटना बताई। मरियम ने बताया कि रात्रि अपने पति और चार बच्चों के साथ सोई थी, भोर करीब 04.00 बजे संजय लकड़ा ने चरित्र शंका पर चाकू से पेट पर हमला किया। मरियम को गंभीर हालत में कापू के शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे अंबिकापुर के शासकीय अस्पताल में रेफर किया गया है, जहां मरियम का इलाज जारी है। थाना कापू में आरोपित संजय लकड़ा ग्राम कदमढोढी (मुडाटिकरा) पर धारा 109 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा थाना कापू के प्रभारी निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय लकड़ा को फरार होने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने गवाहों के सामने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद पुलिस ने उसके मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर संजय लकड़ा को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। टीआई नारायण सिंह ने बताया कि एसपी दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन व एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर सभी आवश्यक कानूनी कदम उठाए है।

# मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर रायगढ़ में मनाया गया जन्माष्टमी पर्व, कई सालों से चली आ रही परंपरा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के पांच दिनों तक मनाये जाने वाले जन्माष्टमी पर्व का 24 अगस्त की शाम से आगाज हो चुका है। यहां के जन्माष्टमी मेले में शामिल होनें हर साल अलग-अलग जिलों के अलावा अलग-अलग राज्यों से लोग भारी संख्या में शामिल होते है और गौरीशंकर मंदिर के अलावा श्याम मंदिर में लगाई गई आकर्षक मनमोहन झांकियों का आनंद उठाते हैं। इस मेले को अब 72 साल पूरा हो चुका है। सोमवार की रात रात 12 बजे गौरीशंकर मंदिर में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई । वहीं श्याम बगीची में लगाई गई जीवंत झांकियों को देखने भक्तों की अपार भीड उमड़ रही है। गौरीशंकर मंदिर ट्रस्ट के सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि सन् 1950 में गौरीशंकर मंदिर का निर्माण हुआ था और इसके दो साल बाद 1952 से रायगढ़ शहर में लगातार जन्माष्टमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस मेले को अब 72 साल पूरा हो चुका है। गौरीशंकर मंदिर के ट्रस्ट के द्वारा हर साल मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित करने लिये नये-नये स्वचलित झांकियों का आयोजन किया जाता है। ठीक इसी तर्ज पर बीते 26 सालों से संजय काम्पलेक्स श्याम बगीची में भी श्री श्याम मंडल द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पांच दिनों तक मनभावन झांकियों के अंतर्गत मंदिर परिसर में तीन झांकियां लड्डू गोपाल, राधा - कृष्ण, बांके बिहारी की लगाई जा रही है।

# मवेशी तस्करी करते हुए 02 आरोपियों को जांजगीर पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




मवेशी तस्करी करते हुए 02 आरोपियों को जांजगीर पुलिस ने किया गिरफ्तार। थाना जांजगीर पुलिस को मुखबीर सुचना मिला कि एक वाहन में मवेशियों को भरकर ले जा रहा है की सूचना पर रेड कार्यवाही कर मुनुन्द मोड़ फोरलेन मे वाहन क्रमांक CG-04- NS 8825 वाहन को रोककर वाहन में सवार चालक को पूछताछ किया गया। मौके पर आरोपी जितेन्द्र कुमार संकवार निवासी सत्ती पो. भोगनी थाना सत्ती जिला कानपुर (उ.प्र) द्वारा अपने मेमोरंडम मे जुर्म स्वीकार कर अपने साथी गुलजार अहमद के साथ अपने एक अन्य साथी के कहने पर उक्त वाहन को लेकर पामगढ़ जाने वहां वाहन मे 20 नग मवेशी लोड कराया तथा 10,000/- रूपये खर्च हेतु देकर तथा हेल्फर को 1000/- भत्ता देने वाहन का कोई कागज नही देने तथा मवेशी का कोई रसीद आदि नही होना बताया है। उक्त वाहन आयसर डी.सी.एम. CG -04- NS 8825 मय चाबी तथा 20 नग भैस -भैसा, नगदी रकम 10,000/- एक नग विवो मोबाईल, चालक लायसेंस को पेश करने तथा आरोपी गुलजार अहमदवार्ड नं. 24 आजाद चौक श्यामली थाना कोतवाली श्यामली जिला श्यामली (उ.प्र.) के द्वारा मोबाईल को पेश करने पर समक्ष गवाहो के बरामद किया गया है।


**न्यायालय तहसीलदार भोथिया जिला-सक्ती, (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क. / अ-2/2023-24
साकिन- भोथिडीह, तहसील भोथिया

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री परमेश्वर सिंह चंद्रा पिता नारायण सिंह चंद्रा साकिन भोथिडीह तहसील भोथिया के द्वारा उनके नाम पर ग्राम भोथिडीह में स्थित भूमि खसरा नंबर 722/3 रकबा 0.97 एकड भूमि है। जिसे 722/3 रकबा 0.97 एकड भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई एस ब्रिक्स एवं राईस मिल) हेतु डायवर्सन कराने हेतु अनु.अधि. (रा.) सक्ती में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 06/09/24 के पूर्व अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 23/8/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भोथिया



AU SMALL FINANCE BANK चलो आगे बढ़ें

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें
अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी विक्रय सूचना आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड(ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को "जैसे है जहाँ है" एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।

यह सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह-ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | 13 ( 2 ) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि | ई-निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060118175793, भूषण लाल साहू पुत्र पुनीराम ( ऋणी एवं बंधककर्ता ), शान्ती लाल साहू पुत्र पुनीराम ( सहऋणी ), भुवनेश्वर लाल साहू पुत्र पुनीराम ( सहऋणी ), दूधनाथ साहू पुत्र कुसु राम साहू ( सहऋणी ) | 24-मई-21 9,69,022/- नौ लाख उनहत्तर हजार बाईस रूपये मात्र 22-मई -21 तक | 23-मार्च -23 | संपत्ति स्थित पीएच नं. 30, खसरा नं. 1890, आरएनएम बिर्रा तहसील चम्पा, जिला जांजगीर चम्पा ( छत्तीसगढ ) क्षेत्रफल 648.33 वर्ग मीटर | Rs. 7,00,000/- सात लाख रूपये मात्र | Rs. 70,000/- सत्तर हजार रूपये मात्र | 25-सितम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 23-सितम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: भूतल, तिवारी कॉम्पलेक्स, केरा रोड नायला, जांजगीर 495668 | गोपाल दास बैरागी/ दिपक जैन 7610210556 9773358234 ई.मेलः auctions@aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 19 सितम्बर 2024 |

ई–निलामी बिक्री के नियम और शर्तेः
1. बंधक परिसंपत्ति की ई–नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा "जैसा है, जहां है," जैसा है वैसा, "जो कुछ भी है और" नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2.ऑनलाइन ई–निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 IFSC कोड : AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी auctions@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in@bank.auction अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए श्री भानूप्रताप सिंह से संपर्क करें: 9358002663 और ई–मेल auctions@aubank.in

नोटः–यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 15 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

दिनांकः 27.08.2024 स्थानः छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड



**अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु ई–नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में जिसे इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल–एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव –122015 (हरियाणा) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री और शाखा कार्यालय "पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रालपुर के सामने, सीजी 492001" वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत जबकि आईआईएफएल–एचएफएल के प्राधिकारी अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नलिखित ऋण खातों/प्रोसपेक्ट सं. में जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया था, जिसमें आईआईएफएल–एचएफएल की बकाया राशियों की वसूली के लिए "जहां है जैसा है और बिना किसी आधार के बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट www.iiflonehome.com पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण | सांकेतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री राजन कुमार, 2. श्री राधेश्याम शर्मा 3. श्री शीला देवी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10067296) | 12.04.2024 रु. 6,48,425/– (रु. छह लाख अडतालीस हजार चार सौ पच्चीस मात्र) बोली वृद्धि राशि रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि संपत्ति जोकि : के एच नं. 636/3 का खुला डायवर्टेड भूमि भाग, वाके मौजा गोंदवारा, गंगानगर, यतित्यतनलाल, वार्ड नं. 4, पीएच नं. 108/38/37, रायपुर, सीजी-492001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि_क्षेत्र, कॉरपेट_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफलः 924.00, 600.00 | 08.08.2024 कुल बकाया दिनांक 07.08.2024 तक रु. 6,43,670/– (रु. छह लाख तैतालीस हजार छह सौ सत्तर मात्र) | रु. 11,83,000/– (रु. ग्यारह लाख तिरासी हजार मात्र) जमा धरोहर राशि (ईएमडी) रु. 1,18,300/– (रु. एक लाख अट्ठारह हजार तीन सौ मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि / समय |
|---|---|---|
| 27.09.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1400 बजे | 30.09.2024 को अपराह्न 05.00 बजे | 03.10.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1300 बजे |

भुगतान का प्रकारः– ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाएगा। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। टिप्पणीः प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष राशि भुगतान के लिए – Login https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount.

नियम और शर्तेः–
1. ई–नीलामी में भाग लेने हेतु, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के साथ अपना विवरण पंजीकृत करना आवश्यक है, को पहले से ही लॉगिन अकाउंट, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के साथ अपना "निविदा फॉर्म" उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) जमा करना होगा और बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान के निर्धारित भुगतान के मोड से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, व्यय, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित बकाये का वहन करना होगा।
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेनदेन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन देना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें। ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोली फॉर्म जमा करने से पूर्व।
7. विवरण के लिए, ई–नीलामी पर सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com सहायता हेल्पलाइन नं. 1800 2672 499 से संपर्क कर सकते हैं।
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए सोमवार से शुक्रवार 09:30 बजे से 18:00 बजे तक आईआईएफएल एचएफएल के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल पर care@iiflonehome.com लिखें
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को वापस ले लें। अन्यथा आईआईएफएल–एचएफएल किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है, यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत 30 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा

स्थान : रायपुर, तिथि : 28.08.2024 हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन सीटू का हुआ 6 वां सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका (डौंडी-2) यूनियन सीटू का 6 वां सम्मेलन हिंदुस्तान स्टील एंप्लाइज यूनियन (सीटू) दल्ली राजहरा में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि कामरेड गजेंद्र झा उपाध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका राज्य छत्तीसगढ़, विशेष अतिथि कामरेड संगीता महंत महासचिव राज्य छत्तीसगढ़ थे। सम्मेलन में विशेष रूप से हिंदुस्तान स्टील इंप्लाइज यूनियन (सीटू) की ओर से कामरेड विनोद मिश्रा एवं कामरेड जे.गुरुवुलू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रंभा पवार उपाध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका ने किया। सर्वप्रथम कोरोना काल के समय दिवंगत हुए वरिष्ठ ट्रेड यूनियन एवं आंगनबाड़ी यूनियन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई। सम्मेलन में केंद्र सरकार के द्वारा वर्तमान में जो शिक्षा नीति लाई जा रही है उसका विरोध किया गया द्य सम्मेलन का संचालन कर रही रंभा पवार ने बतलाया कि सरकार कि एन ई पी 2020 नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बालवाड़ी लाया है। जिसमें कहा गया है कि 5 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को ही पढ़ने के लिए स्कूल भेजना है। जबकि इसके विपरीत निजी स्कूलों में नर्सरी क्लास के जी -2 के नाम से 4 वर्ष में बच्चों को भर्ती ले रहे हैं। इसके लिए भी रोक नहीं लगा है क्योंकि निजी स्कूलों के मालिकों के द्वारा अपने धंधा बढ़ाने के लिए अच्छी खासी मोटी रकम डोनेशन के रूप मे मिल रही है, तो रोक क्यों लगाएगी? इस प्रकार से मोदी सरकार की शिक्षा नीति जिसमें हमें बहुत ही खतरा नजर आ रहा है।




यह हमारे लिए चिंता का विषय है, यह नीति हमारी आंगनबाड़ी को भी समाप्त कर देगी द्य इसे मिलकर बचाने के लिए सोचना होगा। यह युग दौड़ने का है कोई भी अपने बच्चों का 2 वर्ष बर्बाद नहीं करना चाहता। इसलिए लोगों का रुझान निजी स्कूलों पर है। धीरे-धीरे पालकों का सरकारी स्कूलों के तरफ झुकाव बंद हो जाएगा और सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगें। एकीकृत महिला एवं बाल विकास योजना आईसीडीएस के संदर्भ में मौजूदा केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें कहा गया कि निरंतर 15 वर्षों से केंद्र सरकार द्वारा आंगनबाड़ी में कुछ ना कुछ परिवर्तन कर निजीकरण लाया जा रहा है। जिसमें पोषण आहार, नंद घर इत्यादि बंद किया गया है। आईसीडीएस को मजबूर करने और सरकारी कर्मचारियों के रूप में मान्यता मिले यह प्रस्ताव रखा गया। जिसमें कहा गया है कि विगत 1984 से कार्यरत्त 30 से 35 वर्षों तक कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। कार्यकर्ता एवं सहायिका को सरकारी कर्मचारी की मान्यता मिले यह प्रस्ताव सम्मेलन में रखा गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को ग्रेच्युटी मिले, जिसमें कहा गया है कि 30 से 35 वर्ष से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्यरत है द्य इन्हें ग्रेच्युटी का अधिकार है जिसे सरकार को देना चाहिए। यह प्रस्ताव आगामी आंदोलन के लिए प्रेषित किया गया है। तथा चौथा प्रस्ताव रखा गया कि आईसीडीएस के लिए बजट में कटौती केंद्र सरकार के द्वारा किया गया है। जिसमें कहा गया कि केंद्र सरकार के द्वारा 300 करोड रुपए की राशि आईसीडीएस के बजट में कटौती की गई है। जिसका सभी को मिलकर विरोध करना होगा।

मुख्य अतिथि कॉमरेड गजेंद्र झा ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा लाई गई शिक्षा नीति का हमारा यूनियन पूरा जोर विरोध करता है। सरकार एक तरफबच्चों को विकास, बेहतर शिक्षा की बात करती है। तो दूसरी ओर सोची समझी साजिश के तहत स्कूलों में उम्र का बंधन ला देता है। जिसमें कहा गया कि आप 5 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को ही आंगनबाड़ी में प्रवेश दे सकते हैं द्य जबकि निजी स्कूलों में 4 वर्ष के बच्चों को प्रवेश देने के लिए कोई मनाही नहीं की गई है। जिसका नुकसान आंगनबाड़ी को होग। लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाएंगे जिससे दर्ज संख्या की कमी बताकर सरकार के द्वारा आंगनबाड़ी को बंद कर दिया जाएगा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बेरोजगार हो जाएंगे। कामरेड संगीता महंत ने कहा कि 30 से 35 वर्ष कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सरकार की ओर से कोई ऐसी योजना नहीं है। जिससे उन्हें रिटायरमेंट होने के बाद पेंशन या ग्रेच्युटी मिल सके। सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मजाक कर रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सरकार सरकारी कर्मचारी ही नहीं मानती है। जबकि सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का पूरा सहयोग रहता है। हमारा यूनियन चाहता है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी घोषित करते हुए उन्हें ग्रैजुएटी और पेंशन का अधिकार दिया जाए। हिंदुस्तान स्टील इंप्लाइज यूनियन सीटू के उपाध्यक्ष कामरेड विनोद मिश्रा ने कहा कि निजी स्कूलों और सरकारी स्कूल का मापदंड में जो अंतर है उसे खत्म किया जाए। सरकारी स्कूल उनका स्वयं का स्कूल है उसमें पढ़ने वाले बच्चों तथा पढ़ाने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की ओर से विभिन्न योजनाएं लाई जाए। ताकि लोग सरकारी स्कूलों के तरफ आकर्षित हो द्य सरकार की दमनकारी योजना का सीटू पूरा विरोध करता है तथा जब भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सरकार का विरोध करने में आंदोलन की जरूरत हो तो पूरा सीटू कार्यकर्ता आपके साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़े रहेंगे।

## इंडस्ट्री के डिलीवरी एसोसिएट्स को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से एमेज़ॉन इंडिया ने लॉन्च किया 'प्रोजेक्ट आश्रय'




पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

डिलीवरी एसोसिएट्स को बेहतर सुविधा देने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता के रूप में, एमेज़ॉन इंडिया ने 'प्रोजेक्ट आश्रय' लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम के तहत विभिन्न रेस्ट-पॉइंट्स स्थापित किए जाएँगे, जहाँ संपूर्ण लॉजिस्टिक इंडस्ट्री के ड्राइवर्स को दिल्ली एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे शहरों में इन आश्रय स्थलों पर आराम करने की सुविधा मिल सकेगी। उदयसा फाउंडेशन के साथ साझेदारी में शुरुआती स्तर पर अधिक आवागमन वाले स्थानों पर पाँच आश्रय केंद्र स्थापित किए जाएँगे। पहले केंद्र का उद्घाटन मिचिको मियामोतो, इंडिया कंट्री डायरेक्टर, इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइज़ेशन द्वारा बुलेवार्ड, मालिबू टाउन, सेक्टर 47, गुरुग्राम में किया जाएगा। अभिनव सिंह, वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशंस, एमेज़ॉन इंडिया, ने कहा, एमेज़ॉन में, हम डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए ऑन-रोड अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इंडस्ट्री-प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर और उन्नत प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। 'प्रोजेक्ट आश्रय' ड्राइवर के आराम और भलाई को बढ़ाने के हमारे प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आवश्यक सुविधाओं के साथ समर्पित रेस्ट-पॉइंट्स स्थापित करके, हमारा लक्ष्य तमाम डिलीवरी एसोसिएट्स को, चाहे वे अमेज़ॅन या अन्य कंपनियों के साथ हों, काम के दौरान एक आरामदायक और सहायक वातावरण प्रदान करना है। मिचिको मियामोतो, इंडिया कंट्री डायरेक्टर, इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइज़ेशन, ने कहा, एमेज़ॉन के आश्रय केंद्रों के लॉन्च से डिलीवरी एसोसिएट्स को आराम करने और रिचार्ज करने के लिए सुरक्षित व आरामदायक स्थान उपलब्ध होंगे। यह विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों को सुनिश्चित करने की एमेज़ॉन की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## छ.ग. राज्य बेंचप्रेस प्रतियोगिता में जय हनुमान व्यायाम शाला कुम्हारी का वर्चस्व किया प्रदर्शित

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

जय हनुमान व्यायाम शाला के पावरलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग के कोच पूर्व मिस्टर छत्तीसगढ़ प्रदीप झा ने ने जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि 25 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद भवन जेल रोड दुर्ग मे छ.ग. राज्य बेंचप्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में जय हनुमान व्यायाम शाला के खिलाड़ियों ने अपना वर्चस्व कायम रखा। मनोज कुमार सोनकर (मोंचू) ने 66 किलो वर्ग कैटेगरी में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। विवेक शाह ने 74 किलो वर्ग कैटेगरी में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। नितिन साहू 93 किलो वर्ग ने कैटेगरी में स्वर्ग पदक पर कब्जा किया। प्रवीण सतनाकर ने मास्टर कैटेगरी में रजत पदक पर कब्जा किया। साथ ही विवेक शाह ने अपने वर्ग कैटेगरी में स्ट्रांग मैन ऑफद ईयर का भी खिताब जीता जय हनुमान व्यायाम शाला के पावरलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग के कोच पूर्व मिस्टर छत्तीसगढ़ प्रदीप झा ने इस सफलता के पीछे खिलाड़ियों की अथक मेहनत लगन और प्रयास को बताया और भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की प्रति योगिता में और भी अच्छा करने की बात कही। वहीं खिलाड़ियों ने इस जीत का पूरा श्रेय अपने कोच प्रदीप झा को दिया और उन्होंने बताया कि हमारे कोच विगत 4 वर्ष से बिना किसी स्वार्थ के सुबह और शाम आकर खिलाड़ी तैयार करते हैं, ट्रेनिंग देते हैं और आवश्यकता पड़ने पर खिलाड़ियों की आर्थिक मदद भी करवाते हैं। इस प्रति योगिता में विजेता खिलाड़ियों का चयन 14 से 18 अक्टूबर माह में गोवा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बेंचप्रेस प्रतियोगिता में किया गया है।

## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपए की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

दुकली बाई तांडी निवासी आदर्श नगर थाना बसना जिला महासमुंद छ0ग0 के द्वारा थाना बसना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके बेटा का रेल्वे विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर अलग अलग दिनांक एवं किस्तो में कुल 25,00,000 (पच्चीस लाख रूपये) जितेन्द्र कुमार पंडित पिता मन्नू लाल पंडित निवासी वार्ड नंबर 02 ईमलीभांठा महासमुंद द्वारा लेकर मेरे साथ ठगी किया है, प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना बसना में अपराध धारा 420 भादवि. का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलीस की टीम के द्वारा आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर उक्त रकम को अपने खाता से धीरे धीरे



निकालकर स्वंय के द्वारा खर्च करना बताया है। आरोपी के विरुद्ध थाना बसना में अपराध धारा 420 भादवि. के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी का नाम जितेन्द्र कुमार पंडित पिता मन्नू लाल पंडित निवासी वार्ड नंबर 02 ईमलीभांठा महासमुंद थाना व जिला महासमुंद छ.ग. उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही महासमुंद पुलिस द्वारा किया गया है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से दो मवेशियों की मौत, एक बुरी तरह से जख्मी

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के कुम्हारी नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की ठोकर से दो मवेशियों की मौत हो गई वहीं एक बछड़ा बुरी तरह से जख्मी हुआ है। घटना रविवार रात की हो सकती है सुबह जब लोगों ने मृत मवेशियों को वर्धमान पेट्रोल पंप के सामने देखा तो लोगों ने जमकर रोष जताते हुए जिम्मेदार लोगों पर ठीकरा फोड़ा बता दे कि कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लगातार लावारिश मवेशियों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। हर एक गली मोहल्ले में झुंड के झुंड मवेशियां बैठें रहते है। हालांकि प्रशासन अपने स्तर पर मवेशियों की धर पकड़ कर रहे है। बड़ी संख्या में लावारिश मवेशियों को गौठान में रखा जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी बताते है कि प्रतिदिन हाईवे में पालिका काऊ कैचर की टीम द्वारा मवेशियों को पकड़ा जा रहा है। इसके अलावा लगातार मुनादी के माध्यम से पशुधन की सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं आगे बताया कि नगर में लावारिश मवेशी आने का मुख्य कारण आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगे फसल को बचाने के लिए गांव वाले लावारिश मवेशियों को गांव से दूर छोड़ रहे है जिससे मवेशी शहर की ओर रुख कर रहे है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुईं विधायक चातुरी नंद



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ग्राम आंवला चक्का में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की विधिनुसार पूजा अर्चना के साथ-साथ आठे कन्हैया के उपवास भी रखा जाता है। विधायक नंद ने भगवान श्री कृष्ण की महिमा का बखान करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ही है जिन्होंने एक महिला की लाज बताते हुए द्रौपदी की रक्षा की। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण को अर्जुन के सारथी के रूप में दिए उपदेशों को भी ग्रामीणों को विस्तार से बताया। उन्होंने ग्रामीणों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, सरपंच आंवला चक्का मोहरसाय यादव,पुष्पक राठिया,मनोज पटेल, जगदीश यादव, राजेंद्र दीप प्यारेलाल चौहान, ओम प्रकाश चौहान, विजय यादव, अनिल चौहान, ताम्रधर चौहान, हीरालाल सिदार, पंकज श्रीवास्तव, रोहन सिदार, मनोहर साय यादव, अर्जुन बसंत, दीपक सिदार, भगत राम चौहान, बिहारी लाल यादव, रामदास चौहान, उचित राम यादव, संतराम सिदार समेत क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मैट्स विश्वविद्यालय ने छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए वेब स्क्रैपिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया




पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर स्थित मैट्स विश्वविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी स्कूल ने बीसीए और एमसीए कार्यक्रमों के अंतिम वर्ष के छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से वेब स्क्रैपिंग पर एक व्यापक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को डाटा-ड्राईवेन जॉब मार्केट में अत्यधिक मांग वाली वेब स्क्रैपिंग तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें पायथन का उपयोग शामिल था। इस कार्यशाला में डेटा निष्कर्षण, पार्सिंग, और स्वचालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कवर किया गया, जो प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करता है। प्रतिभागियों को विशेष रूप से वेब स्क्रैपिंग के लिए डिज़ाइन किए गए पायथन लाइब्रेरी और टूल्स जैसे कि BeautifulSoup, Scrapy, और Selenium से परिचित कराया गया। इस गहन प्रशिक्षण ने छात्रों को वेबसाइटों से डेटा को कुशलतापूर्वक एकत्रित और संसाधित करने में सक्षम बनाया, जो विभिन्न उद्योगों में अत्यधिक महत्वपूर्ण कौशल है। यह सत्र इस क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञ हर्ष राज द्वारा संचालित किया गया, और इसे शेखर साहू द्वारा समन्वित किया गया। कार्यशाला का आयोजन आईटी विभाग के प्रमुख और प्रोफेसर डॉ. ओमप्रकाश चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का समापन उच्च उत्साह के साथ हुआ, जिसमें महानिदेशक प्रियेश पगारिया ने कार्यशाला को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनका अभिनंदन किया।

## सन नियो के कलाकार संगीता घोष, बृंदा दहल और सिद्धि शर्मा ने जन्माष्टमी को लेकर साझा किए अपने विचार



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

जन्माष्टमी के पर्व को भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। यह पूरी दुनिया में सम्पूर्ण आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इसे न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशों में भी पूरे उत्साह क साथ मनाया जाता है। ऐसे में सन नियो के कलाकार भी कृष्ण के लिए अपनी भक्ति को व्यक्त करने में पीछे नहीं हैं। इस ख़ास मौके को लेकर अभिनेत्री संगीता घोष, बृंदा दहल और सिद्धि शर्मा ने अपनी परंपराओं और इस साल की तैयारियों को लेकर यह कुछ मुख्य बातें बताई। सन नियो के 'साझा सिंदूर' शो में सरोज की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री संगीता घोष ने बताया, बचपन में जन्माष्टमी त्योहार को लेकर मैं बहुत उत्साहित रहती थी क्योंकि हमारे पास घर पर एक छोटा सा चांदी का झूला था। मैं पूरे उत्साह और प्यार के साथ झूले को फूलों से सजाया करती थी, जिसमें उसमे बाल गोपाल को बिठाया करते थे। हर साल, हम अपने घर पर जन्माष्टमी की पूजा आयोजित करते हैं, लेकिन इस बार, मैं सन नियो के 'साझा सिंदूर' शो की शूटिंग में व्यस्त हूं। दिलचस्प बात यह है कि हमारे शो में भी एक जन्माष्टमी सीक्वेंस है, इसलिए हम सेट पर भी इस दिन को धूमधाम से मनाएंगे और हम इन सभी परंपराओं का पालन करेंगे। इसे लेकर मैं वास्तव में बहुत उत्साहित हूं। सन नियो के 'छठी मैया की बिटिया' शो में वैष्णवी की भूमिका निभाने वाली बृंदा दहल ने कहा, भगवान कृष्ण मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं।

## साय सरकार के परिवर्तनकारी कदम से संवर रहा छत्तीसगढ़ : प्रकाश सिन्हा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल के कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गठित नई सरकार आम जनता के जीवन को आसान बनाने और उन्हें एक बेहतर सामाजिक जीवन देने के लिए लगातार काम कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को दूरस्थ अंचलों तक पहुंचाने के लिए भी विशेष कदम उठा रही है, यही कारण है कि नियद नेल्लानार जैसी योजनाएं बड़ा परिवर्तन ला रही है। आम नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रशासनिक कसावट लाकर तेजी से काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में किसानों की बड़ी आबादी है, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था वाले इस राज्य में खेती-किसानी के लिए किसानों को अनुकूल माहौल और आर्थिक मजबूती मिल सके इसका भी सरकार ध्यान रख रही है। सिन्हा ने किसानों की समृद्धि का उद्देश्य को लेकर बताया कि साय सरकार में किसानों के लिए कृषक उन्नति योजना अंतर्गत सरकार 3100 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी कर रही है। किसानों को दो वर्ष का 3716 करोड़ रूपए का बकाया बोनस भुगतान भी कर दिया है। गरीबों को आवास देना साय सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिसे पूरा करते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख से अधिक परिवारों को आवास प्रदान करने का निर्णय लिया है। वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट में 3799 करोड़ रूपए तथा वर्ष 2024-25 के बजट में 8369 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। हितग्राहियों को योजनांतर्गत आवास निर्माण के लिए निःशुल्क रेत की सुविधा दी जा रही है। गरीबों के हित में कदम उठाते हुए एक करोड़ से अधिक परिवारों को 5 वर्ष तक निशुल्क राशन की भी व्यवस्था की है। परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए अपने सपनों को खुशी-खुशी न्यौछावर करने वाली गृहणियों का साय सरकार ने विशेष ध्यान रखा है। महतारी वंदन योजना आज पूरे देश में एक मिसाल के तौर पर उभरी है, जिसमें 70 लाख से अधिक महिला हितग्राहियों को हर माह 1000 रूपए के मान से साल में 12000 रूपए की आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। युवाओं के साथ न्याय हो और सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता आ सके इस दिशा में भी साय सरकार विशेष प्रयास कर रही है। युवाओं को शासकीय भर्ती में बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है। माओवाद प्रभावित इलाकों में छत्तीसगढ़ सरकार के त्वरित और सख्त निर्णय से विगत 6 माह में 136 माओवादी ढेर, 526 गिरफ्तार और 442 का आत्मसमर्पण जैसी उपलब्धियां माओवाद समस्या के पूर्ण निदान की ओर बड़ी सफलता है।

## इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस ने रायपुर में रिटेल स्टोर लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के विभिन्न क्षेत्रों से साड़ियों का व्यापक संग्रह सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराने के लिए प्रसिद्ध बंगाल की अग्रणी रिटेल श्रृंखला, इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस ने रायपुर में अपना नया स्टोर शुरू किया है। स्टोर का उद्घाटन इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस की संस्थापक, प्रतिभा दुधोरिया द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर, प्रतिभा दुधोरिया ने कहा कि आधी सदी से अधिक की विरासत के साथ, इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस पूर्वी भारत की सबसे बड़ी सिल्क साड़ी रिटेल श्रृंखला है। यह ब्रांड अपनी गुणवत्ता, कारीगरी और ग्राहक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस का मिशन है कि गुणवत्ता वाले उत्पादों को सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराना। एक तेजी से बढ़ती रिटेल श्रृंखला के रूप में, हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्राहकों के आशीर्वाद से हम पूरे देश में अपनी रिटेल उपस्थिति स्थापित करने के लिए तैयार हैं और आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साड़ी के साथ, हम दशकों की विरासत को आगे बढ़ाते हैं। यह एक कारीगरी की विरासत है, जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी सौंपा गया है, जहाँ हर धागा धैर्य, रचनात्मकता और सांस्कृतिक गर्व की कहानी कहता है। जैसे ही हम रायपुर में अपनी यात्रा शुरू करते हैं, हम नई यादें बनाने और नई सफलताओं को बुनने की आशा करते हैं। इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस के निदेशक, दर्शन दुधोरिया और लिपिका दुधोरिया ने कहा कि गुणवत्ता और कारीगरी पर गहरी नजर रखते हुए, हम भारत भर के बुनाई समुदायों के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि सर्वोत्तम कपड़े और वस्त्र प्राप्त किए जा सकें। वाराणसी की बारीक बनारसी सिल्क साड़ियों से लेकर पश्चिम बंगाल की रंगीन बलूचरी साड़ियों तक, हमारे स्टोर में हर पीस एक अनोखी कहानी कहता है और अपने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस एक ऐसा मंच है जो भारतीय पारंपरिक परिधानों के लिए एक ही स्थान पर सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है।



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ के रायपुर राजभवन के दरबार हाल में आयोजित छत्तीसगढ़ लोक आयोग के प्रमुख लोकायुक्त न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिपीन उबोवेजा के बड़े भाई इंदर सिंह उबोवेजा के शपथ ग्रहण में सम्मिलित हुए।

**IndusInd Bank**
क्षेत्रीय कार्यालयः
सावित्री टॉवर, 3ए, अपर वूड स्ट्रीट, कोलकाता-700017

परिशिष्ट - IV (नियम 8(1) देखे) कब्जा सूचना (अचल/चल सम्पत्ति हेतु)

जबकि
नीचे हस्ताक्षरकर्ता, इंडसइंड बैंक लिमिटेड के प्राधित अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त खाते के सामने उल्लिखित तारीख को डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें संबंधित उधारकर्ता/गारंटर को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर उक्त खाते के सामने उल्लिखित राशि चुकाने के लिए कहा गया।
ऋणकर्ता/गारंटर द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, ऋणकर्ता/गारंटर और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने ऋणकर्ता/गारंटर के विरुद्ध उल्लिखित तिथि को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के नियम 8 के साथ उसे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है।
विशेष रूप से ऋणी/गारंटर तथा आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है तथा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन इंडसइंड बैंक लिमिटेड द्वारा संबंधित ऋणीध्गारंटर के विरुद्ध नीचे उल्लिखित राशि तथा उस पर ब्याज के लिए प्रभारित किया जाएगा।
ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुडाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

| उधारकर्ता / गारंटर / बंधककर्ता का नाम | अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि और भौतिक कब्जे की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| उधारकर्ताः मेसर्स वैष्णवी ट्रेडिंग कंपनी, श्री गोबिंद प्रसाद शर्मा और श्रीमती नीतू शर्मा | फ्लैट नं. 303, तृतीय तल, ब्लॉक-बी, निर्मित क्षेत्रफल 1450 वर्ग फुट, "ओम श्री किंग कोड" सर्वेक्षण का भाग/ ख नं. 141/1 और 150/1, क्षेत्र 0.042 हेक्टेयर, केएच नं. 152, क्षेत्र 0.060 हेक्टेयर, केएच नंबर 153, क्षेत्र 0.053 हेक्टेयर, केएच नं. 154/1, क्षेत्र 0.030 हेक्टेयर, केएच नं. 162/3 और 207/33, क्षेत्रफल 0.232 हेक्टेयर, ख संख्या 162/7 और 207/47 का हिस्सा, 0.036 हेक्टेयर का क्षेत्रफल, कुल क्षेत्रफल 0.453 हेक्टेयर या 48760 वर्ग फुट - सर्वेक्षण/ ख संख्या 151/2-3-4-5-6, क्षेत्र 0.045 हेक्ट और 151/7, क्षेत्र 0.042 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.087 हेक्टेयर या 9363 वर्ग फुट, कुल भूमि क्षेत्र 58123 वर्ग फुट, खम्हारडीह, शंकर नगर, डॉ भीमराव अम्बेडकर वार्ड नं. 27, आरआईसी-रायपुर -1, पीएच नं. 110, तह - जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 और बिक्री विलेख के साथ संलग्न मानचित्र के अनुसार चौहद्दीः "संपत्ति का विवरण/विवरण श्री गोबिंद प्रसाद शर्मा के नाम से एसआरआई क्रम सं. 7840 पर पुस्तक संख्या-ए-1, खंड संख्या- 72845 में 20.03.2017 को विधिवत पंजीकृत बिक्री विलेख में वर्णित है। | 19.10.2022 और 22.08.2024 | रु. 70,49,271.99 (रु. सत्तर लाख उनचास हजार दो सौ इकहत्तर तथा पैसे निन्यानवे मात्र) |
| उधारकर्ताः श्री गोबिंद प्रसाद शर्मा, मेसर्स वैष्णवी ट्रेडिंग कंपनी और श्रीमती नीतू शर्मा | फ्लैट नं. 303, तृतीय तल, ब्लॉक-बी, निर्मित क्षेत्रफल 1450 वर्ग फुट, "ओम श्री किंग कोड" सर्वेक्षण का भाग/ ख नं. 141/1 और 150/1, क्षेत्र 0.042 हेक्टेयर, केएच नं. 152, क्षेत्र 0.060 हेक्टेयर, केएच नंबर 153, क्षेत्र 0.053 हेक्टेयर, केएच नं. 154/1, क्षेत्र 0.030 हेक्टेयर, केएच नं. 162/3 और 207/33, क्षेत्रफल 0.232 हेक्टेयर, ख संख्या 162/7 और 207/47 का हिस्सा, 0.036 हेक्टेयर का क्षेत्रफल, कुल क्षेत्रफल 0.453 हेक्टेयर या 48760 वर्ग फुट - सर्वेक्षण/ ख संख्या 151/2-3-4-5-6, क्षेत्र 0.045 हेक्ट और 151/7, क्षेत्र 0.042 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.087 हेक्टेयर या 9363 वर्ग फुट, कुल भूमि क्षेत्र 58123 वर्ग फुट, खम्हारडीह, शंकर नगर, डॉ भीमराव अम्बेडकर वार्ड नं. 27, आरआईसी-रायपुर -1, पीएच नं. 110, तह - जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 और बिक्री विलेख के साथ संलग्न मानचित्र के अनुसार चौहद्दीः "संपत्ति का विवरण/विवरण श्री गोबिंद प्रसाद शर्मा के नाम से एसआरआई क्रम सं. 7840 पर पुस्तक संख्या-ए-1, खंड संख्या- 72845 में 20.03.2017 को विधिवत पंजीकृत बिक्री विलेख में वर्णित है। | 19.10.2022 और 22.08.2024 | रु. 44,03,789.96 (रुपये चौवालीस लाख तीन हजार सात सौ नवासी तथा पैसे छियानवे मात्र) |

दिनांकः 22.08.2024
स्थानः रायपुर
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
इंडसइंड बैंक लि.

# मंदिर निर्माण का विरोध कर रहे ग्रामीणों के खिलाफ शिकायत

## पूर्व सरपंच सहित अन्य पर गांव का माहौल बिगाड़ने का आरोप

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत नवागांव में एक समूह द्वारा पैदा किए जा रहे विवादों को लेकर सरपंच व ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात की है। सरपंच मेघा ठाकुर ने बताया कि, गांव में कुछ लोग विकास कार्यों में व्यवधान पैदा कर रहे हैं। यही नहीं वे सामुदायिक माहौल भी खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ स्वार्थी तत्व वहां युवा समूह द्वारा बनाए जा रहे छोटे से राम मंदिर के निर्माण का भी विरोध कर रहे हैं। यह उचित नहीं है। सरपंच व ग्रामीणों के साथ ग्रामीण भाजपा मंडल के महामंत्री कृष्णा तिवारी ने यहां इन विषयों से जिला प्रशासन को अवगत कराया। उन्होंने बताया गांव के कुछ लोग निराधार विषयों पर सूचना का अधिकार लगाकर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। अलग-अलग मामलों को लेकर वे लगातार शिकायतें कर गांव की छवि खराब कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों में रोष है। पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से की गई शिकायत में पूर्व सरपंच डेरहाराम साहू, रुपेश साहू, नागेश धनकर, चंद्रभूषण साहू, ताम्रध्वज साहू, चिंताराम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि, उक्त व्यक्तियों की हरकतों से गांव में सामुदायिक माहौल खराब हो रहा है। जिस तरह की परिस्थितियां पैदा की जा रही है उससे गांव में उन्माद फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने शांति भंग करने वाले उक्त व्यक्तियों द्वारा की गई शिकायतों को खारिज करने व उन पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

मोहला। कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर जनदर्शन में आज 22 आवेदन प्राप्त हुए प्राप्त सभी आवेदनों को ऑनलाइन पंजीयन करने के साथ ही संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। जनदर्शन में आज मानपुर वि.ख. के ग्राम जक्के के समस्त ग्रामवासीयों ने जक्के से कमानसुर तक प्रधानमंत्री सड़क बनवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

ग्रामवासीयों ने आवेदन देते हुए बताया की ग्रामीण जनों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया की उप स्वास्थ्य केन्द्र कमानसूर 6-7 किमी दुर पर सड़क हेतु उचित मार्ग प्रधानमंत्री सड़क बन जाता तो ग्रामीण जनों को आवागमन में परेशानी नही होगी। उन्होंने जल्द-से-जल्द शासन प्रशासन से समस्या का निराकरण करने की मांग की है।

# विवादों के बाद पार्षद चंपू गुप्ता मेयर इन काउंसिल से बर्खास्त

## एक दिन पहले त्याग पत्र में मेयर पर लगाए थे गंभीर आरोप

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पार्षद राजेश गुप्ता चंपू द्वारा महापौर पर लगाए गए गंभीर आरोपों से उपजे विवाद के दूसरे दिन महापौर ने उन्हें मेयर इन काउंसिल से बर्खास्त करने की कार्रवाई की है। महापौर मनोनित होने के उपरांत महापौर हेमा देशमुख ने छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 37 के प्रावधानों के अनुरूप विधिवत मेयर-इन-कांऊसिंल का गठन किया। उनके द्वारा महापौर परिषद में वार्ड नं. 41 के पार्षद राजेश गुप्ता चम्पू को विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य का दायित्व दिया गया था। निगम से जारी विज्ञप्ति में चंपू गुप्ता पर आरोप लगाया गया है कि प्रभारी सदस्य चम्पू द्वारा कुछ दिनों से महापौर के विरूद्ध तत्थ्यहीन एवं निराधार अनर्गल बयानबाजी की जा रही है। जबकि उनके द्वारा महापौर से किसी भी प्रकार का सम्पर्क नहीं किया गया और न ही उनके द्वारा किसी भी माध्यम से चर्चा की गयी, बल्कि महापौर की छवि धुमिल करने का प्रयास किया गया। राजेश गुप्ता चम्पू के इस कृत्य पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने मेयर-इन-काऊंसिल के प्रावधान अनुसार लिखित में पत्र जारी कर गुप्ता को महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य से पृथक किया।

गौरतलब है कि, सोमवार को चंपू गुप्ता ने महापौर परिषद से त्याग पत्र जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा को प्रेषित किया था। इसमें उन्होंने महापौर द्वारा अड़ियल रवैया अपनाने, भाजपा नेता के साथ षड़यंत्र कर उन्हें फंसाने और उनके वार्ड को विकास कार्यों से उपेक्षित रखने का आरोप लगाया था। इसके बाद ही महापौर ने यह कार्रवाई की है।

### परमालकसा को पंचायत बनाने की मांग, ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा



राजनांदगांव। अचानकपुर-भाठापार के आश्रित ग्राम परमालकसा के ग्रामीणों ने अलग पंचायत की मांग की है। गांव वालों ने जिला प्रशासन को परिसीमन कर अलग पंचायत गठन को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने आए रामकिसुन साहू, केशव साहू, कृष्णा साहू, लेखराम साहू, छबिलाल साहू ने बताया कि, विगत 30 वर्षों से गांव विकास के पहलुओं से अछूता है। यहां मूलभूत सुविधाएं भी पर्याप्त तौर पर मुहैया नहीं हो सकी है। गांव वालों ने वर्ष 2019 में परिसीमन में अलग पंचायत गठित किए जाने की मांग की थी। ग्रामीणों ने बताया कि, परमालकसा की जनसंख्या 1500 सौ मतदाताओं की संख्या 720 है।

# सांसद पांडे ने सामाजिक भवन के लिए दिए 5 लाख

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



कोसरिया यादव समाज सर्किल बम्हनी चारभांठा द्वारा आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में मोहगांव पहुंचे सांसद पांडे का यादव समाज द्वारा राऊत नृत्य के साथ स्वागत किया गया। सांसद ने सभास्थल पर विराजमान श्री कृष्ण कन्हैया लाल की प्रतिमा पर पूजा अर्चना, माल्यार्पण किया।

समाज के अध्यक्ष धन्ना लाल यादव ने सांसद को पारंपरिक खुमरी पहनाई। इस अवसर मुख्यरूप से रविंद्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा, चंद्रिका प्रसाद, अजय पटेल, सुरेंदर सिंह भाटिया, संजय कुमार सिन्हा, कांति लाल, कांता प्रसाद साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पांडे ने कहा कि अयोध्या की तरह मथुरा में भी भव्य कृष्ण भगवान का मंदिर बनेगा। इस दौरान उन्होंने सामाजिक भवन के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर कार्यकर्ता व समाज के मुख्या नैनसिंग पटेल, अशोक मरकाम, शीशपाल पटेल, राजेश्वर ध्रुवे, भूखन लाल, टीकम साहू, कुंदन बडोले, तीरथ विश्वकर्मा, छबीलाल यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# घरेलू विवाद में पत्नी को पिटा, मौत

## आरोपी पति गिरफ्तार, जेल भेजा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पुलिस ने महिला की मौत पर पति के खिलाफहत्या का अपराध दर्ज किया है। बसंतपुर पुलिस के मुताबिक, प्रभात नगर निवासी पूर्णिमा गणवीर की ईलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई थी। मौत को संदिग्ध मानते हुए पोस्ट मार्टम किया गया जिसमें महिला से मारपीट की घटना सामने आई। परिजनों से लिए गए बयान में जानकारी मिली की मृतका के पति संपत ने उससे घरेलू विवाद को लेकर जमकर मारपीट की थी जिसके बाद ही उसे अस्पताल दाखिल किया गया था। मारपीट में लगी गहरी चोट से अंततः महिला ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने पुलिस को दिए बयान में पुष्टि की कि महिला से उसके पति ने मारपीट की थी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल से प्राप्त जानकारी पर बसंतपुर पुलिस ने जांच उपरांत कार्रवाई करते हुए आरोपी सम्पत गणवीर (44) निवासी प्रभात नगर के विरूध धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

राजनांदगांव। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# राम दरबार मंदिर हाईवे रोड से 8 मवेशी पकड़े

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सड़क दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज राम दरबार मंदिर से हाईवे रोड में 8 घुमंतु एवं बैठे मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस पहुंचाया गया। मवेशियों को पकड़ने कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार निगम आयुक्त ने उपायुक्त मोबिन अली के नेतृत्व में नगर निगम की टीम गठित की है। गठित टीम द्वारा मवेशी धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है। नगर निगम की घुमंतू मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक चौराहो से मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। राम दरबार मंदिर से हाईवे रोड में 8 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है एवं उन्हें छोड़ने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोड़ा जायेगा।

### सीसी रोड निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अमलीडीह के वार्ड मांक 8 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 98 हजार रूपए एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम चारभाठा कु सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

# युवक देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार



राजनांदगांव। बसंतपुर पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर साइबर टीम की सहायता से आरोपी रविकांत सोनी (24) निवासी सृष्टि कॉलोनी को देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया है। जानकारी दी गई कि उक्त युवक कुछ लोगों को कट्टे से डरा रहा था। आरोपी के खिलाफपुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्यवाही कर उसे न्यायायिक रिमाण्ड पर भेजा है।

### पंजीयन के लिए 31 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिनकी पंजीयन की वैधता समाप्त हो गई है तथा पंजीयन नवकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है, ऐसे निर्माण श्रमिक 31 दिसम्बर 2024 तक पंजीयन व नवकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकत हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि निर्धारित तिथि के पश्चात अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र के टोल फ्री नंबर 0771-3505050 पर संपर्क कर सकते हैं।

# संगीत विश्वविद्यालय कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के कार्यकारिणी समिति की बैठक विगत 23 अगस्त को संभागायुक्त और कुलपति सत्य नारायण राठौर की अध्यक्षता में विश्विद्यालय के प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में आयोजित की गई। उक्त बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिए गये। कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय अन्तर्गत शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु अतिथि व्याख्याता, अतिथि शिक्षण सहायक एवं संगतकारों की नियुक्ति को अनुमोदित किया गया। समिति ने विश्विद्यालय में कार्यरत शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों के सातवें वेतनमान कि एरियर्स राशि के भुगतान को अनुमोदित किया। विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय महिला छात्रावास हेतु पहुँच मार्ग, छात्रावास में बड़े कक्षों का पार्टीशन एवं विभिन्न भवनों में शेड निर्माण को सैद्धांतिक सहमति दी गई। समिति की बैठक में सदस्यगण के रूप में अधिष्ठातागण प्रोफेसर डॉ मृदुला शुक्ल, प्रोफेसर नीता गहरवार, प्रोफेसर राजन यादव, प्रोफेसर नमन दत्त व डॉ योगेन्द्र चौबे, डॉ दिलीप षड़ंगी, लोक कलाकार, डॉ अभ्रादिता बैनर्जी, प्राचार्य, नाट्यवेदा कॉलेज ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स, तिरुवनंतपुरम और कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री कार्यालय एवं प्रभारी मंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों को गंभीरता से लें : कलेक्टर

## खाद की काला बाजारी पर रखें पैनी नजर रखने के आरोप

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री के कार्यालय से प्राप्त पत्रों को बेहद गंभीरता से लें। प्राप्त सभी पात्रों को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री द्वारा पूर्व में लिये गये बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए शीघ्र लक्ष्य पूर्ति करने एवं निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

कलेक्टर ने जिले में कुपोषण को एक अभियान चलाकर पूर्ण रूप से समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कुपोषण को समाप्त करने के लिए जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषणयुक्त आहार का वितरण करना सुनिश्चित करें। बच्चों की वजन एवं स्वास्थ्य परीक्षण नियमित अंतराल में करें। कुपोषित बच्चों का पोषण ट्रैकर ऐप में डाटा एंट्री करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कुपोषण एवं स्वास्थ्य के संबंध में वास्तविक जानकारी संकलित किया जा सके।

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों की समय सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करें। लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### खाद की जानकारी ली

कलेक्टर जयवर्धन ने सोसाइटीयों में खाद की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में कहीं भी खाद की कालाबाजारी की शिकायत ना मिले, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद की बिक्री होने पर भी नियमानुसार कार्रवाई करें। राजस्व अधिकारियों को निजी खाद विक्रेताओं की खाद्य भंडारण और विक्रय पंजी की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

## कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त हुए 41 आवेदन

# जनदर्शन में ग्राम जेठेगांव के ग्रामीणों ने की वन अधिकार पट्टा दिलाने की मांग

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों के मांगें एवं समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जेठेगांव के ग्रामीणों ने वन अधिकार पट्टा दिलाने मांग की, जिस पर कलेक्टर ने वन विभाग को समस्याओं के निराकरण हेतु कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए अग्रेषित किया। कलेक्टर जनदर्शन में आज कुल 41 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत परतापुर के आश्रित ग्राम माहला से आए ग्रामीणों ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में यू-डाईस कोड पुनः चालू करवाने की, जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार कांकेर विकासखण्ड के ग्राम कोदागांव के चन्द्रहास ने भू-अभिलेख में नाम सुधरवाने हेतु, अलबेलापारा वार्ड के पार्षद उगेश्वरी उईके ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण करने की शिकायत की। इसी तरह भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम बैजनपुरी की स्वसहायता समूह की महिलाओं ने भवन दिलाने, ग्राम आसुलखार के ग्रामीणों ने ग्राम अलवरखुर्द से आसुलखार मार्ग में पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत बैजनपुरी अंतर्गत अटल चौक से नेतामपारा तक सड़क निर्माण, ग्राम माहला के ग्रामवासियों ने कोयलीबेड़ा मुख्य मार्ग से बाजार हटवारा तक सड़क डामरीकरण, चारामा विकासखण्ड के ग्राम खरथा के ग्रामीणों ने आर.सी.सी. सड़क निर्माण तथा ग्राम पंचायत उड़कुड़ा के गायतापारा को राजस्व ग्राम घोषित करने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रेषित किया।

# पुलिस ने की होटल ढाबा व लॉज की जांच



राजनांदगांव। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला अंतर्गत शराब दुकानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं बाहर से आए सामान बेचने वालों का फिंगर प्रिंट व चरित्र सत्यापन किया गया। साथ ही जिले में संचालित होटल, ढाबा व लॉज की चेकिंग किया गया। साथ ही होटल व लॉज संचालकों को संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी देने हिदायत दिया गया। केसीजी जिला के थाना क्षेत्रांतर्गत संचालित देशी शराब दुकान, विदेशी शराब दुकान में कार्यरत सभी कर्मचारियों का फिंगर प्रिंट लिया गया व चरित्र सत्यापन किया गया। इसके अलावा बाहर से सामान बेचने आए बाहरी व्यक्तियों का फिंगर प्रिंट लिया गया। वहीं होटल, लॉज व ढाबा को चेक किया गया। जिले में लगातार बाहर से आए सामान बेचने वाले लोगों का फिंगर प्रिंट लेकर मुसाफिर चेक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपील किया गया कि यदि किसी भी सामान बेचने वाले बाहरी अथवा संदिग्ध व्यक्ति के बारे में पता चलता है तो तत्काल नजदीकी थानों अथवा जिला कंट्रोल रूम नंबर 9479247401 पर सूचित करे, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके।

# जशपुर जिला अस्पताल में 29 डॉक्टर्स पदस्थ, इसके बाद भी भाजपा नेता वार्ड-15 की पार्षद अंजेला 3 घंटे इंतजार के बाद लौटी वापस

## ड्युटी को लेकर गैर जिम्मेदारी अब भी हावी, मॉनीट्रिंग की कमी से बढ़ रही लापरवाही

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जिला अस्पताल जशपुर में कुछ पुराने डॉक्टर्स का तबादला करने और नए डॉक्टर्स के आने के बाद विशेषज्ञ और चिकित्सा अधिकारियों की संख्या 29 पहुंच गई है। हैरत की बात यह है कि इतने डॉक्टर्स की भीड़ होने के बाद भी जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है और डॉक्टर के नहीं आने के बाद उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। मंगलवार को दो दिन अस्पताल बंद रहने की वजह से मरीजों की सुबह से ही भीड़ थी, लेकिन कुछ डॉक्टर्स के अस्पताल नहीं पहुंचने की वजह से मरीजों को और उनके परिजनों को परेशान होना पड़ा। वे घंटो डॉक्टर के आने का इंतजार करते रहे लेकिन डॉक्टर छुट्टी होने के समय दोपहर 1 बजे तक भी अपने टेबल तक नहीं पहुंच सके।

**समय को लेकर गंभीरता नहीं** -जिला अस्पताल में डॉक्टर्स के आने का समय प्रथम पाली में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। वहीं निर्धारित समय पर अधिकांश डॉक्टर्स नहीं पहुंचते हैं। वहीं आने में देरी और जाने में जल्दी डॉक्टर्स का रोज का काम है। 1 बजे से पहले ही 12 से 12.30 तक कुर्सियां खाली होने लगती है। मंगलवार को भी कुछ ऐसा ही होता रहा।

**केस - 1**-जशपुर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-15 की पार्षद अपनी भतीजी नैंसी खेस्स का ईलाज कराने जिला अस्पताल पहुंची थी। उन्होंने पायनियर से चर्चा करते हुए कहा वे सुबह से 11 बजे से डॉक्टर भूपेश भगत के इंतजार में कमरा नंबर-1 में खड़ी रहीं। उन्होंने डॉक्टर के नंबर पर फोन भी किया लेकिन कोई बातचीत नहीं हुई। 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक वे डॉक्टर का इंतजार करते रहे और अंत में दूसरे डॉक्टर को दिखाकर वापस लौटे। अंजेला ने कहा, मरीज परेशान हो रहे हैं।

**केस - 2**-2.5 साल की मरीज नित्या रानी के माथे में चोट लगी है। माथा पंखे से टकराकर कट चुका है। उसे टांका लगाकार पट्टी बांधा गया है। उसके पिता उसे लेकर डॉक्टर के इंतजार में कमरा क्रमांक-1 में खड़े रहे। लंबा वक्त गुजर जाने के बाद भी डॉक्टर से मुलाकात नहीं हो सकी। अंततः वे दूसरे कक्ष में जाकर किसी दूसरे डॉक्टर से बमुश्किल बातचीत कर अपना काम कराया।

**केस - 3**-मरीज प्रकाश साय भी डॉक्टर से मिलने कमरा नंबर-1 में पहुंचे लेकिन उनकी मुलाकात भी डॉक्टर से नहीं हो सकी। उन्हें मेडिसिन वाले डॉक्टर एसएल सिद्धार्थ ने दूसरे डॉक्टर के पास इलाज के लिए भेजा था।

> डॉक्टर्स नियमित अपनी ड्युटी में रहें और अपनी सीट पर मरीजों को मिलें इसके लिए नियमित निगरानी की जरूरत है। सुधार किया जाएगा।
>
> **डॉ.विपीन इंदवार, सीएस**
> **जिला अस्पताल जशपुर**

# सीएम की पहल पर राशन लेने 8 कि.मी. पदयात्रा से मिली मुक्ति

## मड़ियाझरिया में पीडीएस दुकान संचालन करने की मिली स्वीकृति

- ग्रामीणों ने जताया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




बगिया स्थित सीएम कैम्प कार्यालय की पहल पर मड़ियाझरिया में सार्वजनिक राशन वितरण दुकान (पीडीएस) संचालित करने का आदेश बगीचा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने जारी कर दिया है। इससे ग्रामीणों को राशन लेने के लिए 8 किलोमीटर की दौड़ लगाने से बड़ी राहत मिली है। इस पहल के लिए ग्रामीणों ने सीएम कैम्प कार्यालय का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापन सौंपा है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व ही जिले के कांसाबेल ब्लाक के ग्राम पंचायत केनाडांड़ के आश्रित ग्राम मियाझरिया से आए ग्रामीणों ने सीएम कैम्प में ज्ञापन सौंपा था। इसमें उन्होंने बताया था कि उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत, सरकार द्वारा दिया जाने वाला राशन लेने के लिए हर महिने 8 किलोमीटर की दौड़ लगानी होती है। भीषण गर्मी के महिना हो या बरसात का,मौसम का मार झेलते हुए वे चेटबा, ठूठरूडांड़ पार कर बंदरचुआं पहुंचते भी है लेकिन शाम हो जाने के कारण उन्हें कई बार खाली हाथ लौटा दिया जाता है। इस समस्या को देखते हुए उन्होनें मियाझरिया में ही राशन दुकान संचालित करने का अनुरोध किया था। इस पर कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत ने प्रशासन को प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव का निरीक्षण कर, खाद्य विभाग प्रशासन को प्रतिवेदन भी भेज चुकी है। लेकिन गाँव में दुकान का संचालन शुरू नहीं हो पाया था । इससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी।सीएम कैंप कार्यालय ने ग्रामीणों इस समाधान को निराकरण के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया था, जिस पर जिला प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए अब एसडीएम के आदेश के बाद, मड़ियाझरिया में जल्द ही सरकारी राशन दुकान का संचालन शुरू हो जाएगा। ग्रामीणों को अपने गांव में ही अब राशन मिल जायेगा,जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

# विश्व शांति और सौहार्द्र का प्रतिक है जन्माष्टमी महापव : कौशल्या साय

## पमशाला के श्रीकृष्ण राधा मंदिर में आयोजित जन्माष्टमी समारोह में शामिल हुईं

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



ईब नदी के पावन धारा के तट में स्थित कंवरधाम के श्रीकृष्ण राधा मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म महोत्सव जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्म पत्नी कौशल्या साय की उपस्थित में भगवान श्रीकृष्ण को माखन और मिश्री का भोग लगा कर, पूजा अर्चना की गई। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले के साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे थे। जन्माष्टमी के अवसर पर कंवरधाम को विशेष रूप से सजाया गया था। जन्माष्टमी महापर्व का शुभारंभ सोमवार की शाम को 6 बजे भजन कीर्तन के साथ हुआ। स्थानीय रामायण मंडली के कलाकारों ने भक्तिसंगीत के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीला का वर्णन कर,श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कौशल्या साय ने पमशाला के राधा कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की विधि विधान से पूजा अर्चना कर,प्रदेश और प्रदेशवासियों की खुशहाली और तरक्की के लिए प्रार्थना की। उन्होनें कहा जन्माष्टमी का पर्व हमें आपस में मिलजुल कर सौहार्द्र पूर्वक रहने की शिक्षा देता है। कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाते हुए प्रसिद्ध कथावाचिका किशोरी राजकुमारी तिवारी ने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का धरती में अवतरण अधर्म और पाप का नाश कर,धर्म और विश्व शांति की स्थापित करने के लिए हुआ था। उन्होनें बाल्यकाल से लेकर द्वारिका में शासन करने तक जो भी लीला रची,उन सभी में गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इन रहस्यों को जो समझना और उसके अनुसार आचरण करना ही मानव धर्म है। उन्होनें कहा कि ईब नदी के तट पर,कंवरधाम में जन्माष्टमी के इस पावन अवसर पर हम सबको भगवान श्रीकृष्ण के बताएं मार्ग पर चलने का संकृप लेना चाहिए। जन्माष्टमी के अवसर पर पमशाला में आयोजित दही कादो का श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद उठाया।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण कथा विश्व कल्याण महायज्ञ का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर के झिलमिला वार्ड नं 9 रामचंडी सामाजिक भवन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पावन पर्व के उपलक्ष्य में छ. ग.प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा,स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरुकुल कटंगपाली व स्थानीय आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में वेद प्रचार अभियान के अंतर्गत विशुद्ध श्री कृष्ण कथा विश्व कृयाण महायज्ञ एवं स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरुकुल के नव प्रवेशित ब्रह्मचारियों का उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया जो कि डॉ. अजय आर्य वैदिक प्रवक्ता भिलाई के ब्रह्मत्व में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । इस अवसर पर सभा के कोषाध्यक्ष जगबंधु शास्त्री, पुरोहित ईश्वरचंद शास्त्री एवं स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरुकुल कटंगपाली के संस्थापक पूज्य स्वामी रविन्द्र दास महाराज,अध्यक्ष ऋषि राज आर्य कोषाध्यक्ष नंदलाल यादव समेत गुरुकुल संचालन समिति के समस्त पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। डॉ.अजय आर्य ने योगीराज भगवान श्री कृष्ण जी के निर्मल और स्वच्छ जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को संबोधित किया साथ ही स्वामी जी महाराज का भी आशीर्वचन प्राप्त हुआ उन्होंने अपने उद्बोधन में गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली एवं मातृ शक्ति के जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए गुरुकुल से जुड़कर स्वामी सुमेधानंद जी महाराज के घर घर यज्ञ हो के संदेश को प्रसारित किया। पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संचालन ऋषि राज जी ने किया तथा भगवान श्री कृष्ण जी के जीवन पर आधारित भजनों की सरिता बहाकर सबको आह्लादित किया। इसके साथ ही दयानंद मठ चंबा हिमाचल प्रदेश की शाखा स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरुकुल कटंगपाली से लोगों को जुड़ने हेतु आह्वान किया और पूज्य चरणों का आभार व्यक्त किया।

# गर्ल्स अंडर-19 क्रिकेट टीम में जशपुर जिले का दबदबा, 16 सदस्यों की टीम में जिले से 13 खिलाड़ियों का चयन



पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 के लिए सरगुजा संभाग (सरगुजा, मनेन्द्रगढ़, कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर और जशपुर) गर्ल्स अंडर-19 क्रिकेट टीम में जशपुर जिले से 13 खिलाड़ी एक साथ चयनित होकर स्कूल एवं जिले का नाम रोशन किया है। चयनित खिलाड़ियों में आकांक्षा रानी, अमिषा लकड़ा, सुप्रिया मिंज, गायत्री बाई, संतोषी बाई, साक्षी यादव, स्वीटी तिर्की, आरती बाई, जिज्ञासा कुजूर, संगीता भुंईहर, अजन्ती बाई, अंजू सिंह और रितू भगत का नाम शामिल है। गर्ल्स क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि के पीछे बीसीसीआई के जिला सेक्रेटरी अनिल श्रीवास्तव, कोच संतोष कुमार, अधीक्षिका पंडरी बाई और सर शंकर सोनी का अथक परिश्रम, लगन और बेहतर मार्गदर्शन का परिणाम है। सभी चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जय माधव जय यादव के जयकारे से गुंजायमान हो उठी लौहनगरी



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर यादव समाज किरंदुल की मातृशक्तियों द्वारा लक्ष्मणपुर कैम्प से गजराज कैम्प तक कलश यात्रा निकाली गई तथा इस दौरान यदुवंशियों द्वारा पारंपरिक राउत नाचा की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। गजराज कैम्प में यदुवंशियों, नगरपरिवार के श्रद्धालुजनों ने एकत्रित होकर भगवान श्रीकृष्ण, गौमाता, नन्दी महाराज की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए दही हांडी फोड़ का आयोजन किया गया। यादव समाज के नगर अध्यक्ष राजेंद्र यादव, सचिव लक्ष्मिता यादव, सविता यादव द्वारा कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन पर समाज के समस्त सदस्यों, नर्तक दल, आयोजन की तैयारी हेतु समर्पित समस्त यदुवंशियों को धन्यवाद ज्ञापित कर सामाजिक एकजुटता के लिए आभार व्यक्त करते हुए भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# दोस्तों के साथ नहाने पहुंचा बालक पानी के तेज बहाव में बह गया, कई घंटे खोजबीन के बावजूद नहीं मिला

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में सोमवार की शाम चार दोस्तों के नहाने गए एक बालक की नदी में डूब गया। घटना की जानकारी के बाद पुलिस एवं गोताखोरों की टीम युवक की पतासाजी में लगी हुई है। उक्त घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दरोगापारा निवासी पप्पू चौहान पिता प्रकाश चौहान 17 साल कल शाम अपने चार दोस्तों के साथ नहाने के लिये ग्राम गोवर्धनपुर के पास स्थित पचधारी गया हुआ था। जहां नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से युवक गहरे पानी में डूब गया। युवक को गहरे पानी में डूबता देख उसके साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन उसे बचा नही सके। जिसके बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी परिजनों के अलावा पुलिस को दी। कल शाम से मंगलवार की सुबह तक सिटी कोतवाली पुलिस एवं गोताखोरों की टीम कई किलोमीटर तक रेस्क्यू किये जाने के बावजूद नदी में डूबे युवक का कहीं पता नही चल सका है।

**बढ़ा हुआ है नदी का जल स्तर**-पिछले तीन दिनों से उपरी क्षेत्र में हो रही बारिश की वजह से केलो नदी जल स्तर बढ़ा है। जिससे केलो नदी में बाढ़ जैसे हालत है। साथ ही साथ केलो डेम के तीन गेट खोल दिये गए थे जिससे पचधारी के आसपास भी पानी बढा हुआ था। इसी दौरान नहाने के बीच युवक गहरे पानी में डूब गया है।

**डेम के गेट बंद करने कहा गया**-बताया जा रहा है सोमवार की शाम से केलो नदी में डूबे युवक की मंगलवार की सुबह से दोपहर तक खोजबीन करने के बावजूद युवक की कहीं पता नही चलने के बाद केलो डेम के गेट बंद करने को कहा गया है ताकि केलो नदी में जलस्तर कम होते ही नदी में बहे युवक को ढूंढने में आसानी हो सके।

**सुबह पांच बजे से की जा रही खोजबीन**-इस संबंध में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने बताया कि कल शाम 5 बजे पप्पु चौहान अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ पचधारी डेम नहाने गया हुआ था। जहां पानी के तेज बहाव में पप्पु चौहान बह गया। कल शाम के बाद आज सुबह पांच बजे से लापता युवक की पतासाजी की जा रही है। पुसौर तक नदी किनारे रहने लोग ग्रामीणों को अर्लट कर दिया गया है।

**प्रतिबंधित इलाका है पचधारी**-गोवर्धनपुर में स्थित पचधारी डेम में नहाने को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। हर साल पानी में डूबने से इस जगह में लोगों की मौत होते रही है। प्रतिबंध के बावजूद कुछ लोगों के द्वारा लापरवाही बरतते हुए यहां नहाने पहुंचते है। बीच-बीच में पुलिस के द्वारा कुछ लोगों पर कार्रवाई भी की जा चुकी है।

# नगर के सुप्रसिद्ध शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति विद्यालय में मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के नगर पंचायत लवन स्थित सुप्रसिद्ध शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व विद्यार्थियों एवं पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाए गए ।विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने भगवान श्री कृष्ण एवं माता राधा के वेशभूषा में श्रृंगार कर आकर्षक प्रस्तुति दिये इसके अलावा पहली दूसरी कक्षाओं की विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लिए।शिक्षक-शिक्षिकाओ ने बच्चों को तैयार करने में कड़ी मेहनत का परिचय दिये। संस्था के प्रमुख सलाहकार एवं मार्गदर्शक देवेंद्र सोनवानी एवं संस्था की संचालिका लक्ष्मी सोनवानी ने श्रमजीवी पत्रकार कृयाण संघ के जिला बलौदाबाजार संगठन प्रभारी गोलू कैवर्त को चर्चा में बताया कि प्रति वर्ष की भांति भी इस वर्ष विद्यालय परिवार भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन को यादगार के रूप में मनाते आ रहे हैं जिसकी तैयारी बच्चों एवं पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पूर्व दिनों से ही करते आए हैं जिसके कारण ही कार्यक्रम सुचारू रूप से सफ्लता का नित नए कीर्तिमान स्थापित किये।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING)
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL)** Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
e-mail :ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Website :www.cspc.co.in Phone No. : 0771-2574581 Fax No. : 0771-2574146

**No./04-01/Trans./Works/1683** **Raipur, dtd: 23.08.2024**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:- 1.**Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/46, Rfx No.- 8100038225:-** Construction of AUX. foundation, cable trench & X-mer tray for 03 Nos. new 105 MVA, X-mer at 400 KV S/s Khedamara.; **NIT Value:-**Rs. 10.33 Lakhs **& EMD:-**Rs. 10,400/-, **Completion Period:-** 02 Months. **2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/47, Rfx No.- 8100038490:-** Construction of 2.40 M high boundary wall in place of old damage boundary wall of colony premises with 02 NO. steel gates at 132/33 KV S/S, Rajnandgaon.; **NIT Value:-**Rs. 8.42 Lakhs **& EMD:-**Rs. 8,500/-, **Completion Period:-** 03 Months. **3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/48, Rfx No.- 8100038685:-** Construction of 01 No. additional 33 KV feeder bay for M/s Kusum Smelters Pvt. Ltd. at 132 KV S/s Pathariya.; **NIT Value:-** Rs. 9.78 Lakhs **& EMD:-**Rs. 9,800/-, **Completion Period:-** 02 Months. **4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/49, Rfx No.- 8100038837:-** Construction of 01 No. 132 KV feeder bay at 132/33 KV S/s., Rasmada for providing grid connectivity to M/s Godawari Power & Ispat Ltd. for their upcoming 70 MWP (50 MW-AC) solar plant.; **NIT Value:-**Rs. 15.43 Lakhs **& EMD:-**Rs. 15,500/-, **Completion Period:-** 02 Months. **5.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/50, Rfx No.- 8100038838:-** Construction of 01 No. 132 KV feeder bay at 132/33 KV S/s., Rasmada for providing grid connectivity to M/s Suvidhi Ispat Pvt. Ltd. for their upcoming 25 MW power plant.; **NIT Value:-**Rs. 14.92 Lakhs **& EMD:-**Rs. 15,000/-, **Completion Period:-** 02 Months. **6.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/51, Rfx No.- 8100038835:-** Construction of 1 No. 132 KV feeder bay for providing grid connectivity to M/s Raipur power & Steel Ltd. at 132 KV S/s., Rasmada.**NIT Value:-**Rs. 20.71 Lakhs **& EMD:-**Rs. 20,800/-, **Completion Period:-** 02 Months. **7.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/52, Rfx No.- 8100038861:-** Construction of 01 No. 33 KV dedicated feeder bay in respect of existing consumer M/s ABIS Export (India) Pvt. Ltd. Village-Amlidih Tehsil-Dongargaon Distt. Rajnandgaon at 132/33 KV S/s Dongargaon. **NIT Value:-**Rs. 7.64 Lakhs **& EMD:-**Rs. 7,700/-, **Completion Period:-** 01 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 46, 47, 48, 49, 50, 51 & 52 is Rs.590/- (i/c GST)** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt.18.09.2024 for Sl. No.- 46, 47, 48. dt.19.09.2024 for Sl. No.- 49, 50 and dt.20.09.2024 for Sl. No.- 51, 52.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.

samvad-41244/3 **(K.S. Ramakrishna)**
**//Save Electricity//** **Chief Engineer (Civil) CSPTCL, Raipur**

## आरोपियों से 6 तोला समेत कुल कीमती 5,60,000 /- (पांच लाख साठ हजार रुपए) का माल जप्त

# पटवारी के मकान का ताला तोड़कर सोने का जेवर चोरी करने वाले और उसे खरीदने वाले समेत 4 हुए गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



रविकान्त सोनी उम्र 34 वर्ष निवासी प्रेमनगर पत्थलगांव निवासी ने 16 जुलाई को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह ग्राम पाकरगांव में पटवारी के पद पर पदस्थ है और वह 9 जुलाई को सुबह 11:30 बजे प्रेमनगर पत्थलगांव स्थित अपने निजी मकान को ताला लगाकर अपने ससुराल लातेहार झारखंड गया था तथा इसका छोटा भाई जो रायगढ़ रोड पत्थलगांव में रहता है देख-रेख करने बोला था, 15 जुलाई को दिन करीबन 11:00 बजे इसका छोटा भाई ने मोबाईल फोन से बताया कि इसके मकान का दरवाजा का कुंदा टूटा हुआ है, अलमारी खुला हुआ है बताया तब यह वापस आकर देखा तो अलमारी में रखा लटकन 06 नग, लाकेट 04 नग, अंगुठी 1 नग, चैन 1 नग, नथिया 1 नग, झुमका 2 नग, नेकलेस 1 नग सभी सोने का कीमती रू. 2,63,019 /- को कोई अज्ञात व्यक्ति घर का दरवाजा का कुंदा को तोड़कर घर अंदर प्रवेश कर अलमारी का लॉक तोड़कर चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर धारा 305, 331 (4) भा.न्या.सं. का अपराध घटित होना पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**इस तरह पकड़े गए आरोपी** -पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा स्थानीय मुखबीर तंत्र को एक्टिव कर प्रकरण की बारीकी से विवेचना कर आरोपियों की पतासाजी करने के निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देश के परिपालन में पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपी माल मशरूका का पतासाजी किया जा रहा था कि मुखबिर सूचना पर संदेही आरोपी अनुज टंडन निवासी प्रेमनगर पत्थलगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि 13-14 जुलाई की दरम्यानी रात्रि में यह तथा इसका साथी मुकेश नामदेव उर्फगोलू मिलकर प्रार्थी के मकान दरवाजा का ताला तोड़कर उपरोक्त मशरूका को चोरी कर अपने पहचान के मनोज सिंह निवासी दर्रापारा पत्थलगांव को चोरी का मशरूका बिक्री करने के लिए सम्पर्क कर तुलसी सोनी निवासी बर्फ फैक्ट्री गली पत्थलगांव के पास चोरी की कुछ मशरूका को 2,93,000 /- रूपये में बिक्री किये हैं बताये एवं आरोपी अनुज टंडन के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर अन्य सहयोगी आरोपियों को भी हिरासत में लेकर आरोपियों के मेमोरेण्डम कथनानुसार आरोपियों से सोने का 01 नग हार, 01 नग नथनी, 01 नग चैन, 02 नग कान का झुमका, 01 नग अंगूठी, 01 नग मंगलसूत्र का लाकेट, 01 नग लाकेट, घटना में प्रयुक्त 01 नग पेचकस, चोरी का सोना बेचकर खरीदा गया 01 नग स्कूटी, नगदी रकम 30000 रू. कुल कीमती 5,60,000 /- (पांच लाख साठ हजार रुपए) को गवाहों के समक्ष 26 अगस्त को जब्त किया गया है। प्रकरण में धारा 317 (2), 3 (5) भा.न्या.संहिता जोड़ा गया है। प्रकरण के सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से पाये जाने से उन्हें 26 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

**इन्हें मिली कामयाबी** -प्रकरण की विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, निरीक्षक विनित पाण्डेय, उप निरीक्षक नशीरूद्दीन अंसारी, उप निरी. अर्जुन यादव, सउनि हरिराम टंडन, आर. 558 तुलसी रात्रे, 546 ताराचंद मिरेन्द्र, आर. अनंत मिराज किस्पोट्टा, आर. 08 पदुम वर्मा, 383 आशीशन टोप्पो, आर. 344 विरेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

> 'पुलिस द्वारा Human Int. (स्थानीय मुखबीर तंत्र) की सहायता से अत्यंत सूझबूझ से कार्य करते हुए उक्त प्रकरण के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया गया है, उक्त प्रकरण में सम्मिलित सभी अधिकारी/कर्मचारियों को नगद इनाम से पुरस्कृत किया गया है।
>
> **शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# अन्याय के विरुद्ध लड़ना सबसे बड़ा धर्म : मुख्यमंत्री साय

## कृष्ण लीला हमें सिखाती है जीवन जीने की कला





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित अवधपुरी मैदान में आयोजित विशाल दही हांडी उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दही हांडी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपनी लीला से हमें जीवन जीने की कला सिखाई है। महाभारत में श्री कृष्ण ने अन्याय के विरुद्ध लड़ने का संदेश दिया। अन्याय के खिलाफ लड़ना ही सबसे बड़ा धर्म है। भगवान श्री कृष्ण ने हमें कर्म की प्रधानता की शिक्षा दी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि श्री कृष्ण प्रकृति प्रेमी थे। जब हम भगवान कृष्ण को याद करते हैं तो हमें यमुना नदी का किनारा याद आता है, बांसुरी की तान याद आती है और गौ माता का झुंड याद आता है। सनातन धर्म में प्रकृति की पूजा की जाती है। पीपल, बरगद आदि वृक्षों को पूजनीय माना गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। मैं सभी से अनुरोध करता हूँ कि वे अपनी माँ के नाम से एक पेड़ जरूर लगाएं। भगवान कृष्ण के प्रति भी हमारी सच्ची श्रद्धा तभी प्रकट होगी, जब हम एक पेड़ मां के नाम लगाकर प्रकृति के प्रति अपना दायित्व पूरा करेंगे। विशाल दही हांडी कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आयी गोविंदा टोलियों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री साय ने दही हांडी फोड़ कर गोविंदा टोलियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक किरण सिंहदेव, ईश्वर साहू, गुरु खुशवंत साहेब, मोतीलाल साहू तथा स्वामी राजीव लोचन जी महाराज, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, बसन्त अग्रवाल और आयोजन समिति के सदस्यगण सहित विशाल जनसमूह उपस्थित था।

# श्री रामलला दर्शन योजना : छत्तीसगढ़ के 850 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना, श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का भी करेंगे दर्शन

## राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर शुरू की गई श्री रामलला दर्शन योजना के तहत चलाई जा रही विशेष ट्रेन आज रायपुर रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-07 से रवाना हुई। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस विशेष ट्रेन से 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। श्रद्धालुगण भगवान राम का जय-जयकार करते हुए अयोध्या धाम के लिए निकल चुके हैं। ट्रेन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में श्री रामलला के दर्शन को जा रहे है। इस दौरान विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक रंजना डीपेन्द्र साहू, नन्दे साहू, पूर्व अध्यक्ष सीएसआईडीसी छगनलाल मुंदड़ा सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। रामलला दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री रामलला दर्शन के लिए योजना की शुरूआत की है। इसके लिए मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत धन्यवाद। अयोध्या के दर्शन हम जैसे लोगों के लिए असंभव था, लेकिन मुख्यमंत्री की पहल पर आज हमें अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन संभव हुआ है। अयोध्या के लिए रवाना हो रहे है और हमें बहुत खुशी हो रही है। अयोध्या में श्री रामलला के भव्य और सुंदर मंदिर बनाए गए है। श्री रामलला के दर्शन के लिए यात्रा से बहुत खुशी हो रही है। यात्रा के दौरान हम सभी को काशी विश्वनाथ जी के दर्शन का लाभ भी प्राप्त होगा। यात्रा को लेकर यात्रियों में उत्साह का माहौल देखा गया।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने लिया छात्रों से कोचिंग सेंटर का फीडबैक

## छात्रों से की बातचीत और ऑनलाइन जुड़कर दिए महत्वपूर्ण जानकारी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट के मल्टीलेवल पार्किंग स्थित ऑनलाइन कोचिंग सेंटर में पहुंचे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने ऑनलाइन क्लास में जुड़े छात्रों से कोचिंग सेंटर के बारे में फीडबैक लिया। कलेक्टर ने छात्रों से बातचीत की और कोचिंग सेंटर से मिलने वाले लाभ के बारे में पूछा। साथ ही कलेक्टर ने छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। कलेक्टर ने कोचिंग सेंटर का निरीक्षण भी किया और क्लास रूम के इको सिस्टम को सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक छात्रों को कोचिंग सेंटर से जोड़कर लाभ दिए जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि रायपुर जिले में अलग-अलग स्थानों में कोचिंग सेंटर शुरू की गई है। जहां पर ऑनलाइन क्लासेस के माध्यम से छात्रों को पढ़ाया जाता है। अभी जेई और नीट की अध्ययन कराई जाती है। शाम 4 बजे से ऑनलाइन क्लास में पढ़ाया जाता है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# आयुक्त ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य देखा, शत-प्रतिशत घरों से व्यवस्थित कचरा कलेक्शन करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 4 के तहत पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड नम्बर 57 के क्षेत्र कटोरा तालाब, पेंशनबाड़ा सहित अन्य स्थानों पर रामकी कंपनी द्वारा की जाने वाली डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण जोन 4 जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर एवं महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं की उपस्थिति में किया। आयुक्त ने डोर कचरा कलेक्शन के कार्य की जानकारी घरों में जाकर नागरिकों से चर्चा कर जानकारी ली। आयुक्त ने महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। आयुक्त को जानकारी दी गयी कि वार्ड 57 के क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में घरों से प्रतिदिन नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य हो रहा है। नागरिकों से घरों से सूखा एवं गीला कचरा पृथक-पृथक लिया जा रहा है। आयुक्त ने नागरिकों से चर्चा कर उन्हें प्रतिदिन गीला एवं सूखा कचरा पृथक करके सफाई मित्र को सफाई वाहन में देने कहा। आयुक्त ने सम्पूर्ण घरों में शत-प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य व्यवस्थित तौर पर करवाने के निर्देश दिए है।

# विधायक लता उसेंडी के द्वारा निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन




पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com

सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत ग्राम चिलपुटी के ख़ासपारा हाईस्कूल के बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण मद अंतर्गत ग्राम पंचायत चिलपुटी अंतर्गत देवडोबरा स्कूल पारा में 6 लाख की लागत से 200 मीटर सीसी सड़क का भूमिपूजन कार्यक्रम एवं प्रा. शा. जूनापानी में 3 लाख की लागत से 100 मीटर बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया, साथ ही प्राथमिक शाला जूनापानी के छात्रों द्वारा दिए गए मंच निर्माण एवं माइक सेट संबंधित मांग के आवेदन पे स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त कार्य हेतु 1 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान किया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पहुंचे बाल गोपाल के दरबार, लिया आशीर्वाद

## मेरे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है कि मैं भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर राधा कृष्ण मंदिर पहुंचा : श्याम बिहारी जायसवाल

पायनियर संवाददाता चिरमिरी
www.dailypioneer.com



चिरमिरी के गोदरी पारा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शिरकत की। श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के इस विशेष मौके पर मंत्री जायसवाल ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना की और उनकी कृपा का आशीर्वाद प्राप्त किया। दरअसल मनेंद्रगढ चिरमिरी भरतपुर जिला के मनेंद्रगढ विधानसभा से विधायक व स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद पहली बार इस कार्यक्रम पहुचे मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल जो कि कृष्ण जन्म उत्सव में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त करने पर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की। मीडिया से बातचीत के दौरान जायसवाल ने कहा, यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है कि मैं भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर राधा कृष्ण मंदिर पहुंचा हूँ। इस मंदिर की पवित्रता और भक्तों की श्रद्धा ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने भक्तों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। ज्ञात हो कि जायसवाल जिले के अन्य मंदिरों में भी भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव में शामिल हुए और जनता की सेवा में तत्पर रहें। इस मौके पर विभिन्न मंदिरों में भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे जिन्होंने स्वास्थ्य मंत्री के आगमन पर हर्ष व्यक्त किया। मंदिर में मौजूद श्री कृष्ण भक्तों ने मंत्री का आभार प्रकट किया और कहा कि उनके आगमन से जन्माष्टमी का यह विशेष पर्व और भी खास बन गया।

# प्राइवेट अस्पताल ने वसूले 1.34 लाख रुपये ज्यादा, कलेक्टर की कड़ाई के बाद मरीज़ के परिजनों को वापस किए

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में एक फोन कॉल पर समस्या का समाधान हो रहा है। जोन क्रमांक 10 तेलीबांधा निवासी भावेश बेन के परिजनों ने एक निजी अस्पताल प्रबंधन पर इलाज के दौरान ज्यादा राशि लिए जाने की शिकायत की थी। मरीज के परिजनों ने बताया कि 20 जुलाई 2024 को बेन को मोवा स्थित एसएमसी हार्ट हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी एंजियोप्लास्टी कराया गया था। जिसके लिए प्रबंधन ने उनसे आयुष्मान योजना के तहत 2 लाख 12000 रूपए की राशि ली थी। जबकि आयुष्मान योजना से महज 72200 रूपए ही ब्लाक किए गए थे। परिजनों के अनुसार उनसे 1 लाख 34 हजार रूपए ज्यादा लिए गए हैं। जिसका लेकर परिजनों ने कलेक्टोरेट के जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में फोन किया और उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए संबंधित अस्पताल से मामले की जानकारी मांगी गई। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने गलती मानी साथ ही मरीज के परिजनों को इलाज के दौरान ज्यादा ली गई राशि 1 लाख 34 हजार रूपए को नगद वापस कराया। समस्या का निदान होने पर भावेश बेन सहित उनके परिजन काफी खुश है और उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति भी आभार जताया।

# रायपुर में रंग तरंग का आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लोक पारम्परिक वाद्ययंत्रों और विभिन्न वाद्ययंत्रों की सुरमयी प्रस्तुतियों से सजी 'रंग तरंग' का आयोजन रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में 29 से 31 अगस्त को होने जा रहा है। इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह आयोजन मुक्ताकाश मंच पर प्रतिदिन संध्या 7 बजे से प्रारंभ होगा। छत्तीसगढ़ के समृद्ध लोकसंगीत और वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति के लिए 'रंग तरंग' एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

# उद्योग मंत्री देवांगन ने कोरबा में 50 लाख की लागत वाले विकास एवं निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा नगर निगम के पांच वार्डों में 50 लाख की लागत के विभिन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें वार्ड क्रमांक 23, कपिलेश्वर मंदिर, पंडित रविशंकर नगर परिसर शामिल है। वॉर्ड क्रमांक 23 पंडित रविशंकर नगर के कृष्णा नगर में जैतखाम के चारों ओर बाउंड्रीवॉल एवं गेट निर्माण कार्य लागत 5 लाख रुपए व कपिलेश्वर धाम भागवत मंच के पास शेड निर्माण लागत 10 लाख रुपए कुल 15 लाख रुपए के कार्यों के भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद जब पहली बार कपिलेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे तब माताएं और बहनों ने शेड निर्माण कराने का आग्रह की थी। तब तत्काल विधायक मद से इसकी स्वीकृति दी गई थी और आज सौभाग्य की बात है की इस बड़े कार्य का कार्य प्रारंभ हो रहा है। मंत्री देवांगन ने कहा कि कोरबा नगर निगम के सभी वार्डों में जिला खनिज न्यास मद से 5दृ5 लाख रुपए की राशि जारी की गई थी, अब सभी कार्यों का टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। मंत्री देवांगन ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री अरूण साव के मार्ग दर्शन में सभी विकास कार्य को स्वीकृति मिल रही है।

सभापति श्याम सुन्दर सोनी ने कहा कि कोरबा के विधायक और मंत्री देवांगन द्वारा चुनाव के बाद जो-जो वादें किए गए थे उन्हें तत्काल स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरबा के सभी वार्डो का समुचित विकास किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने मंत्री देवांगन का आभार भी जताया। इस अवसर पर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष हित्तानंद अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वॉर्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, मंदिर समिति की अध्यक्ष सुधा झा समेत अधिक संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री लखन लाल देवांगन से पंडित रविशंकर नगर सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल के समीप कई महत्वपूर्ण विकास कार्य की मांग की। इस मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए मंत्री देवांगन ने विधायक निधि से निर्माण करने की घोषणा की। इसी तरह वॉर्ड क्रमांक 25, पंचमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित भूमिपूजन में मंत्री देवांगन शामिल हुए। मंत्री देवांगन ने पंचमुखी हनुमान और शिवलिंग की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की।

वॉर्ड में सुभाष ब्लॉक के हनुमान मंदिर के पास पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य कुल लागत 5 लाख रुपए, बाईपास रोड पर पूर्वांचल विकास समिति के समीप बाउंड्रीवॉल से प्रेस क्लब बाउंड्रीवॉल तक बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य लागत 14.48 लाख रुपए, वार्ड 26 मुड़ापार रवि स्वीट्स के पीछे सार्वजनिक मंच का निर्माण कुल लागत 5 लाख ,वार्ड 27 गायत्री नगर में नाली निर्माण लागत 5 लाख ,वार्ड 30 मानिकपुर में मुक्तिधाम निर्माण कार्य लागत 5 लाख का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वॉर्ड क्रमांक 25 के पार्षद शैलेन्द्र सिंह, पार्षद सुफ्ल दास, धन कुमारी गर्ग, युगल केवर्त, लक्ष्मण श्रीवास, ज्योति वर्मा, सुमन सोनी, हार बाई यादव, रमा मिरि, प्रीति चौहान सहित अधिक संख्या में वॉर्डवासी उपस्थित थे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403